राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

वर्ष- 13 अंक - 100
लखनऊ, बुधवार 10 दिसंबर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



हमारे लिए विदेशी आक्रांता महान नहीं हो सकते : योगी 03

इफको सेंटर पर खाद के लिए किसानों की लगी लंबी कतारें 10

**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| | |
|---|---|
| सोना | प्रति 10 ग्राम |
| 24 कैरेट | = 1,29,590/ |
| 22 कैरेट | = 1,18,880/ |
| 18 कैरेट | = 97,230/ |
| चांदी | प्रति किलो |
| | = 1,90,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### देश के सबसे बड़े बिजली स्टोरेज प्लांट की तीसरी यूनिट शुरु

**नई दिल्ली।** बिजली कंपनी टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने उत्तराखंड के टिहरी में बने अपने 1000 मेगावॉट वाले टिहरी पंप स्टोरेज प्लांट (पीएसपी) की तीसरी यूनिट (250 मेगावॉट) को सफलतापूर्वक शुरू कर दिया है। इसका उद्घाटन केंद्रीय विद्युत तथा आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को वर्चुअल तरीके से किया। इस मौके पर उनके साथ, केन्द्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपाद नाइक और उत्तर प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा, टीएचडीसीआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सिपन कुमार गर्ग, केन्द्रीय विद्युत मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

### वोटर लिस्ट केस में सोनिया व दिल्ली पुलिस को नोटिस

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को भारत की नागरिकता हासिल करने से पहले 1980 में वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के आरोप से संबंधित मामले में मंगलवार को नोटिस जारी किया। यह नोटिस मजिस्ट्रेट अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली पुनरीक्षण याचिका पर जारी किया गया है। इस फैसले में मजिस्ट्रेट अदालत ने कथित जाली दस्तावेज़ों की मदद से वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिये श्रीमती गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश देने से इनकार कर दिया गया था। राउज एवेन्यू अदालत में पुनरीक्षण याचिका दायर कर श्रीमती गांधी के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही की मांग की गयी है। याचिकाकर्ता का आरोप है कि श्रीमती गांधी ने जाली दस्तावेज़ों की मदद से 1980 की वोटर लिस्ट में अपना नाम शामिल करवाया था।

### लखपति दीदियां देश को बना रहीं सशक्त : शिवराज सिंह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लखपति दीदियां खुद भी सशक्त हो रही हैं और देश को भी सशक्त बना रही हैं। देश में अब तक दो करोड़ से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं और हमारा लक्ष्य यह संख्या तीन करोड़ तक पहुंचाने का है। शिवराज सिंह मंगलवार को सुंदर नर्सरी में आयोजित सरस आजीविका फूड फेस्टिवल 2025 के समापन समारोह में बोल रहे थे। शिवराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के इस अभियान को तेजी से आगे बढ़ाते हुए हम जल्द ही दस लखपति दीदियों भी बनाएंगे। लखपति दीदियों के हाथों से बने विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लेने के बाद शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरस फ़ूड फेस्टिवल भारतीय संस्कृति के विविध रंगों और महिला सशक्तिकरण का ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय एकता का भी जीवंत उदाहरण है।

# इंडिगो पर सरकार हुई सख्त उड़ानों में 10 फीसदी की कटौती

**रिफंड, लगेज और यात्री सुविधा को लेकर सरकार का सख्त आदेश**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंडिगो संकट पर सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एयरलाइन को उड़ानों में 10 फीसदी की कटौती करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही कंपनी को ये कहा गया है कि वो यात्रियों सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रिफंड और लगेज जल्द से जल्द वापस लौटाए।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के राम मोहन नायडू ने मंगलवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि देशभर में बड़े पैमाने पर फ्लाइट कैंसिल की अफरा-तफरी के बीच ऑपरेशन को स्थिर करने के लिए केंद्र ने इंडिगो के रूट्स में 10 फीसदी की कटौती की है। इससे पहले इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने राम मोहन नायडू से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान पीटर एल्बर्स नागरिक उड्डयन मंत्री के सामने हाथ जोड़े नजर आए। राम मोहन नायडू ने आगे लिखा, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इंडिगो को अपने कुल रूट्स में 10 फीसदी की कटौती करने का ऑर्डर दिया है। उन्होंने कहा कि इससे एयरलाइन के ऑपरेशन्स को स्टेबल करने और आगे कैंसिलेशन कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पिछले हफ्ते इंडिगो के क्रू-मेंबर रोस्टर, फ्लाइट शेड्यूल और कम्युनिकेशन की कमी के कारण कई यात्रियों को बहुत परेशानी हुई। इसको लेकर जहां जांच और जरूरी कार्रवाई चल रही है, वहीं, एयरलाइन के टॉप मैनेजमेंट के साथ स्टेबिलाइजेशन उपायों का रिव्यू करने के लिए एक और बैठक हुई। मंत्री ने बताया कि इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स को अपडेट देने के लिए मंत्रालय में बुलाया गया था। उन्होंने कन्फर्म किया कि 06 दिसंबर तक जिन फ्लाइट्स पर असर पड़ा था, उनके 100 फीसदी रिफंड पूरे हो गए हैं। इसके बाद बाकी रिफंड और बैगेज हैंडओवर को तेजी से पूरा करने का सख्त निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि इंडिगो को बिना किसी छूट के मंत्रालय के सभी निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया गया है, जिसमें किराया तय करना और यात्रियों की सुविधा के उपाय शामिल हैं।



**इंडिगो की 1800 से ज्यादा उड़ानों का संचालन बहाल**

**नई दिल्ली।** कई दिनों के संकट के बाद एयरलाइन इंडिगो ने कहा है कि नेटवर्क में लगातार कई दिनों से सुधार के बाद उसकी सभी उड़ान सेवाएं अब सामान्य हो चुकी हैं। वेबसाइट पर प्रकाशित सभी उड़ानें अब समायोजित नेटवर्क के तहत नियमित रूप से संचालित होंगी। कंपनी के मुताबिक मंगलवार को 1800 से अधिक उड़ानें संचालित कर रही है, जो नेटवर्क में मौजूद सभी 138 स्टेशनों को जोड़ती हैं। बुधवार को लगभग 1900 उड़ानें संचालित करने की योजना है। कंपनी ने बताया कि हवाई अड्डों पर फंसे लगभग सभी बैग यात्रियों को लौटा दिए गए हैं। बचे हुए बैग जल्द पहुंचाने का काम तेजी से जारी है। इंडिगो ने रद्दीकरण पर बिना किसी सवाल के पूरी रकम वापसी की प्रक्रिया भी आसान कर दी है। इसके लिए ग्राहक उनकी वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन मदद ले सकते हैं। इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एल्बर्स ने बताया कि 6 दिसंबर तक प्रभावित सभी उड़ानों का सौ प्रतिशत रिफंड दिया जा चुका है।

## राज्यों को उर्वरक विक्रेताओं की जमाखोरी के खिलाफ करनी चाहिए कार्रवाई : नड्डा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा कि केंद्र ने हर जगह समय पर उर्वरक पहुंचाया है, लेकिन विक्रेताओं द्वारा जमाखोरी एक समस्या है जिससे राज्यों को निपटना होगा। मंगलवार को राज्य सभा में प्रश्नकाल के दौरान भाजपा नेता किरण चौधरी के सवाल का जवाब देते हुए नड्डा ने इस दावे का खंडन किया कि भारत में 90 प्रतिशत उर्वरक चीन से आते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान झूठे हैं। सदन के अंदर एक सदस्य को यह कहते हुए सुना जा सकता है, 90 प्रतिशत से अधिक विशेष उर्वरक, लेकिन यह सच नहीं है। भाजपा की किरण चौधरी ने पूछा कि क्या केंद्र सरकार उर्वरकों की ज़रूरत का बेहतर आकलन करने के लिए फ़सल के रकबे से संबंधित उपग्रह डेटा को एकीकृत करने की योजना बना रही है। इस सवाल का जवाब देते हुए जे.पी. नड्डा ने कहा कि सरकार वर्तमान में एकीकृत उर्वरक निगरानी प्रणाली के आधार पर उर्वरक की ज़रूरतों पर नज़र रखती है, जिससे पारदर्शी और वास्तविक समय पर निगरानी संभव होती है। नड्डा ने कहा कि राज्यों को निर्माताओं, उत्पादकों और निर्यातकों के साथ सीधे संपर्क में रहना चाहिए।

## 'वंदे मातरम्' पर चर्चा आगामी पीढ़ियों को समझाएगी इसका महत्व : अमित शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि संसद के दोनों सदनों में इस अमर कृति पर विमर्श आने वाली पीढ़ियों को इसके वास्तविक महत्व, गौरव और राष्ट्रीय चेतना से जोड़ने का कार्य करेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति भक्ति, कर्तव्य और समर्पण की भावना का शाश्वत प्रतीक है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम में देश की आत्मा को जागृत किया। शाह ने कहा कि उस दौर में वंदे मातरम् देश को आजाद कराने का कारण बना था और अमृतकाल में यह देश को विकसित तथा महान बनाने का नारा बनेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वंदे मातरम् पर चर्चा को बंगाल चुनाव से जोड़ने वाले लोग इसकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता को कम आंकने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि यह विषय राजनीति से परे राष्ट्रीय गौरव का विषय है।

गृहमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम् की प्रासंगिकता उसकी रचना के समय भी थी, आजादी के आंदोलन में भी थी, आज भी है और 2047 में विकसित भारत के निर्माण के समय भी बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जहां भी देशभक्त एकत्र होते थे, उनकी हर बैठक की शुरुआत वंदे मातरम् के साथ होती थी। आज भी सीमा पर जब वीर जवान सर्वोच्च बलिदान देते हैं, तब उनकी जुबान पर एक ही शब्द होता है–वंदे मातरम्। अमित शाह ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि संसद में जब वंदे मातरम् का गान होता है, तब इंडी गठबंधन के कई सदस्य सदन से बाहर चले जाते हैं। उन्होंने 1992 का उल्लेख करते हुए कहा कि जब भाजपा सदस्य राम नाईक की पहल और लालकृष्ण आडवाणी के आग्रह पर लोकसभा में वंदे मातरम् का सामूहिक गान फिर शुरू हुआ, तब भी कई विपक्षी दलों ने इसका विरोध किया था। शाह ने बताया कि जब अंग्रेजों ने वंदे मातरम् पर प्रतिबंध लगाया, तब बंकिम बाबू ने कहा था कि उनकी सारी रचनाएं गंगा में बहा दी जाएं, लेकिन वंदे मातरम् का मंत्र सदैव जीवित रहेगा और भारत का पुनर्निर्माण इसी से होगा। उन्होंने कहा कि भारत किसी लड़ाई या वैधानिक समझौतों से नहीं बना, बल्कि इसकी सीमाओं को सदियों पुरानी संस्कृति ने गढ़ा है।



**तुष्टीकरण की राजनीति ने राष्ट्रीय गीत को भी बांट दिया**

उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति ने राष्ट्रीय गीत को भी बांट दिया। शाह ने कहा, मेरे जैसे कई लोगों का मानना है कि अगर कांग्रेस ने तुष्टीकरण की नीति के तहत वंदे मातरम् को दो हिस्सों में नहीं बांटा होता, तो देश का विभाजन नहीं होता और भारत आज भी पूरा होता। शाह ने कहा कि जब वंदे मातरम् के 50 वर्ष पूरे हुए, तब देश अभी आजाद नहीं हुआ था, लेकिन स्वतंत्रता के बाद इसकी स्वर्ण जयंती के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इसे दो अंतरों तक सीमित कर दिया, जिसे उन्होंने तुष्टीकरण की शुरुआत बताया। गृहमंत्री ने वंदे मातरम् की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, सांस्कृतिक महत्ता और इसके राष्ट्रीय प्रभाव का विस्तृत उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने 7 नवंबर 1875 को इस रचना को पहली बार सार्वजनिक किया, और कुछ ही समय में यह उत्कृष्ट साहित्यिक कृति से आगे बढ़कर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का प्रेरणास्रोत और राष्ट्रजागरण का मंत्र बन गई। उन्होंने महर्षि अरविन्द के कथन का उल्लेख करते हुए कहा, वंदे मातरम् भारत के पुनर्जन्म का मंत्र है।

## रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस पर 57 करोड़ के बैंक फ्रॉड का केस हुआ दर्ज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल), इसके प्रमोटर्स/निदेशकों और अज्ञात बैंक अधिकारियों के खिलाफ 57.47 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में आपराधिक मामला दर्ज किया है।

सीबीआई के मुताबिक, यह मामला बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शिकायत पर दर्ज किया गया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि आरसीएफएल ने आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और अन्य आपराधिक कृत्यों के जरिए बैंक को 57.47 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 25 मार्च 2020 को आरसीएफएल का लोन अकाउंट एनपीए घोषित किया था और 4 अक्टूबर 2025 को इसे फ्रॉड घोषित किया। कंपनी 31 बैंकों, वित्तीय संस्थाओं, एनबीएफसी और कॉर्पोरेट बॉडीज से कुल 9,280 करोड़ रुपये तक के लोन ले रही थी, जिनमें बैंक ऑफ महाराष्ट्र भी शामिल है। सीबीआई ने मुंबई के स्पेशल कोर्ट से तलाशी वारंट प्राप्त किए और 9 दिसंबर 2025 को आरसीएफएल के कार्यालय और निदेशक देवांग प्रवीन मोदी के पुणे स्थित आवासीय परिसर में तलाशी शुरू की। तलाशी के दौरान कई आपराधिक दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

## आप के सांसद संजय सिंह के मामले में सुनवाई टली, अब 18 दिसम्बर मिली अगली तारीख

समृद्धि न्यूज

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के जिला सुलतानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के आचार संहिता उल्लंघन मामले की सुनवाई मंगलवार को टल गई। अधिवक्ता के निधन के कारण सुनवाई स्थगित हुई। अब कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 18 दिसम्बर की तारीख तय की है।

अधिवक्ता मदन सिंह ने बताया कि इस मामले में अगली सुनवाई 18 दिसम्बर को होगी। यह मामला 13 अप्रैल 2021 का है। आरोप है कि पंचायत चुनाव के दौरान बंधुआ कलां थाने के हसनपुर गांव में बिना अनुमति के एक सभा आयोजित की गई थी। पुलिस ने इस सम्बंध में संजय सिंह सहित 12 नामजद और 45 अज्ञात समर्थकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। यह सभा जिला पंचायत सदस्य सलमा बेगम के समर्थन में आयोजित की गई थी। इस मामले में अन्य आरोपितों ने पहले ही जमानत प्राप्त कर ली थी। संजय सिंह के लगातार गैरहाजिर रहने के कारण कोर्ट ने उनके खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था। जुलाई 2024 में उन्होंने अदालत में आत्मसमर्पण किया, जिसके बाद उन्हें 20 हजार रुपये की दो जमानत और निजी मुचलका दाखिल करने पर रिहा किया गया था। पुलिस की जांच के बाद मकसूद अंसारी, सलीम अंसारी और जगदीश यादव सहित कुल 11 लोगों को आरोपित बनाया गया था। जून में विशेष कोर्ट ने इन आरोपितों के अधिवक्ता की डिस्चार्ज अर्जी खारिज कर दी थी।



### केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने लॉन्च किया जल शक्ति हैकथॉन व भारत-विन पोर्टल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने मंगलवार को राजधानी दिल्ली में 'जल शक्ति हैकथॉन-2025' और भारत-विन पोर्टल का उद्घाटन किया। हैकथॉन में स्टार्टअप, लघु और मध्यम उद्यम, उद्योग, वैज्ञानिक, शिक्षण संस्थान, ग्रामीण और महिला युवा, निजी क्षेत्र और वैश्विक संस्थान भाग लेंगे। विजेताओं को प्रूफ-ऑफ-कॉन्सेप्ट विकसित करने के लिए एक लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। सीआर पाटिल ने श्रम शक्ति भवन में कहा कि जल शक्ति हैकथॉन 2025 केवल एक प्रतियोगिता नहीं बल्कि यह पूरे देश में जल सुरक्षा, समावेशी और तकनीकी दृष्टिकोण से मजबूत जल भविष्य बनाने के लिए राष्ट्रीय आंदोलन है।

## घुसपैठियों की पहचान के लिए हाईटेक माडर्न टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर रही यूपी सरकार

**डिटेंशन सेंटर में रखे गए घुसपैठियों की विस्तृत बायोमेट्रिक प्रोफाइल तैयार करने का निर्णय**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर से घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए फुल प्रूफ प्लान तैयार कर लिया है, जो पूरे देश के लिए मॉडल के रूप में उभरकर सामने आएगा।

योगी सरकार घुसपैठियों की पहचान के लिए हाईटेक माडर्न टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर रही है, जिससे घुसपैठियों की प्रदेश में छुपकर रहने की कोशिशों को पूरी तरह से नाकाम किया जा सके।



एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, योगी सरकार डिटेंशन सेंटर की सुरक्षा का ऐसा चक्रव्यूह तैयार कर रही है, जो अभेद होगा। सूत्रों की मानें तो योगी सरकार ने डिटेंशन सेंटर में रखे गए घुसपैठियों की विस्तृत बायोमेट्रिक प्रोफाइल तैयार करने का निर्णय लिया है। साथ ही इन सभी नामों को निगेटिव लिस्ट में दर्ज किया जाएगा। इन लिस्ट को देशभर में शेयर किया जाएगा ताकि दोबारा घुसपैठी प्रदेश ही नहीं देश की सीमा में घुस न सकें।

मुख्यमंत्री योगी ने हाल ही में प्रदेश से घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की थी। सूत्रों की मानें तो अधिकारियों को घुसपैठियों की पहचान के लिए हाईटेक माडर्न टेक्नोलॉजी का प्रयोग करने के निर्देश दिये हैं ताकि किसी भी स्तर पर कोई कमी न रह जाए तो हर हाल में घुसपैठियों की पहचान कर उन्हे डिटेंशन सेंटर शिफ्ट किया जाए।

## माइक्रोसॉफ्ट भारत में करेगा सबसे बड़ा 1.5 लाख करोड़ का निवेश

**माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ नडेला ने पीएम मोदी से की मुलाकात**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सत्या नडेला ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। दोनों ने भारत में बढ़ते आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बारे में बात की।

प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद सत्या नडेला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर भारत के 'एआई प्रथम भविष्य' को समर्थन देने के लिए 17.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये) के बड़े निवेश की घोषणा की। कंपनी का यह निवेश एशिया में अब तक का सबसे बड़ा निवेश माना जा रहा है। नडेला ने 'एक्स' पर लिखा कि भारत की तेजी से बढ़ती एआई संभावनाओं पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ प्रेरणादायक बातचीत हुई। उन्होंने कहा, भारत की आकांक्षाओं को मजबूत करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट एशिया में अब तक का अपना सबसे बड़ा निवेश–17.5 अरब डॉलर–भारत में कर रहा है, ताकि देश के एआई भविष्य के लिए आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर, स्किल्स और सॉवरेन क्षमताओं का विकास किया जा सके।

### भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे आर.एस. पुरा सेक्टर से गुबारा बरामद

**जम्मू।** भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे आर.एस. पुरा सेक्टर के गांव कोटली मीरदियां में मंगलवार को खेतों से एक संदिग्ध पाकिस्तानी गुब्बारा बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार किसान जगतार सिंह के खेतों में स्थानीय लोगों की नजर एक बड़े गुब्बारे पर पड़ी, जिसके बाद तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस पोस्ट बासपुर की टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए गुब्बारे को कब्जे में लेकर सील कर दिया। पुलिस ने आसपास के पूरे क्षेत्र की तलाशी भी ली ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कहीं कोई अन्य संदिग्ध सामान मौजूद न हो।

## चुनाव आयोग को होना चाहिए निष्पक्ष व रोका जाना चाहिए सत्ता प्रशासन का दुरुपयोग : अखिलेश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने मंगलवार को लोकसभा में चुनाव सुधार पर हुई चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि चुनाव आयोग को निष्पक्ष होना चाहिए और सत्ता प्रशासन का दुरुपयोग रोका जाना चाहिए।

उन्होंने कांग्रेस की चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की जगह बैलेट पेपर से मतदान कराए जाने की मांग का समर्थन किया। सपा नेता ने आज लोकसभा में उत्तर प्रदेश में हुए विभिन्न उपचुनावों का उदाहरण दिया और आरोप लगाया कि इन सभी में वोट डकैती हुई है। उन्होंने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए कहा कि हमारी ओर से आयोग को सभी प्रकार के साक्ष्य दिए गए और समय से जानकारी दी गई लेकिन फिर भी किसी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने विशेष रूप से रामपुर लोकसभा चुनाव का मुद्दा उठाया। अखिलेश ने एसएआर की प्रक्रिया पर सवाल उठाए और कहा कि सरकार की असल मंशा तो इसके बहाने देश में एनआरसी तैयार करने की है। इसी कारण से भारतीय जनता पार्टी घुसपैठियों की बात कर रही है और डिटेंशन कैंप भी बनाए जा रहे हैं।



**चुनाव सुधारों पर मायावती का बड़ा बयान, तीन अहम सुधारों की मांग**

संसद में चुनाव सुधारों को लेकर जारी चर्चा के बीच बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने चुनावी प्रणाली की खामियों को दूर करने के लिए तीन बड़े सुधारों की जोरदार वकालत की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची की सही और व्यापक तैयारी, उम्मीदवारों के आपराधिक इतिहास की अनिवार्य पारदर्शिता और ईवीएम की जगह बैलेट पेपर व्यवस्था की वापसी आवश्यक है।

**उद्घाटन** | राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 'राष्ट्रीय हस्तशिल्प सप्ताह' समारोह का किया उद्घाटन

## संस्कृति का वाहक व आजीविका का आधार है हस्तशिल्प

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को यहां कहा कि हस्तशिल्प हमारी संस्कृति के वाहक हैं और साथ ही, आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत भी हैं।

राष्ट्रपति ने यह बात नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में सात दिवसीय (08-14 दिसंबर) 'राष्ट्रीय हस्तशिल्प सप्ताह' समारोह की उद्घाटन के दौरान कही। उन्होंने अपनी अनूठी कारीगरी और नवाचार से देश की कलात्मक विरासत को समृद्ध रखने वाले कुशल शिल्पकारों, डिज़ाइनरों, स्टार्ट-अप्स और नवप्रवर्तकों शिल्पकारों को वर्ष 2023 और 2024 के लिए 36 'राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार' और 12 'शिल्प गुरु पुरस्कार' देकर सम्मानित किया। इनमें 02 डिज़ाइन और नवाचार पुरस्कार (कारीगर-डिज़ाइनर सहयोग) शामिल हैं। पुरस्कार विजेताओं में 20 महिला कारीगर हैं। इस मौके पर केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह, कपड़ा राज्यमंत्री पवित्र मार्गेरिटा, वस्त्र मंत्रालय की सचिव नीलम शामी राव और विकास आयुक्त हस्त शिल्प अमृत राज सहित अन्य अधिकारीगण, कारीगर, उद्योग प्रमुख, निर्यातक, डिजाइनर उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुर्मु ने कहा, हस्तशिल्प पारंपरिक रूप से कमज़ोर वर्गों के लोगों को सहायता प्रदान करता रहा है।



**जीएसटी में कटौती से निर्यात को मिला प्रोत्साहन**

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, जीएसटी (जीएसटी) दरों में कटौती से हस्तशिल्प उत्पादों के निर्यात को भारी प्रोत्साहन मिला है। बीते वर्षों में, हस्तशिल्प निर्यात 25,000 करोड़ रुपये से दोगुना होकर अब 50,000 करोड़ रुपये के स्तर को छू चुका है। सरकार ने 2031–32 तक इस आंकड़े को 01 लाख करोड़ रुपये तक पहुँचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण कदमों के कारण, अब ग्रामीण शिल्पकारों का सामान सीधे अमेरिका, इंग्लैंड और दुनिया के किसी भी कोने में उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प की कला और स्थिरता को बढ़ाने के लिए अब नई तकनीकों और सामग्रियों को भी उत्साहपूर्वक अपनाया जा रहा है। इसमें बाँस, रेमी और फ्लैक्स जैसे टिकाऊ फाइबर का उपयोग प्रमुख है।

# बहराइच-गोंडा मार्ग पर दो बसों की टक्कर, घने कोहरे के कारण हादसा

**दोनों ड्राइवर घायल, मकान का टीन शेड टूटा**

समृद्धि न्यूज




**बहराइच।** बहराइच-गोंडा राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार सुबह घने कोहरे के कारण दो बसों की आमने-सामने टक्कर हो गई। यह हादसा पयागपुर के बनकटा के पास हुआ, जिसमें दोनों बसों के चालक घायल हो गए। हालांकि, बसों में कम यात्री होने के कारण एक बड़ी दुर्घटना टल गई। घटना सुबह उस समय हुई जब उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की एक बस ओवरटेक कर रही थी।

इसी दौरान सामने से आ रही प्राइवेट यात्री बस बालाजी एक्सप्रेस से उसकी सीधी टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कोहरा इतना घना था कि चालक सामने से आ रहे वाहन को देख नहीं पाए। टक्कर इतनी भीषण थी कि रोडवेज बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित छेदीराम पुत्र मेवाराम के मकान में जा घुसी। इससे मकान के सामने लगी टीन शेड टूट गई और दीवारों में दरारें आ गईं। ग्रामीणों ने बताया कि यदि बसों में अधिक यात्री होते, तो यह हादसा और भी भयावह हो सकता था।रोडवेज बस में 12 यात्री सवार थे, जबकि प्राइवेट बस में चार यात्री मौजूद थे। यात्रियों की सीमित संख्या के कारण सभी बड़ी दुर्घटना से बाल-बाल बच गए। कुछ यात्रियों को हल्की चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। प्राइवेट बस के चालक सतगुरु वर्मा (निवासी उतरौला) को मामूली चोटें आईं। वहीं, रोडवेज बस चालक दिलीप सिंह (40 वर्ष, निवासी कुमारगंज, अयोध्या) के सिर में चोट लगी, जिसके लिए डॉक्टरों ने टांके लगाए। हालांकि, उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई और उपचार के बाद उन्हें भी घर भेज दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों क्षतिग्रस्त बसों को सड़क से हटवाकर राजमार्ग पर यातायात सामान्य कराया। प्रारंभिक जांच में घने कोहरे और ओवरटेकिंग को हादसे का मुख्य कारण बताया जा रहा है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि सुबह के समय कोहरा लगातार बढ़ रहा था, ऐसे में हाईवे पर भारी वाहन चालकों को अत्यधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है। समय रहते राहत-कार्य शुरू होने से एक बड़ा हादसा टल गया।

## सब-इंस्पेक्टर की सड़क हादसे में मौत

**बहराइच।** सड़क हादसे में उपनिरीक्षक राहुल गुप्ता (30) की मौत हो गई। एक वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। राहुल घायल होकर सड़क किनारे गिर गए। खून से लथपथ सड़क पर तड़पते रहे। आस-पास के लोगों ने देखते ही पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां गंभीर हालत देख डॉक्टर ने लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही राहुल की मौत हो गई। घटना नानपारा-लखीमपुर मार्ग पर गूढ़ चौराहे के पास सोमवार देर शाम की है। मोतीपुर थाना प्रभारी आनंद कुमार ने बताया कि राहुल गुप्ता जालिम नगर चौकी पर तैनात थे। सोमवार शाम वह अपनी बाइक से विवेचना के लिए निकले थे। गूढ़ चौराहे के पास उन्हें अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घटना की सूचना पर हम लोग टीम के साथ मौके पर पहुंचे। तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। वहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया। लेकिन हम उन्हें बचा नहीं पाए। अज्ञात वाहन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# 31 व्यक्तियों की हुई मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग, छह लोग मिले संक्रमित

**मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर सीएचसी पयागपुर में हुआ आयोजित**

समृद्धि न्यूज़



**पयागपुर, बहराइच।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को सीएचसी पयागपुर परिसर में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी बहराइच डॉ संजय कुमार शर्मा के निर्देश पर किया गया।

संचालन बीपीएम पयागपुर अनुपम शुक्ल ने किया। शिविर में कुल 31 व्यक्तियों की मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की गई, जिनमें से 06 को संक्रमित पाया गया। रोगियों को आवश्यक दवा व परामर्श प्रदान किया गया। मनोचिकित्सक डॉ विजित जायसवाल ने उपस्थित लोगों को 'मनहित' एप तथा मनकक्ष के कार्यों के बारे में जानकारी दी और सभी को आईईसी पेम्प्लेट्स वितरित किए। शिविर में चिकित्साधीक्षक डॉ धीरेन्द्र तिवारी ने मिर्गी के दौरे, स्मृति हानि, नशा, अवसाद, डिप्रेशन और आत्महत्या के विचारों जैसे मानसिक समस्याओं के लक्षण व निदान के बारे में बताया। उन्होंने किशोर-किशोरियों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी दी और टेली-मानस टोल-फ्री नंबर 14416 की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। साथ ही, परीक्षा-संबंधी तनाव, मोबाइल एडिक्शन और डिप्रेशन जैसे मुद्दों से बचाव हेतु मनकक्ष में उपलब्ध सेवाओं की जानकारी दी गई। आशा कार्यकर्ताओं के लिए आत्महत्या रोकथाम और मातृत्व मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। शिविर में बीएमओ डॉ?प्रमोद तिवारी, डॉ पल्लवी सिंह, डॉ शरद भारती, हिमांशु मिश्रा, अजय सिंह, सुभाष वर्मा, मुकेश हंस, सीमा कुमारी, अजय प्रताप, मनीष सिंह, अनुराग पाठक तथा अन्य एएनएम आशा और संगिनी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### परिवार नियोजन में महिलाएं आगे, पुरुष अब भी हिचकिचा रहे



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** घरेलू जिम्मेदारियों के साथ–साथ परिवार नियोजन का बोझ भी महिलाओं पर अधिक है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर में मंगलवार को परिवार नियोजन अभियान के तहत मेगा ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। क्षेत्र की महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। लेकिन पुरुष इस मुहिम से कोसों दूर रहे। प्रभारी सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर विकास सिंह ने बताया कि 52 महिलाओं ने नसबंदी ऑपरेशन के लिए आवेदन किया। मेडिकल कॉलेज बहराइच से आए डॉक्टर अनिल कुमार ने सभी महिलाओं का सफल ऑपरेशन किया। आगे उन्होंने बताया कि नसबंदी करवाने वाले महिला एवं पुरुष दोनों को प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाती है। पहले जहां लोग दो या तीन बच्चों के बाद नसबंदी करवाते थे, वहीं अब एक बच्चे के बाद भी लोग यह कदम उठा रहे हैं। महिलाओं की जागरूकता बढ़ रही है, लेकिन पुरुषों की भागीदारी काफी कम है।

### भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ अमृतमय रामकथा व पौष मेला



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार दोपहर बाबा परमहंस की पुण्य तिथि एवं पौष मेला के परिपेक्ष में शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत बरदहा बाजार स्थित बाबा परमहंस धाम से गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा बरदहा बाजार से इमामगंज, लौकिहा, शिवपुर, बौंडी होते हुए सरयू घाट पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरा। और पुनः कथा स्थल पर कलश स्थापित कर अपनी सहभागिता दी। इस दौरान डीजे की धुन पर श्रद्धालु जमकर थिरके। वृंदावन धाम से आए कथा व्यास संत रामचंद्र दास ने बताया कि नित्य दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक अमृतमय भगवान श्री राम के लीलाओं का गुणगान किया जाएगा। 19 दिसंबर को हवन एवं विशाल भंडारा होगा। यह कार्यक्रम गांव, नगर, क्षेत्रवासियों के सहयोग से संपन्न हो रहा है। इस दौरान राजकुमार गुप्ता, रविशंकर शुक्ला, विनोद दीक्षित, सूरज गुप्ता सहित सैकड़ों राम भक्त मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर स्कॉर्पियो से टकराने के बाद तीन वाहनों से भिड़ा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** परस पुर थाना क्षेत्र के भौरीगंज–चचरी मार्ग के चौराहे के पास सोमवार की देर रात्रि में एक ट्रैक्टर कार से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर तीन वाहनों से टकराने के बाद गड्ढे में जा कर पलट गई जिस में ट्रैक्टर चालक घायल हो गया। जबकि अन्य वाहनों के सवार सुरक्षित बच गए। ट्रैक्टर चालक 27 वर्षीय पुत्तीलाल छत ढलाई का काम खत्म कर मशीन के साथ ट्रैक्टर से लौट रहे थे। सोमवार देर रात लौटते समय उनके ट्रैक्टर की सामने से आ रही एक स्कॉर्पियो कार के दाहिने हिस्से से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर का दाहिना पहिया उखड़ कर बाहर निकल गया, जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया। अनियंत्रित ट्रैक्टर ने पहले सामने से आ रही वैगनआर कार को टक्कर मारी, फिर एक मोटरसाइकिल को रौंदते हुए सड़क किनारे खाई में जा पलटी इस हादसे में ट्रैक्टर चालक पुत्तीलाल के सिर में गंभीर चोट आई है। सूचना मिलते ही शाहपुर पुलिस चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और घटना की छानबीन शुरू कर दी। घायल ट्रैक्टर चालक को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें गोंडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। परसपुर थाना अध्यक्ष अनुज त्रिपाठी ने बताया कि सड़क हादसे में किसी की मौत नहीं हुई है, लेकिन कई वाहनों को नुकसान हुआ है।

### न्यायालय से दर्ज हुआ दलित को पीटने का मुकदमा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में एक दलित को पीटना का मुकदमा न्यायालय के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ में दर्ज किया गया है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के मुड़ेरवा कला गांव के निवासी बबलू गौतम पुत्र राम स्नेही गौतम ने न्यायालय में एक वाद दायर किया जिस में कहा कि उस के घर के बगल कब्रस्तान है।जिस के पाकड़ और इमली का पेड़ लगा है। उस की मोटी मोटी शाखा उस के घर पर लटक रही है। जब आंधी और बारिश होती है तो गिर ने का डर लगा रहता है। बीते 8 सितम्बर को शाम 7 बजे शाकिर अली पुत्र बख्शी लाल और उस का भाई चिल्हु अली , जावेद पुत्र शाकिर अली तीनों लोग मिलकर पेड़ को काट रहे थे। मैने कहा कि आराम से काटना इसी बात को लेकर दलित शब्दों का प्रयोग करते हुए अपमानित किया और घर के दरवाजे पर आकर मारा पीटा गया। जिस को गांव के लोगों ने मिलकर मामला सुलह करा दिया गया था। फिर बीते 20 सितंबर को रास्ते में रोकर मारा पिता गया। कोतवाली देहात में तहरीर दिया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर शाकिर अली चिल्हु, जावेद अली के खिलाफ में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# आमजन के आवागमन को सुलभ बना रहे हैं राज्य वित्त आयोग से निर्मित मार्ग

**जल निकासी में सहायक बन रहा है 15वां वित्त आयोग से निर्मित नाला**

समृद्धि न्यूज़



**बहराइच।** जिला पंचायत, बहराइच अन्तर्गत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पंचम राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष विकास खण्ड हुजूरपुर के ग्राम पंचायत बरूही के वनपुरवा में पयागपुर हुजूरपुर सम्पर्क मार्ग से अरविन्द सिंह के घर को जोड़ने वाले मार्ग पर रू. 37.10 लाख की लागत से हॉटमिक्स पद्धति से निर्मित 500 मी. सम्पर्क मार्ग के लेपन एवं पुलिया निर्माण कार्य तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पंचम राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष विकास खण्ड महसी के ऐरिया सम्पर्क मार्ग के बरबदहा हरदी रजवाहा की बायी पटरी पर ओरीदास बाबा मंदिर तक रू. 38.89 लाख की लागत से हॉटमिक्स पद्धति से निर्मित 1.020 कि.मी. सम्पर्क मार्ग के लेपन कार्य ने आम जनमानस के आवागमन को सुलभ बना दिया है।

इसी प्रकार भारत सरकार द्वारा 15वां वित्त आयोग (टाइड फण्ड) योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष विकास खण्ड जरवल के ग्राम पंचायत घूरनपुर में कसमढ़ा के पास रहमुद्दीन के घर से टेढ़वा ताल तक रू. 36.79 लाख की लागत से स्वच्छता के दृष्टिगत 350 मीटर आर.सी.सी. नाले का निर्माण कराया गया है। नाले का निर्माण होने से क्षेत्र की जलभराव की समस्या समाप्त हो गयी है।



## मुख्यमंत्री शिविर कार्यालय का प्रतिनिधि बनकर धौंस जमाने वाला गिरफ्तार

**बहराइच।** मुख्यमंत्री शिविर कार्यालय का प्रतिनिधि बनकर लोगों और अधिकारियों पर धौंस जमाने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसके दो साथियों को भी हिरासत में लिया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर अशोक सिंह ने बताया कि यह घटना रिसिया थाना क्षेत्र की है। डिहवा ग्राम निवासी राहुल यादव अपने साथी नफीस खान और मुख्तार अहमद के साथ मिलकर व्यापारियों और अधिकारियों को मुख्यमंत्री शिविर कार्यालय का प्रतिनिधि बताता था। वे इस तरह लोगों पर धौंस जमाते थे। स्थानीय लोगों को शक होने पर उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद थाना प्रभारी करुणा शंकर ने अपनी टीम के साथ तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में पता चला कि ये सभी जालसाज थे। पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज किया और उन्हें न्यायालय में पेश किया।

# युवक घंटाघर चौक पर चढ़ा, कैमरे तोड़े, व्यक्ति को धक्का भी दिया



समृद्धि न्यूज

**फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद सिरफिरे युवक को उतारा**

**बहराइच।** नगर कोतवाली इलाके में स्थित घंटाघर चौक पर मंगलवार सुबह एक युवक छत पर चढ़ गया। उसने वहां लगे कैमरों और उनके तारों को क्षतिग्रस्त कर दिया।

इस दौरान उसे नीचे उतारने पहुंचे राजेश नामक व्यक्ति को युवक ने धक्का देकर गिरा दिया, जिससे वह घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड और नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतारा। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली।

हंगामा करने वाले इस युवक की पहचान नगर कोतवाली इलाके के गुदड़ी मोहल्ले निवासी 25 वर्षीय धीरज के रूप में हुई है। पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, युवक मानसिक रूप से बीमार है और अक्सर ऐसी हरकतें करता रहता है।

# मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन महिला मंडल ने रखी घरौंदा एक आशा की नींव



समृद्धि न्यूज़

**गोंडा।** रानी बाजार में मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन महिला शाखा गोंडा द्वारा घरौंदा एक आशा, क्लाथ बैंक शाखा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रियंका निरंजन जिलाधिकारी,गोंडा द्वारा गरीबों के लिए दैनिक उपयोग की वस्तु निःशुल्क वितरण कार्यक्रम में फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत किया। फिर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन को मारवाड़ी युवा मंच महिला मंडल द्वारा बुके और राम दरबार की फोटो देकर सम्मान किया। मारवाड़ी युवा मंच की प्रांतीय संयोजक (नारीचेतना) नीलम जैन ने बताया कि घरौंदा एक आशा के तहत अति निर्धन लोगों को दैनिक उपयोगी वस्तुएं निशुल्क हर गुरुवार को सांयकाल 3ः00 बजे से 5ः00 बजे तक दिया जायेगा कार्यक्रम के दौरान सीमा अग्रवाल, सरिता नेवटिया, पुष्पा अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, प्रेमलता सिंघल, रीता काबरा, राधा पचेरिया, मीना अग्रवाल, संगीता भावसिंहका,ज्योति गर्ग, रितिका पचेरिया, एवं अनीता नहारिया सहित अन्य महिलाएं मौजूद रही।

# पवन ब्रिक्स फील्ड के मुनीम के ब्लाइंड मर्डर की घटना का अनावरण

**तीन अभियुक्त गिरफ्तार**

समृद्धि न्यूज़



**गोंडा।** 4.12.2025 को काशीराम वर्मा पुत्र स्व. राम हरख वर्मा निवासी दहीरपुर, थाना गोसाईगंज, जनपद अयोध्या द्वारा थाना छपिया पुलिस को सूचना दी गई कि उसके ईंट के भट्ठे पवन ब्रिक फील्ड, ग्राम साबरपुर, थाना छपिया पर कार्यरत मुनीम राम सजीवन वर्मा पुत्र रामचन्दर वर्मा निवासी अमसिन दहलवा, थाना गोसाईगंज, जनपद अयोध्या, जो लगभग 14 वर्षों से सेवा में कार्यरत थे को दिनांक 03/04.12.2025 की रात्रि में सोते समय किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से हमला किया गया, जिससे गंभीर रूप से घायल राम सजीवन को भट्ठे पर मौजूद मजदूरों द्वारा तत्काल उपचार हेतु अयोध्या मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहाँ उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

सूचना पर तत्काल उच्चाधिकारियों द्वारा स्थानीय पुलिस बल के साथ घटलास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया गया। मृतक के शव के पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया। फील्ड यूनिट/डॉग स्क्वायड टीम को घटना स्थल पर बुलाकर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करायी गयी।

काशीराम वर्मा की लिखित तहरीर के आधार पर छपिया में अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा घटना को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए घटना के शीघ्र सफल अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के नेतृत्व में एस0ओ0जी0/सर्विलांस सहित 05 पुलिस टीमों का गठन कर थाना प्रभारी छपिया को घटना का शीघ्र सफल अनावरण कर अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। उक्त टीमों द्वारा घटना के सफल अनावरण हेतु वृहद स्तर पर मैनुअल व टेक्निकल साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई। इसी क्रम में आज दिनांक 09.12.2025 को थाना छपिया व एस0ओ0जी0/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए हत्यारोपी अभियुक्तगण 01. सचिन पुत्र सावल प्रसाद, 02. बृजेश कुमार पुत्र रामनिहाल, 03. महाजन गुप्ता पुत्र प्रहलाद गुप्ता निवासीगण सिसई रानीपुर, थाना छपिया, जनपद गोण्डा को ग्राम सिसईरानीपुर की ओर जाने वाले रास्ते पर स्थित नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्पेलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल व निशानदेही से ग्राम सबरापुर के पूरब सूखी नहर में फेंके गए आलाकत्ल बाका को बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना छपिया पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया।

# धूमधाम से निकली लड्डू गोपाल एवं निशान शोभायात्रा, यात्रा में खूब झूमें भक्तगण

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** मंगलवार को सुबह श्री दुखहरण नाथ मंदिर से श्री लड्डू गोपाल एवं निशान यात्रा निकाली गई ,जो नगर में भ्रमण करते हुए गुरु नानक चौक, गुड्डू मल चौराहा , पीपल चौराहा और ठठेरी बाजार होते हुए भरत मिलाप चौराहे के पास स्वर्ण गंगा ज्वेलर्स पर समापन हुआ।

श्री लड्डू गोपाल यात्रा में तमाम महिलाएं अपने अपने हाथों में श्री लड्डू गोपाल जी और और कुछ महिला भक्तों ने निशान को लेकर यात्रा में शामिल हुई और खूब झूमें।और साथ साथ पुरुष भक्त एवं बच्चे भी शामिल हुए । यात्रा में पंचवटी श्री सीताराम आश्रम ऋषिभूमि के कथा वाचक श्री रवि शंकर गुरु भाई भी मौजूद रहे।और कार्यक्रम के मुख्य यजमान श्रीमती हेमलता रस्तोगी एवं जमुना प्रसाद रस्तोगी भी मौजूद रहे। यात्रा में घोड़े और हाथी की पालकी आगे आगे चल रहीं थीं। और लड्डू गोपाल जी रथ यात्रा में सवार होकर चल रहें थे। जगह-जगह फूलों की वर्षा हुई, और भक्तों ने जगह-जगह लड्डू गोपाल जी की आरती उतार कर दर्शन किया ।और भक्तों द्वारा जलपान भी वितरण किया गया। यात्रा के दौरान महाराजगंज चौकी इंचार्ज मनीष सिंह अपने दल बल के साथ मौजूद रहे। श्री लड्डू गोपाल यात्रा में कार्यक्रम के आयोजक संजय रस्तोगी, राजीव रस्तोगी, शिवकुमार सोनी, सुधीर सोनी, रवि रस्तोगी, संतोष सोनी, अमित सोनी, रवि सोनी, संदीप मेहरोत्रा, अम्बरीष रस्तोगी, घनश्याम रस्तोगी, उमेश शुक्ला, सोनिया रस्तोगी, सीमा सोनी, रंजन सोनी काजल सोनी, आरती सोनी, अंजलि सोनी, पुष्पांजलि रस्तोगी,आरती शुक्ला सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

**अनियमितता**

**मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ढाई सौ जोड़ों ने रचाई शादी, विभाग बता रहा 395**

# मजाक बनकर रह गई सीएम सामूहिक विवाह योजना

**ना मांग भरा न फेरे लिए फिर भी हो गई हिंदू रीति रिवाज से शादी**

समृद्धि न्यूज






**गोंडा।** जिले में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 395 जोड़ों की शादी में बड़ी अनियमितता सामने आई है। सरकारी लाभ के लाल च में कई जोड़ों ने न सात फेरे लिए और न ही मांग में सिंदूर भरा।कई दुल्हनों ने रस्में पूरी न होने की बात कही, जबकि कुछ जोड़े सवाल सुनते ही भाग खड़े हुए जब कुछ जोड़े मुंह को छिपा कर रखा।

बताते हैं कि गोण्डा के शहीदे आजम सरदार भगतसिंह इंटरकॉलेज के मैदान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत हुए भव्य समारोह में 395 जोड़ों की शादी कराई गई बाहर से सब कुछ सुनियोजित दिखा लेकिन मंडप के अंदर की हकीकत चौंकाने वाली थी,कई जोड़ों ने न सात फेरे लिए और न ही मांग में सिंदूर भरा गया।सरकारी %लाभ एक लाख रुपये की सहायता के लालच में कई शादियां दोबारा रचाई गईं,जबकि कुछ जोड़े मीडिया के सवाल सुनते ही भाग खड़े हुए। विदित हो कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह पहली बार जिले के शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज में कराई गई जबकि इससे पूर्व में जिले के रॉयल पैलेस मैरिज हाल में ही इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है उसे समय जिले के जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी जी हुआ करते थे किंतु इस बार जो सामूहिक विवाह रचाई गई उसे समय जिले के समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया एक बार और बताना चाहता हूं कि जहां जिला प्रशासन 395 जोड़ों की विवाह की बात कर रहा है वही मंडप में मुश्किल से?250 जोडे ही नजर आए वही बात खान-पान की करें तो उसमें भी बहुत ज्यादा अफरा तफरी रही वीआईपी पंडाल में तमाम जनरल पब्लिक नजर आई उसकी वजह भी साफ है कि जनरल पब्लिक पंडाल में खाना-पीना देर से शुरू हुआ इसलिए जनरल पब्लिक वीआईपी पंडाल में भर गई इस शादी में हर तरफ कमी ही कमी नजर आई सामूहिक विवाह समारोह का बाहरी दृश्य भव्य था,लेकिन अंदर का नजारा अलग था। 333 हिंदू और 62 मुस्लिम जोड़ों ने भाग लिया, कई दूल्हे-दुल्हन न तो सात फेरे ले रहे थे और न ही दुल्हन की मांग में सिंदूर भरा जा रहा था।सूत्रों के अनुसार बतया जा रहा हैं कि पंडित जी ने न ही मांग भराई न ही फेरे लगवाए,वही कुछ जोड़े तो हिंदू रीति रिवाज को छोड़कर मांग में सिंदूर ना भरकर सिर्फ माथे पर टीका लगा लिया हैं। वही एक पंडित जी ने मौखिक रूप से नाम न छापने कि शर्त पर बताया कि इसमें अधिकतर शादियां हो चुकी है यह दोबारा लाभ के लिए करवाया जा रहा है।

**एक लाख के लालच में दोबारा शादी**

सूत्रों के अनुसार, अधिकांश जोड़ों की असली शादी कुछ दिनों बाद होनी है, लेकिन वे सरकारी योजना का लाभ पाने के लिए इस समारोह में शामिल हुए हैं, हद तो तब हुई जब एक जोड़े की शादी अभी सात महीने पहले हुई थी। वह सरकारी पैसे की लालच में इन्होंने दोबारा शादी रचाई हैं। वही सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि एक लड़की के पिता ने बताया की हम लो ग अभी वैसे शादी कर रहे हैं घर पर हम दोबारा शादी अप्रैल के महीने में करेंगे।सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि सात से आठ जोड़े ऐसे थे जिनकी शादी पहले हो चुकी थी।

# किसी भी समस्या के समाधान में न हो विलंब, नियमित प्रस्तुत की जाए मामले की प्रगति

## नगर निगम मुख्यालय में सोमवार को आयोजित जनता दरबार में महापौर सुषमा खर्कवाल ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं, त्वरित निस्तारण के निर्देश

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। नगर निगम मुख्यालय में सोमवार को आयोजित जनता दरबार में महापौर सुषमा खर्कवाल ने नागरिकों की समस्याएँ सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

सुबह से ही विभिन्न वार्डों से आए लोग अपनी शिकायतों के साथ पहुँचे, जिनमें सफाई व्यवस्था, जल निकासी, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, कर संबंधी मुद्दे तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। जनता दरबार



के दौरान महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी समस्या के समाधान में अनावश्यक विलंब न किया जाए और प्रत्येक मामले की प्रगति नियमित रूप से प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों को समयबद्ध और पारदर्शी सेवाएँ उपलब्ध कराना है, जिसके लिए सभी विभागों को सजग और उत्तरदायी रहना चाहिए।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पार्षदगण, नागरिकों एवं गणमान्य व्यक्तियों को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी द्वारा हाल ही में जारी की गई पाती के बारे में भी जानकारी दी गई। पाती में माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश में अवैध रूप से निवास कर रहे घुसपैठियों के विरुद्ध चल रही कानूनी कार्रवाई का उल्लेख करते हुए जन-जागरूकता बढ़ाने और नागरिकों से सामूहिक उत्तरदायित्व निभाने की अपील की है। मुख्यमंत्री द्वारा जारी संदेश में नागरिकों से आग्रह किया गया है कि घरेलू या व्यावसायिक कार्य हेतु किसी भी व्यक्ति को नियुक्त करने से पूर्व उसकी पहचान का सत्यापन अवश्य करें, ताकि सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखा जा सके। इस संदर्भ में माननीय महापौर जी ने भी कहा कि सामाजिक संतुलन और सुरक्षा सुनिश्चित करने में नागरिकों की सतर्कता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### जनपथ मार्केट पहुंची महापौर ने दी मुख्यमंत्री की पाती

लखनऊ। हजरतगंज स्थित जनपथ मार्केट में महापौर सुषमा खर्कवाल ने दुकानदारों, कारोबारियों एवं वहाँ मौजूद लोगों को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदरणीय योगी आदित्यनाथ द्वारा हाल ही में जारी की गई पाती के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। माननीय महापौर ने उपस्थित लोगों को बताया कि मुख्यमंत्री की यह पाती प्रदेश की सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और नागरिक जिम्मेदारी को लेकर बेहद महत्वपूर्ण संदेश देती है। मुख्यमंत्री योगी द्वारा जनता के नाम लिखी इस पाती में प्रदेश में अवैध रूप से निवास कर रहे घुसपैठियों के विरुद्ध कानूनी प्रक्रिया के तहत चल रही निर्णायक कार्रवाई का उल्लेख किया गया है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया है कि घरेलू या व्यावसायिक किसी भी कार्य हेतु किसी व्यक्ति को नियुक्त करने से पहले उसकी पहचान का सत्यापन अवश्य करें। यह कदम न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा बल्कि समाज और प्रदेश की समग्र सुरक्षा के लिए आवश्यक बताया गया है। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि प्रदेश की कानून-व्यवस्था को मजबूत रखने और सामाजिक समरसता बनाए रखने में जन-जागरूकता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि नागरिक सतर्कता ही सुरक्षा का सबसे बड़ा आधार है। मुख्यमंत्री का यह संदेश जन-जन तक पहुँचना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है, और प्रशासन इस विषय को अत्यंत गंभीरता से आगे बढ़ा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मौजूद दुकानदारों और व्यापारियों ने महापौर से विभिन्न सुरक्षा पहलुओं पर जानकारी भी प्राप्त की।

# उत्तर प्रदेश के टूजी तकनीक के 11.32 लाख मीटर बदले जाएंगे

समृद्धि न्यूज

▸ आरडीएसएस परियोजना फेल, जिम्मेदारों पर हो कार्रवाई: अवधेश वर्मा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2018 में ऊर्जा दक्षता सेवाएं लिमिटेड के साथ संयुक्त रूप से उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा 40 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का निर्णय ओपेक्स मॉडल में लिया गया था। यह परियोजना 8 वर्ष की अवधि के लिए संचालित की जानी थी।

उपभोक्ता परिषद ने प्रारंभ से ही इस तकनीक का विरोध किया था। क्योंकि ये मीटर 2जी तकनीक पर आधारित थे, जो समय के साथ निष्प्रभावी होने वाली थी। परिषद ने चेतावनी दी थी कि भविष्य में यह तकनीक बंद होने पर उपभोक्ताओं को गंभीर समस्याओं एवं आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ेगा।

उपभोक्ता परिषद ने विद्युत नियामक आयोग के निर्देश के बाद पावर कारपोरेशन ने 11 दिसंबर 2019 को सभी मीटर को 4 जी तकनीकी में कन्वर्ट करने के लिए ईईएसएल को पत्र लिखा लेकिन वह केवल मामले को रद्दी में डालता रहा या वर्तमान में इंटली स्मार्ट जो स्मार्ट प्रीपेड मीटर आरएसएस में लगर रही है इस कंपनी की एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड पैतृक कंपनी है।

## खबरें एक नजर में

### रेलवे क्रॉसिंग पर 100 साल की महिला की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज में रेलवे क्रॉसिंग के पास एक बुजुर्ग महिला की गिरने से मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची डायल-112 पुलिस पहुंची। स्थानीय लोगों का कहना है कि महिला पुलिसकर्मी ने एम्बुलेंस बुलाने में देरी की। थाने के पुलिसकर्मियों ने बुजुर्ग महिला को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मंगलवार सुबह करीब दस बजे मोहनलालगंज रेलवे फाटक के पास एक महिला अचेत अवस्था में पड़ी होने की सूचना मिली थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन महिला पुलिसकर्मी ने तुरंत एम्बुलेंस नहीं बुलाया। सूचना मिलने पर थाने के पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने डायल-108 एम्बुलेंस की सहायता से अचेत महिला को मोहनलालगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भेजवाया। हालांकि, वहां मौजूद चिकित्सक ने बुजुर्ग महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान धनकुंवारा पत्नी स्वर्गीय राम अवतार रावत के रूप में हुई है। वह ग्राम सेघटा, मजरा मीशा, थाना गोसाईंगंज, जनपद लखनऊ की निवासी थीं। उनकी उम्र करीब 100 वर्ष थी। महिला के परिजनों को सूचना दी गई, जिसके बाद उनके पौत्र देवनंद और साथी शुभम सीएचसी पहुंचे। उनकी पहचान की पुष्टि की। मोहनलालगंज थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि महिला रेलवे क्रॉसिंग के पास ही किराए के कमरे में रहती थी। वह जड़ी-बूटी बेचती थी। परिजनों ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया।

### शोरूम के अकाउंटेंट की संदिग्ध हालत में मौत, मिला शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में रेलवे ट्रैक के पास एक शोरूम के अकाउंटेंट का शव मिला है। वह कुछ दिनों से तनाव में था। सुबह घर से बिना बताए निकला था। दोपहर तक में पुलिस ने सूचना दी कि ट्रैक के पास शव पड़ा है। मृतक की पहचान अमीनाबाद के बलराम यादव (32) के रूप में हुई। शव ठाकुरगंज इलाके में भुवर ओवरब्रिज के नीचे मिला। पुलिस के अनुसार, मृतक कुछ दिन से तनाव में था। उसे परिजन सुबह से ढूंढ रहे थे। पुलिस ने बताया युवक के पास मोबाइल फोन था। उसकी मदद से उसके परिजन सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे परिवारजनों ने बताया कुछ दिनों से किसी बात को लेकर तनाव में था। परिवार में पत्नी अंजू यादव, 10 वर्षीय बेटी प्रगति और 6 साल का बेटा देवांश है।

### लखनऊ एयरपोर्ट से इंडिगो ने आठ फ्लाइट रद्द की

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर लगातार आठवां दिन मुश्किलों भरा साबित हो रहा है। इंडिगो एयरलाइन की सेवाओं में जारी तकनीकी और ऑपरेशनल अव्यवस्थाओं का असर आज फिर देखने को मिला। आज यानी कि 9 दिसंबर को लखनऊ से उड़ान भरने वाली कुल 8 फ्लाइटों को इंडिगो ने अचानक रद्द कर दिया, जिससे हजारों यात्री फंस गए और टर्मिनल पर अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। जो यात्री ऑनलाइन टिकट निकाल चुके थे वे सुबह ही एयरपोर्ट पहुंच गए। उन्हें यहां पहुंचने पर पता चला कि फ्लाइट कैंसिल है। कई यात्री ऐसी हालत में पहुंचे कि उन्हें एयरलाइन की ओर से पहले से रद्दीकरण की सूचना नहीं दी गई थी। कुछ यात्रियों के मुताबिक, मोबाइल पर मैसेज उड़ान समय के बिल्कुल करीब मिला, जबकि कई को कोई संदेश भी नहीं आया।

### वर्टिकल व्यवस्था से होने वाली परेशानी से रूबरू हुए अध्यक्ष

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने मध्यांचल अंतर्गत लेसा सेंट्रल जोन पहुंचकर उपभोक्ताओं से जानी वर्टिकल व्यवस्था लागू होने के बाद उनकी समस्याएं खास तौर पर बिलिंग संबंधी समस्याओं पर जुटाई जानकारी कि वास्तव में शिकायतों का निस्तारण कैसे हो सकता है।मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की राजधानी लखनऊ लेस में वर्टिकल व्यवस्था लागू हुए लगभग एक माह बीत चुका है। आज उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं केंद्र व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने सेंट्रल जो (हुसैनगंज-1912) में उपभोक्ताओं से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को विस्तार से जाना। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने बताया कि अधिकांश उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्हें चौक, राजाजीपुरम, ठाकुरगंज चौपटिया और अन्य क्षेत्रों से 8-10 किलोमीटर दूर हुसैनगंज आना पड़ रहा है। यह व्यवस्था उनके लिए अत्यंत असुविधाजनक है। परिषद अध्यक्ष ने इसे एक गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा कि किसी भी व्यवस्था को लागू करने से पहले उपभोक्ताओं की सुविधा को प्राथमिकता देनी चाहिए। सेंट्रल जोन के अंतर्गत पहले जहां 9 विद्युत वितरण खंड थे, अब यहाँ लगभग 3, लाख 10, हजार विद्युत उपभोक्ता आते हैं। वर्टिकल व्यवस्था में बिलिंग के लिए वर्तमान 1 अधिशासी अभियंता 1 उपखंड अधिकारी 2 अवर अभियंता 4 टीजी -2 कुल 8 बाबू 6 संविदा कर्मी 2 अकाउंटेंटस्टाफमें शामिल हैं।

### युवक से कार लूटने वाली महिला दो दोस्तों संग गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सुशांत गोल्फसिटी पुलिस ने लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक महिला भी शामिल है। पुलिस ने उनके पास से लूटा गया एक एप्पल कंपनी का लैपटॉप, 25 हजार रुपए नकद और घटना में इस्तेमाल किया गया वाहन (स्विफ्ट डिजायर) बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बीते शनिवार शाम को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र सुशांत गोल्फसिटी के शहीद पथ के पास कुछ कार सवार लोग एक व्यक्ति की कार और कीमती सामान लेकर फरार हो गए हैं। सूचना मिलते ही सुशांत गोल्फसिटी पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छीनी गई कार को थाना पीजीआई क्षेत्र से बरामद कर लिया था। पीड़ित अखंड प्रताप सिंह, निवासी सेक्टर-ई, सुशांत गोल्फसिटी ने बताया कि वे अपनी कार से ऑफिस से लौट रहे थे। तभी अचानक उनकी कार के आगे एक अन्य कार आ गई, जिससे उनकी कार टकरा गई। इसके बाद दूसरी कार में सवार लोगों ने उनके साथ मारपीट की।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीडीएस स्व. विपिन रावत की स्मृति में बने ऑडिटोरियम का उद्घाटन करते हुए कहा

# हमारे लिए विदेशी आक्रांता महान नहीं हो सकते : योगी

▸ हम सिकंदर को क्यों महान कहे, हम महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी को महान क्यों नहीं कहते

समृद्धि न्यूज



लखनऊ/गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर में है। वह सैनिक स्कूल में देश के पहले सीडीएस (चीफऑफडिफेंस स्टाफ) स्व. विपिन रावत की स्मृति में बने ऑडिटोरियम का उद्घाटन किया।

इस दौरान उन्होंने देश के प्रथम सीडीएस, पद्म विभूषण जनरल बिपिन रावत जी को विनम्र श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान कहा कि हम सिकंदर को क्यों महान कहे.. हम महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, जनरल विपिन रावत को महान क्यों नहीं कहते। हमारे लिए विदेशी आक्रांता महान नहीं हो सकते है। पूर्व में इतिहास में छेड़छाड़ कर विदेशी आक्रांताओं को महान बनाने का काम किया है वो गुलामी की मानसिकता है, जिसे त्यागना होगा। गोरक्षपीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ द्वारा स्थापित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 93वें संस्थापक सप्ताह का शुभारंभ 4 दिसंबर को मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के साथ हुआ था। शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य आपदा प्रबंध प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी उपस्थित थे। कार्यक्रम का 10 दिसंबर को समापन सप्ताह भर चली विभिन्न प्रतियोगिताओं के मेधावियों को पुरस्कृत करने के साथ होगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाएं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के हाथों पुरस्कृत होंगी। परिषद की सर्वश्रेष्ठ संस्था, सर्वश्रेष्ठ शिक्षक, सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी, इंटरमीडिएट, स्नातक व परास्नातक के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी को स्वर्ण पदक भी प्रदान किया जाएगा।

संस्थापक समारोह के मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी और उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के हाथों महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्वांचल विवि के पूर्व कुलपति स्वर्गीय प्रो. यूपी सिंह पर केंद्रित पुस्तक का विमोचन किया जाएगा।

### यूपी की ऊर्जा क्षमता को मिली नई उड़ान : एके शर्मा

लखनऊ। प्रदेश की बिजली व्यवस्था के लिए मंगलवार का दिन महत्वपूर्ण उपलब्धि लेकर आया। घाटमपुर तापीय विद्युत परियोजना की यूनिट-2 यानि 660 मेगावाट का व्यावसायिक संचालन 9 दिसंबर से आरम्भ हो गया है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम और भारत सरकार की कंपनी एनएलसी इंडिया लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम से बनी इस परियोजना के दूसरे चरण में उत्पादन शुरू होते ही कुल परिचालित क्षमता बढ़कर 1,320 मेगावाट हो गई है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने राज्यवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता को एक नई दिशा देगी। हाल के वर्षों में राज्य के तापीय उत्पादन में 5,280 मेगावाट की वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे प्रदेश की स्वयं की ऊर्जा उपलब्धि लगभग दोगुनी हो गई है। यह प्रगति न केवल औद्योगिक विस्तार को नई गति देगी बल्कि उपभोक्ताओं को स्थिर एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। ऊर्जा मंत्री ने इसे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में संभव हुई ऐतिहासिक प्रगति बताते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

### वाराणसी में होगा द्वितीय रोजगार महाकुंभ का आयोजन

लखनऊ। प्रमुख सचिव श्रम डॉ एमके शन्मुगा सुंदरम ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्प हर हाथ को काम, हर युवा को सम्मान के संकल्प के अनुसार लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 26 से 28 अगस्त तक प्रथम रोजगार महाकुंभ 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों युवाओं को देश और विदेश में रोजगार मिला। द्वितीय रोजगार महाकुंभ 2025 का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, करौंदी वाराणसी में 9 एवं 10 दिसंबर को किया जा रहा है, जिसमें 293 निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है, जिसमें 27385 रिक्तियों पर भर्ती की जाएगी, जिसके लिए 21685 लोगों द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण कराया जा चुका है।

# गोवंश की ठंड से न हो मृत्यु, किसानों का दुग्ध मूल्य भुगतान समय से हो

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया, गोशालाओं के आर्थिक स्वावलम्बन के लिए आवश्यक है कि गोवंश पूरी तरह स्वस्थ रहे। गोवंश के भरण पोषण का विशेष ध्यान रखा जाए।

राज्य सरकार द्वारा निराश्रित गोवंश के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रति गोवंश हेतु प्रतिदिन भरण पोषण के लिए 50 रूपये धनराशि की व्यवस्था की गयी है। इस धनराशि का पूरा सदुपयोग किया जाए और इसमें कोई भी अनियमितता या फर्जीवाड़ा न हो। कोई भी गोवंश भूखा न रहे और उसके स्वास्थ्य की पूरी निगरानी पशुचिकित्साधिकारी द्वारा की जाए। गोशालाओं में ठंड से बचाव के पूरे इंतजाम किये जाए और किसी भी गोवंश की ठंड से मृत्यु न हो। धर्मपाल सिंह ने विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पशुधन विभाग एवं दुग्ध विकास विभाग की बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। गोशालाओं को और अधिक व्यवस्थित और सुदृढ़ बनाने के प्रयास अधिकारियों द्वारा किये जाए। राज्य सरकार गोसंरक्षण एवं गोआधारितअर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने हेतु गौ-दुग्ध, गोबर, गोमूत्र के व्यवसायिक उपयोग के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाये जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# 74 फीसदी परिषदीय स्कूल में शुरू हो जाएंगी स्मार्ट कलास

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। चालू वित्तीय वर्ष के अन्त तक प्रदेश की 74 फीसदी परिषदीय स्कूलों में स्मार्ट क्लास शुरू हो जाएंगी। वर्तमान में प्रदेश के अनुपातिक रूप से मात्र 46.79 फीसदी परिषदीय स्कूलों में ही स्मार्ट क्लास की सुविधा है। इसमें परिषदीय उच्च प्राथमिक स्कूलों से लेकर कम्पोजिट तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय केजीबीवी आते हैं।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सभी स्कूलों को स्मार्ट क्लास के लिए वाई-फाई सुविधा से पूरी तरह लैस करने की संस्तुति की गई है स्कूलों को पूरी तरह से इंटरनेट सुविधा से लैस करने के निर्देश हैं। बेसिक शिक्षा के अलग-अलग क्षेत्रों में कई कीर्तिमान स्थापित करने के बाद भी यूपी स्मार्ट क्लास के मामले में अभी भी देश के कई राज्यों से पीछे है। समग्र शिक्षा के तहत प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में स्मार्ट क्लास की सुविधा शुरू की गई है।

कई स्कूलों में सीएसआर कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी फण्ड से भी स्मार्ट क्लास शुरू कराए गए हैं। स्मार्ट कलास नियमित रूप से संचालित होती रहें, बड़ी संख्या में बकायदा आईसीटी लैब की स्थापना भी की गई है लेकिन यूपी जैसे बड़े राज्य एवं स्कूलों की अधिक संख्या वाले प्रदेश में यह संख्या ऊंट के मुंह में जीरा जैसी है। जिलेवार स्थितियों को देखें तो कई जिले तो ऐसे हैं, जहां अभी भी लक्ष्य से काफी कम स्मार्ट क्लास शुरू किए जा सके हैं। वहीं तमाम जिले ऐसे में जहां समार्ट क्लास तैयार तो हो गए लेकिन इंटरनेट कनेक्शन न होने या उपकरणों के निश्क्रिय पड़े होने के कारण नॉन फंक्शनल स्मार्ट क्लास के रूप में हैं। बेसिक शिक्षा विभाग जल्द ही बिना इंटरनेट या निष्क्रिय उपकरणों वाले स्मार्ट क्लास को पूरी तरह से सक्रिय कराने की दिशा में काम शुरू करने जा रही है।

लक्ष्य 31 मार्च 2026 रखा गया है जिससे पहले निष्क्रिय स्मार्ट क्लासों को तो शुरू किया ही जाएगा, नए स्मार्ट क्लास शुरू कराने की योजना है। शुरुआत नॉन फंक्शनल स्मार्ट क्लास से किया जाएगा। ऐसे जिले जहां 10 फीसदी से भी कम है। स्मार्ट क्लास के सक्रिय उपकरण जिले का नाम नॉन फंक्शनल स्मार्ट क्लास प्रतिशत में हरदोई 10 संभल 9.76 बिजनौर 9.47 बदायूं 9.44 मुरादाबाद 8.41 मथुरा 8.24 बरेली 8.21 भदोही 7.95 मुजफ्फरनगर 6.92 शाहजहांपुर 6.76 है।

# लखनऊ मंडल ने अंतर मंडलीय सांस्कृतिक (संगीत) प्रतियोगिता-2025 में हासिल की शानदार उपलब्धियां

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल ने अंतर मंडलीय सांस्कृतिक (संगीत) प्रतियोगिता-2025 में हासिल की शानदार उपलब्धियाँ कीं।

05 दिसंबर को आयोजित उत्तर रेलवे के जगाधरी वर्कशॉप में अंतर मंडलीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में दिल्ली डिवीजन, मुख्यालय, फिरोजपुर, लखनऊ, जगाधरी वर्कशॉप, अंबाला, अमृतसर वर्कशॉप, मुरादाबाद, चारबाग लोको तथा आलमबाग कैरिज एंड वैगन की विभिन्न इकाइयों की सांस्कृतिक टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय वादन, सुगम गायन, सुगम वादन एवं लोकगायन की श्रेणियों में प्रस्तुतियाँ आयोजित की गईं। लखनऊ मंडल की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई महत्वपूर्ण पुरस्कार अपने नाम किए। महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे अशोक कुमार वर्मा द्वारा विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विजेताओं मे लखनऊ मण्डल से अनुराग मिश्रा (कार्यालय अधीक्षक/कार्मिक शाखा)- शास्त्रीय वादन में प्रथम पुरस्कार, अथर्व मिश्रा (पुत्र अनुराग मिश्रा)- शास्त्रीय गायन में प्रथम पुरस्कार एवं राघवेंद्र (टी. टी. आई./लखनऊ )- सुगम वाद्य यंत्र में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया द्य लखनऊ मंडल की संपूर्ण टीम ने वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी/ सांस्कृतिक अधिकारी, उ.रे., लखनऊ, अरिमा भटनागर के कुशल मार्गदर्शन में भाग लिया और मंडल की सांस्कृतिक प्रतिभा को उत्कृष्ट रूप से प्रस्तुत किया। मंडल रेल प्रबंधक, लखनऊ ने विजेताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल कर्मचारियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि टीम भाव एवं संगठनात्मक समन्वय को भी सुदृढ़ करते हैं।

### परिवहन निगम को बचाने निकल पड़े कर्मचारी अवध डिपो की सभा आज

लखनऊ। अवध डिपो में कल एक सभा होगी। वर्तमान में परिवहन निगम एवं परिवहन निगम के कार्मिकों पर बहुत भारी संकट है इस संकट को मिटाने के बहुत प्रयास किए गए किंतु कोई समाधान नहीं हुआ आज परिवहन निगम को बचाने एवं परिवहन निगम के कर्मचारियों के भविष्य को बचाने के लिए हमको पूरी ताकत से संघर्ष की जरूरत है। प्रदेश अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जेएन तिवारी ने कहा, पूरे प्रदेश में जन जागरण, मंडलीय बैठक हो रही है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के कर्मचारियों को एक जुट करने और 20 जनवरी को विधान सभा का घेराव करने में परिवहन निगम का सदेव अहम किरदार रहा है जनजागरण की शुरुआत कल 10 दिसंबर से अवध डिपो से हो रही है।

# 'यूपी सीएसआर राउंडटेबल 2025' में 30 से अधिक कंपनियों ने की सहभागिता

समृद्धि न्यूज

▸ युवाओं को उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण से जोड़ने के लिए योगी सरकार की पहल

लखनऊ। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग में ''उत्तर प्रदेश सीएसआर राउंडटेबल 2025 ऑन स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी'' का सफल आयोजन किया गया। इस परामर्श-सत्र में देश की 30 से अधिक प्रमुख कंपनियों, फाउंडेशनों एवं संस्थानों ने भाग लेकर प्रदेश के कौशल एवं रोजगार पारितंत्र को सुदृढ़ बनाने पर विस्तृत चर्चा की।

योगी सरकार के नेतृत्व में राज्य को एक भविष्य-उन्मुख, सक्षम एवं कौशल-प्रधान अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित करने के निरंतर प्रयासों की श्रृंखला में यह आयोजन एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल के मार्गदर्शन में व्यावसायिक शिक्षा को मजबूत करना, प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुधारना, उभरते कौशल क्षेत्रों में पहुंच का विस्तार तथा उद्योग-संलग्न प्रशिक्षण मॉडल को बढ़ावा देना विभाग की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। योगी सरकार के विजन के अनुरूप युवाओं को उद्योग-उन्मुख कौशल से जोड़कर उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार अवसरों का विस्तार किया जा रहा है। प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग डॉ. हरि ओम ने कहा कि प्रदेश सरकार कौशल-आधारित मानव संसाधन निर्माण के लिए व्यापक संरचनात्मक सुधार कर रही है।

# उत्तर प्रदेश रिकॉर्ड रबी उत्पादन लक्ष्य की ओर अग्रसर, 500 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य

समृद्धि न्यूज

▸ दलहन एवं तिलहन उत्पादन प्रोत्साहन हेतु 301 करोड़ रुपए का अनुदान, अब तक का सर्वाधिक 11.12 लाख कुंतल बीज का वितरण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कृषि विभाग, राज्य के किसानों की आय और उत्पादन में सतत वृद्धि हेतु सक्रिय रूप से प्रयासरत है। वर्तमान रबी मौसम 2025-26 के लिए राज्य सरकार ने 138.78 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में फसलों के आच्छादन द्वारा लगभग 500 लाख मी0टन रिकॉर्ड उत्पादन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है, जो विगत वर्ष के उत्पादन लक्ष्य से 21 लाख मी.टन अधिक है।

इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु कृषि विभाग द्वारा उन्नत बीजों के वितरण और अनुदान राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है।कृषि विभाग द्वारा निर्धारित उत्पादन की प्राप्ति के लिए, प्रमुख निवेश के रूप में बीज की उपलब्धता को विगत वर्ष 2024-25 के 7.86 लाख कुं. से बढ़कर वर्तमान रबी मौसम 2025-26 में 11.12 लाख कुं का वितरण कराया गया है। विशेष रूप से, दलहन और तिलहन के उत्पादन को प्रोत्साहित करने हेतु लगभग 24 करोड़ रुपए की धनराशि से लगभग 6.30 लाख किसानों को 23,160 कुं0 बीज मिनीकिट का निःशुल्क वितरण किया गया। गेहूं, जौ, चना, मटर, मसूर, तोरिया, राई सरसों एवं अलसी फसलों के लिए 10.89 लाख कुं0 अनुदानित बीज पीओएस मशीन के माध्यम से 50 फीसदी की सीमा तक एट सोर्स अनुदान पर वितरित किया गया, जिस पर लगभग 277 करोड़ रुपए के अनुदान का लाभ किसानों तक पहुँचाया गया। यह वितरण और अनुदान राशि दोनों ही विगत वर्ष के सापेक्ष क्रमशः 3.26 लाख कुं और 86 करोड़ रुपए अधिक है। कृषि विभाग द्वारा रबी मौसम में 11.12 लाख कुं बीज का वितरण और 301 करोड़ रुपए का अनुदान अब तक कासर्वाधिक है। प्रदेश सरकार का यह प्रयास है कि रबी का रिकॉर्ड उत्पादन प्राप्त करने के लिए न केवल गेहूं के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि हो, बल्कि दलहन एवं तिलहन के उत्पादन में भी रिकॉर्ड वृद्धि की जाए, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो सके।

समारोह

## लखनऊ की एमिटी यूनिवर्सिटी का 21वां दीक्षांत समारोह का आयोजन

# 1730 स्टूडेंट्स को प्रदान की गई यूजी और पीजी की डिग्री

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। एमिटी यूनिवर्सिटी का 21वां दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान 1730 स्टूडेंट्स को यूजी और पीजी की डिग्री दी गई।

इसके अलावा 58 को पीएचडी की उपाधि से नवाजा गया। इस दौरान 127 अवार्ड प्रदान किए गए। जिसमें 33 स्वर्ण, 33 रजत, और 19 कांस्य पदकों के साथ 8 बेस्ट ऑल राउंड स्टूडेंट ट्रॉफियां शामिल रहीं। इसके अलावा 34 स्टूडेंट्स को बलजीत शास्त्री पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान केजीएमयू कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद,




आईआईटीआर के निदेशक डॉ. भास्कर नारायण और एचसीएल लखनऊ के सेंटर हेड ऋषि कुमार को मानद उपाधि दी गई। इस दौरान एमिटी के चेयरमैन असीम चौहान ने उपाधि पाने वाले स्टूडेंट्स से कहा कि इस दुनिया में ब्लेसिंग्स यानी दुआओं से ज्यादा पावरफुल कुछ भी नहीं है। आपके परिवार के अलावा आपके टीचर्स और मेंटर्स की ब्लेसिंग भी हमेशा आपके साथ है।

चौहान ने कहा कि आज एक बार फिर आपको आपके फाउंडर प्रेसिडेंट अशोक चौहान की कहानी सुनाता हूं। उन्हें सरकारी स्कॉलरशिप से जर्मनी जाने का मौका मिला। उनके पिता सरकारी सेवा में थे, इसलिए उन्होंने अपने बेटों को आशीर्वाद देकर विदा किया और सीख दी कि जीवन में हमेशा बड़ों का सम्मान करना। पिता का आशीर्वाद लेकर अशोक चौहान जर्मनी गए और खुद की लगन और कड़ी मेहनत के बलबूते उन्होंने केमिस्ट्री और केमिकल इंजीनियरिंग की क्षेत्र में नाम कमाया। पेट्रो केमिकल इंडस्ट्रियलिस्ट के रूप में उन्होंने बड़ी कामयाबी हासिल की। उन्होंने 8 हजार जर्मन्स को नौकरी दी। वो अपने देश के लिए कुछ करना चाहते थे और इसी मकसद से उन्होंने भारत में एमिटी ग्रुप की स्थापना की। एमिटी विश्वविद्यालय लखनऊ परिसर के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) अनिल वशिष्ठ ने एमिटी विश्वविद्यालय की शानदार उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

डॉ. वशिष्ठ ने कहा कि एमिटी में स्टूडेंट्स के सर्वांगीण विकास को सबसे ज्यादा महत्व दिया जाता है। उन्होंने कहा कि, आप एमिटी विश्वविद्यालय के अच्छे ब्रांड एंबेसडर बनें और उच्च नैतिक मूल्यों और ईमानदारी के साथ दुनियां में चमकें। ये दुनिया आपका इंतजार कर रही है कि आप आगे बढ़ें, अपनी पहचान बनाए, और हमेशा याद रखें कि आपकी यूनिवर्सिटी हर कदम पर आपका हौसला बढ़ाने के लिए आपके साथ है। पद्मश्री डा. सोनिया नित्यानन्द ने मानद डाक्टरेट की उपाधि ग्रहण करते हुए कहा कि यह मेरे लिए अत्यधिक सम्मान का क्षण है। उन्होने कहा कि मेरा एमिटी विष्वविद्यालय के साथ विशेष जुडाव हैं, क्यूकि मेरे पिता पद्मश्री डा. नित्यानन्द और डा. अशोक के. चौहान का बहुत नजदीकि का रिश्ता रहा है।

## खबरें एक नजर में

### सफाई कर्मचारी के साथ गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी में प्रधान पति पर एफआईआर

**खुटार-शाहजहांपुर।** गांव रौतापुर में तैनात सफाई कर्मचारी नितेश कुमार के द्वारा थाना खुटार में प्रार्थनापत्र देकर बताया गया कि वह वर्तमान में ग्राम पंचायत रौतापुर कलां में सफाई कर्मी के पद पर तैनात है। उपरोक्त सफाई कर्मचारी को उपरोक्त ग्राम के वर्तमान प्रधान के पति द्वारा अनावश्यक रूप से जाति सूचक गालियां देने का आरोप लगाया। साथ ही साथ सफाई कर्मी के द्वारा बताया गया कि रविवार के दिन प्रधान के पति का आदेश मानकर निजी कार्य करवाने हेतु बुलाया गया था जिसको मेरे द्वारा मानकर प्रधान पति के निजी कार्य उनके बेटे के शादी में सफाई का काम किया गया था इसके बाद भी ग्राम प्रधान पति के द्वारा उक्त को अभद्र भाषा और गालियों से संबोधित किया गया सफाई कर्मचारी के द्वारा थाना खुटार में दी गई तहरीर के आधार पर खुटार पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मतदाताओं की सुविधा को 9 व 10 दिसंबर को विशेष कैम्प: एडीएम

**शाहजहांपुर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी- एडीएम प्रशासन ने बताया कि विशेष पुनरीक्षण-2026 की प्रक्रिया में जिन अर्ह मतदाताओं को किन्हीं कारणोंवश गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हो सका तथा जिन मतदाताओं के भरे हुए गणना प्रपत्र अभी तक जमा नहीं हो पाये हैं, उन मतदाताओं की सुविधा के लिए विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार निम्नांकित स्थल चिह्नित कर स्थलों पर 9 तथा 10 दिसंबर को विशेष कैम्प लगाये जा रहे हैं। विशेष कैम्पों में लेखपाल नियुक्त किये गए हैं, जो सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक उपस्थित रहकर छूटे हुए मतदाताओं के भरे हुए गणना प्रपत्र प्राप्त करेंगे तथा जिन मतदाताओं को गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुए हैं, उन्हें गणना प्रपत्र उपलब्ध कराकर उनको तत्काल भराकर प्राप्त करने की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि नामित कर्मचारी निर्धारित कैम्प स्थलों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं के गणना प्रपत्रों को प्राप्त किये जाने आदि की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

### कांग्रेसियों ने मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन

**शाहजहांपुर।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री सोनिया गांधी के जन्म दिन पर प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जिला कांग्रेस पार्टी के सरकारी अस्पताल में किसान जिला अध्यक्ष अरुणोद मिश्रा और नगर अध्यक्ष आशीष तिवारी साथ ही कॉंग्रेस कार्यकर्ताओं ने भर्ती किए हुए रोगियों तथा अस्पताल के स्टाफ को सेब, बिस्कुट बाटें और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए कामनाएँ की।

### परीक्षा देने जा रहे भाई बहन को ई-रिक्शा ने मारी टक्कर, दोनों गंभीर रूप से घायल

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** जलालाबाद थाना क्षेत्र में एक ई–रिक्शा ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार भाई–बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। यह घटना सोमवार क़ो कसारी मोड़ के पास हुई। सैजना गांव निवासी रीमा देवी अपने भाई मोहित के साथ बीएससी की परीक्षा देने मिर्जापुर जा रही थीं। रीमा देवी बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा हैं और आज उनका चौथा पेपर था। कोला पुल से पहले कसारी मोड़ पर पहुंचते ही एक पेट्रोल पंप से निकले ई–रिक्शा चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों भाई–बहन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को संभाला और एम्बुलेंस बुलाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद भिजवाया। हादसे के बाद ई–रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया।

### ईंट से युवक का सिर फोड़ा

**सिंधौली-शाहजहांपुर।** गांव सिसैया निवासी सुरजीत ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह मंगलवार की सुबह गाँव में अपने चचेरे भाई की परचून की दूकान पर बैठा गन्ना सेन्टर सम्बन्धी बातें कर रहा था। इसी दौरान शराब के नशे में मौके पर आये गाँव के ही एक युवक ने बेवजह गाली देना शुरू कर दिया। आरोप है कि विरोध करने पर उसने मौके पर पड़ी ईंट मारकर उसका सिर फोड़ दिया। पुलिस ने घायल को को उपचार हेतु भेजा है।

### घर में घुसकर मारपीट का आरोप

**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** क्षेत्र के रुस्तमपुर चक निवासी जगदीप सिंह ने बताया कि उनका प्रतिपाल शर्मा पुत्र चमनलाल शर्मा निवासी चिनौर शाहजहांपुर से जमीनी विवाद चल रहा है। प्रतिपाल शर्मा प्रशासनिक अधिकारी व अन्य अधिकारियों से राजनैतिक दवाव बनाकर उनके सहयोग से वादग्रस्त आराजी है जबरिया कब्जा करने का प्रयास कर चुका है किन्तु असफल रहा। प्रतिपाल शर्मा अपने भाई किशनपाल शर्मा व रवि शर्मा व विपिन कुमार शर्मा निवासी चिनौर गाली गलौज की जबरिया घर में घुसकर मारपीट की। इस संबंध में जब थाना प्रभारी से मोबाइल पर बात की तो उन्होंने बताया प्रार्थना पत्र देने की उन्हें जानकारी नहीं है प्रार्थना पत्र दिए आएगा तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

### एक साथ उठी तीन अर्थियां, हर किसी की आंखे हुई नम

**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** परशुराम पुरी के चार युवक बृन्दावन कार से जा रहे थे। एक्सप्रेस वे पर कार ट्रेक्टर की ट्राली में जा घुसी, जबरदस्त टक्कर होने से कार बीस फिट खाई में जा गिरी। जिससे तीन युवकों निकुंज गुप्ता उम्र 28 वर्ष, राजन गुप्ता उम्र 28 वर्ष, सौरभ वर्मा 25 वर्ष की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई और एक साथी गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसको आगरा अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गम्भीर होने की वजह से परिजनों ने मरीज को बरेली रेफर करवा लिया। जहाँ उसका इलाज चल रहा है। तीनो शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शवों को मृतकों के परिजनों को सौंप दिया। शाम लगभग आठ बजे घर मे आ गये थे। जिनका अंतिम संस्कार के लिए आज मंगलवार को दस बजे सुबह तीनो शवों की अर्थियां एक साथ रामगंगा पर ले जाई गई। उनके साथ हजारों सख्या में भीड़ चल पड़ी और तीनों को एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। एक साथ तीनों शवों को देख कर हर किसी की आँखों में आंसू आ गये। पूरे कस्बे में मातम छाया रहा।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन, पशुओं का ध्यान परिवार की तरह करें: मानवेन्द्र सिंह चौहान

**शाहजहांपुर।** ब्लॉक भावलखेड़ा की ग्राम पंचायत रामापुर बरकतपुर के पैंतापुर में रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान पति एवं वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के प्रतिनिधि मानवेन्द्र सिंह चौहान उपस्थित रहे। आयोजकों ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत और सम्मान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ चौहान ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर तथा तिलक पूजन से किया। इसके बाद गौ माता को माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर कार्यक्रम आगे बढ़ाया गया। मानवेन्द्र सिंह चौहान ने ग्रामीणों से कहा कि सर्दी का मौसम तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में जिस प्रकार परिवार के बुजुर्गों और बच्चों की देखभाल जरूरी है, उसी प्रकार अपने पशुओं के प्रति भी विशेष सतर्कता बरतें। उन्होंने कहा कि पशुओं को ठंडे चारे या सर्द चीजें न खिलाएं और रात में खुले में न बांधें। सर्दी समाप्त होने तक उन्हें छप्पर आदि के भीतर रखें तथा जरूरत पड़ने पर बोरी या फट्टी की झूलें पहनाकर सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि पशु हमारे परिवार का ही हिस्सा हैं। वे स्वस्थ रहेंगे तो परिवार भी परेशानियों से दूर रहेगा और धन की बचत भी होगी। उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पशुपालकों को प्रोत्साहन दे रहे हैं तथा गाय पालने वालों को सरकार द्वारा सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है। मेले में क्षेत्र के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे और अपने पशुओं की समस्याओं के बारे में जानकारी दी। पशु चिकित्सकों ने विभिन्न बीमारियों के अनुसार दवाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराई। कार्यक्रम में डॉ. रिजवी, अरविंद वर्मा सहित स्टाफ के इंद्रजीत, कुलदीप, सूरज सिंह, पारस आदि उपस्थित रहे।

# गौशालाओं में भूख-प्यास से तड़पकर दम तोड़ रहे गोवंश

- राधा सेवा संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सौंपी अधिकारियों को शिकायत, कार्रवाई की मांग

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

कलान तहसील क्षेत्र में निराश्रित गो-आश्रय स्थल जहां पर इन दिनों चारा और चिकित्सा के अभाव में गोवंश दम तोड़कर सरकारी दावों की पोल खोल रहे हैं। लग रहा है इन दिनों इनकी देखभाल अधिकारियों की प्राथमिकता पर नहीं है। बेसहारा गोवंशों के संरक्षण के लिए सरकार की ओर कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसमें उनके संरक्षण से लेकर खाने व चिकित्सा तक की व्यवस्था है। लेकिन कलान तहसील तक आते आते ये सरकारी योजनाएं सिर्फ कागजों तक ही सीमित होती नजर आ रही है। इसकी हकीकत कलान ब्लॉक की ग्राम पंचायत विचोला के मिर्जानपुर कटिया में स्थित गौशाला में आसानी से देखी जा सकती है। इस गोशाला में प्रति महीना लाखों रुपये भूसे, चूरी-चोकर व कर्मचारियों व चिकित्सा सुविधाओं पर पर खर्च किया जाता है, मगर यहां गोवंश इलाज और भूख से तड़प कर दम तोड़ रहे हैं जिन्हें देखने वाला कोई नजर नहीं आ रहा। रविवार को राधा सेवा संस्था कलान की राष्ट्रीय अध्यक्ष तारा यादव के साथ अमर प्रभात,साहसी इंडिया 18 न्यूज की टीम ने क्षेत्र के दो आश्रय स्थलों मिर्जानपुर कटिया और सनाय में बनी गौशाला का लाइव किया, तो गौशालाओं में तड़प रहे गोवंश ने सरकारी दावों की पोल खोल दी। जबकि सरकार में गोवंश के बेहतर इलाज के लिए पशु चिकित्सको की भी तैनाती है। मानकों के अनुसार उन्हें प्रतिदिन गोशाला में जाकर जांच करनी होती हैं। मगर इस गोशाला में कभी कभी ही चिकित्सक दिखाई देते हैं। गौशाला में गायों के खाने के लिए सिर्फ सड़ा हुआ पुआल पड़ा हुआ था। दाने,चोकर और हरे चारे की कोई भी व्यवस्था नहीं थी। गौशाला का जायजा लेने पहुंची तारा यादव ने बताया कि विचोला ग्राम पंचायत के मिर्जानपुर कटिया की गौशाला की हालत दयनीय है। यहां गोवंश भूख प्यास से दम तोड़ रहे हैं उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। जब इस संबंध में गोपालक मेघनाथ से जानकारी ली गई तो उसने बताया कि लगभग ढाई महीने से अधिक समय पहले से हरा चारा नहीं है सूखा पुआल ही खिला रहे हैं। इसी बीच गौशाला में पहुंचे प्रधान पुत्र नेत्रपाल ने सोमवती,ज्ञानदेवी,व अन्य 20 अज्ञात साथियों के साथ मिलकर राधा सेवा संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष तारा यादव के साथ अमर्यादित व्यवहार किया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उक्त दबंगों ने उनके ऊपर जान से मारने की नियत से डंडे से हमला किया। तारा यादव ने किसी तरह बमुश्किल दबंगों से अपनी जान बचाई। दबंगों ने मौके पर मौजूद मीडिया से भी अभद्रता की। सूचना पर पहुंची पुलिस तारा यादव को दबंगों के चंगुल से सकुशल बाहर निकाल कर लाई। सोमवार को तारा यादव ने जिला मुख्यालय पर पहुंचकर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ अपराजिता सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी को शिकायती पत्र सौंपते हुए गौशाला की जांच करवाने के साथ ही दबंग प्रधान पुत्र नेत्रपाल सहित 20 अज्ञात लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष तारा यादव ने बताया यदि प्रशासन इस मामले में कार्रवाई नहीं करता है तो वह अपने संगठन के तमाम कार्यकर्ताओं के साथ जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने के साथ ही मुख्यमंत्री दरबार तक पैदल मार्च करने को बाध्य होगी। इस मामले में जिला परियोजना निदेशक (पीडी) अवधेश राम ने बताया मामले में जिला स्तरीय जांच टीम गठित कर दी गई है दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने दबंगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश कलान पुलिस को दिए हैं।

## गौ रक्षक संघ ने किया गौशाला का निरीक्षण

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** जनपद की जैतीपुर थाना क्षेत्र की एक गौशाला के निकट दर्जनों गोवंश के अवशेष मिलने के बाद राष्ट्रीय गौरक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने घटना पर नाराजगी जताते हुए जिला अधिकारी सहित जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत की,तो वहीं उन्होंने मुख्यमंत्री से भी कार्यवाही की मांग की है। राष्ट्रीय गौ रक्षक संगठन प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें सूत्रों से जानकारी मिली कि जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव आलमपुर की गौशाला के निकट दर्जनों गोवंश के अवशेष बिखरे हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष के अनुसार सूचना मिलते ही वह अपने संगठन के पदाधिकारियों और समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे जहां की स्थिति देखकर उन्हें काफी हैरानी हुई क्योंकि जगह–जगह गोवंश के अवशेष बिखरे हुए थे यहां तक एक नवजात गाय का बच्चा भी वहां पर पड़ा था जिसे कुत्ते नोच रहे थे।प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने गोवंश के अवशेष जमा कर उनका सम्मान पूर्वक अंतिम संस्कार कराया तो वहीं घटना की जानकारी जिलाधिकारी सहित जिम्मेदार अधिकारियों को देखकर इस अप्रिय स्थिति के लिए जिम्मेदारों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। पंडित अजीत शर्मा ने नाराजगी जताते हुए कहा कि विकासखंड अधिकारी और सचिव की लापरवाही के चलते यह घटना होना प्रकाश में आ रहा है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा गोवंश को संरक्षण देने के तमाम प्रयासों पर इस घटनाक्रम को हमला करार देते हुए मुख्यमंत्री से जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। इसी बीच पुलिस फोर्स जैतीपुर नगर अध्यक्ष कृष्णा गंगवार जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र राठौर कई लोग मौजूद रहे।

# फर्जी तरीके से पंजीकरण कराकर धान बिक्री मामले में दो लेखपाल निलंबित

- जिला खरीद अधिकारी ने शिकायत बाद एसडीएम न्यायिक से कराई थी जांच
- डीएम ने जांच रिपोर्ट उपरांत की बड़ी कार्यवाही

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

एडीएम प्रशासन एवं जिला खरीद अधिकारी रजनीश कुमार मिश्रा के वाट्सएप के माध्यम से शिकायतकर्ता द्वारा सूचना दी गयी कि पंजीकरण प्रपत्र संख्या 1520677928 पंजीकरणकर्ता आकाश गुप्ता ग्राम धर्मपुर कंजा तहसील तिलहर द्वारा फर्जी तरीके से पंजीकरण कराकर धान विक्रय किया गया। जिसको गंभीरता से लेते हुए एडीएम प्रशासन ने उक्त मामले की जांच के लिए एसडीएम न्यायिक जलालाबाद को जांच दी गई, उनके द्वारा सत्यापन की जांच कर 27 नवम्बर को अपनी जांच सौंप दी गयी। जांच में पाया गया कि सम्बन्धित लेखपाल द्वारा प्रपत्र की गहनता से जांच न कर गलत तरीके से सत्यापन किया गया, जिस पर डीएम द्वारा कार्यवाही करते हुए 1 दिसंबर को सम्बन्धित लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया। साथ ही पंजीकरणकर्ता आकाश गुप्ता के विरूद्ध किसी अन्य कृषक की भूमि का प्रयोग कर उसका सत्यापन कराने एवं धान विक्रय किए जाने के दृष्टिगत पृथक से विधिक कार्यवाही की जा रही है। वही दूसरी शिकायत में सिमरनजीत सिंह द्वारा एडीएम प्रशासन को बताया गया कि तहसील पुवायां क्षेत्रान्तर्गत पंजीकरण संख्या 1520663519 पंजीकरणकर्ता विचित्र कुमार ग्राम सिसौरा सिसौरी तहसील पुवायां द्वारा फर्जी पंजीकरण कर धान विक्रय किया गया। जिसके बाद एडीएम प्रशासन ने 3 दिसंबर को जांच के लिए एसडीएम न्यायिक पुवायां को निर्देशित किया। जांच में पाया गया कि उक्त प्रपत्र का सत्यापन सम्बन्धित लेखपाल द्वारा बिना जांच किए गलत किया गया एवं पंजीकरणकर्ता विचित्र कुमार द्वारा आवेदन पंजीयन में अभिलेखों में हेरफेर कर अवैध तरीके से धान विक्रय किया गया। डीएम द्वारा कार्यवाही करते हुए 8 दिसंबर को सम्बन्धित लेखपाल को निलम्बित कर दिया गया एवं पंजीकरणकर्ता विचित्र कुमार एवं उनके साथी गजेंद्र सिंह, अमन सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

# आज से बंटेगा नि:शुल्क खाद्यान्न: डीएसओ

**शाहजहांपुर।** दिसम्बर के सापेक्ष खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण एवं अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास अक्टूबर से दिसम्बर के सापेक्ष चीनी का वितरण सशुल्क वितरण कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। डीएसओ चमन शर्मा ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा योजनान्तर्गत गरीब लाभार्थियों के आर्थिक बोझ को कम करने तथा राष्ट्रीय एकरूपता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एनएफएसए में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को जनवरी 2024 से 5 वर्ष हेतु नि:शुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने उक्त के दृष्टिगत माह दिसम्बर के सापेक्ष वितरित होने वाले खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण 10 दिसंबर से 28 दिसंबर के मध्य किया जाएगा। इसके अंतर्गत अन्त्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेहूं व 21 किलोग्राम चावल कुल 35 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति कार्डधारक नि:शुल्क एवं चीनी 18 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से 3 किलो प्रति कार्ड वितरण किया जाएगा। पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को प्रति यूनिट 2.0 किलोग्राम गेहूं, 3.0 किलोग्राम चावल कुल 05 किलोग्राम खाद्यान्न नि:शुल्क वितरित किया जाएगा। खाद्यान्न के नि:शुल्क वितरण की सुविधा पोर्टेबिलिटी के माध्यम से भी अनुमन्य रहेगी। ऐसे लाभार्थी जिनका कतिपय कारणों से अंगूठा ई-पॉस मशीन पर नहीं लग रहा है उन्हें मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से भी 28 को खाद्यान्न वितरित किया जाएगा।

# नगरायुक्त-सीडीओ ने एसटीपी प्लांट का निरीक्षण



**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त डा. बिपिन कुमार मिश्र एवं सीडीओ डा.अपराजिता सिंह ने मंगलवार को संयुक्त रुप से नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत स्थित मोहल्ला मघईटोला में एसटीपी प्लांट का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने प्लांट के बारे में वहां मौजूद इंजीनियरों से जानकारी जुटाई। सीडीओ ने प्लांट में होने वाले कामकाजों के बारे में विस्तार से समझा और दिशा निर्देश दिए निरीक्षण के समय अपर नगर आयुक्त, महाप्रबंधक जल, अधिशासी अभियंता जल निगम, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय, सहायक अभियंता जल निगम आदि उपस्थित रहे।

# उम्मीद पोर्टल पर 1256 वक्फ संपत्तियां नहीं हो सकी पंजीकृत, अब ट्रिब्यूनल का खटखटाएंगे दरवाजा

- 2589 संपत्तियों में 1333 लोग ही पेश कर सके वक्फ संपत्तियों का ब्यौरा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




> छह दिसंबर वक्फ संपत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराने की अंतिम तिथि रखी गई थी। अब जिनका आनलाइन डाटा किंही कारणों से नहीं हो पाया है, वह लोग वक्फ ट्रिब्यूनल कोर्ट जाकर आर्डर कराकर संपत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर दर्ज करा सकते हैं। बाकी जिन संपत्तियों का आनलाइन रिकार्ड आया है, उनको सही से चैक भी किया जा रहा है।
>
> –रोहित कुमार, प्रभारी अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ।

यूपी में वक्फ संपत्तियों की डिजिटल सूची बनाने के मकसद से लांच किए उम्मीद पोर्टल पर भी आखिरी तारीख 6 दिसंबर तक 2589 संपत्तियों में 1333 वक्फ संपत्तियों का ब्योरा नहीं दर्ज हो सका, जबकि 1256 संपत्तियों किंही आनलाइन पोर्टल पर दर्ज नहीं हो सकी। वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण के लिए अब संबंधितों को वक्फ ट्रिब्यूनल (एक विशेष न्यायिक निकाय) में संपर्क करना होगा। लोकसभा में वक्फ संशोधन कानून-2025 में पारित होने के बाद केंद्र सरकार ने प्रदेश में वक्फ संपत्तियों का ब्योरा मांगा था। जिले में सुन्नी और शिया समुदाय की कुल 2589 वक्फ संपत्तियां हैं। संपत्तियों का ब्योरा उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराने के लिए पंजीकरण कराने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को दिए थे। विभाग ने इसके लिए प्रचार-प्रसार के साथ बैठकें भी कीं, लेकिन समय सीमा के अंदर मात्र 1333 वक्फ संपत्तियां ही पोर्टल पर दर्ज हो सकी है। शेष संपत्तियों ने पंजीकरण क्यों नहीं किया, इस पर विभाग पोर्टल में बाधा आने आने की बात कह रहा है। पंजीकरण की तिथि न बढ़ने से अब वक्फ संपत्तियों के जिम्मेदारों को वक्फ ट्रिब्यूनल का सहारा लेना होगा। हालांकि जिन लोगों की वक्फ संपत्ति उम्मीद पोर्टल पर दर्ज नहीं हो सकी है, वह लोग कलेक्ट्रेट स्थित अल्पसंख्यक कल्याण दफ्तर में आकर जानकारी जुटा रहे हैं, कि आगे कैसे प्रक्रिया कर वह वक्फ संपत्तियों को आनलाइन करा सकते हैं।

# आईजीआरएस रैकिग में जिले ने पाया प्रदेश में प्रथम स्थान

- एसपी राजेश द्विवेदी के कुशल निर्देशन में आईजीआरएस कार्य को अधिक प्रभावी व जनहितकारी बनाया गया

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

एसपी राजेश द्विवेदी के कुशल निर्देशन में माह नवम्बर 2025 आई.जी.आर. एस रैंकिंग में जनपद को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ हैं। मुख्यमंत्री के महत्वाकांक्षी आई.जी.आर.एस जनसुनवाई, समाधान पोर्टल के माध्यम से आमजन की समस्याओं के ऑनलाइन निस्तारण हेतु शासन द्वारा सुदृढ़ व्यवस्था लागू की गई है, जिसकी समीक्षा स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा प्रतिमाह की जा रही है तथा प्रत्येक जनपद का मासिक मूल्यांकन कर रैंकिंग निर्धारित की जाती है। इसी क्रम में एसपी राजेश द्विवेदी के कुशल निर्देशन में तथा एसपी ग्रामीण भँवरे दीक्षा अरुण के पर्यवेक्षण में जनपद में आई.जी.आर.एस कार्य प्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाया गया। जनपद स्तरीय आई.जी.आर.एस प्रभारी शिवदीन वर्मा द्वारा कांस्टेबिल उमंग कुमार सहित पूरी आईजीआरएस टीम को सक्रिय करते हुए शिकायतों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया। आईजीआरएस टीम द्वारा 24 घंटे निरंतर अथक प्रयास कर प्रत्येक शिकायत का समाधान कराया गया तथा उच्च गुणवत्ता की आख्या अपलोड की गई। माह नवम्बर 2025 में कुल 3245 शिकायतें पोर्टल पर प्राप्त हुई, जिनमें से समस्त शिकायतों का निस्तारण समयावधि के भीतर गुणवत्तापूर्वक कराया गया। उत्कृष्ट कार्यप्रणाली और टीमवर्क के परिणामस्वरूप जनपद को प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जिसमें जनपद को पूर्णांक 125 में से 125 अंक प्राप्त हुए तथा जनपद के 19 थानों ने भी प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि एसपी राजेश द्विवेदी के सतत निर्देशन, निगरानी एवं टीमवर्क पर आधारित कार्यप्रणाली का परिणाम है, जिसने जनपद को प्रदेश में शीर्ष स्थान दिलाया। पुलिस जनसुनवाई प्रणाली को और अधिक प्रभावी, संवेदनशील एवं पारदर्शी बनाने हेतु इसी प्रकार सतत कार्यरत रहेगी।

# 12 किशोर श्रमिकों का चिन्हांकन, सेवायोजकों को निरीक्षण टिप्पणी जारी

- सभी माता-पिता अपने बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश में चलाए जा रहे विशेष बाल श्रम अभियान के अंतर्गत मंगलवार को बाल-किशोर श्रम चिन्हांकन अभियान में जनपद के निगोही बाजार स्थित मोटरसाइकिल रिपेयरिंग व अन्य प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण करते हुए कुल 11 निरीक्षणों के सापेक्ष 12 किशोर श्रमिकों का चिन्हांकन किया गया और सेवायोजकों को निरीक्षण टिप्पणी जारी की गई। डीएम द्वारा गठित टास्क फोर्स के सदस्यों में श्रम प्रवर्तन अधिकारी ओम प्रकाश, श्रम प्रवर्तन अधिकारी राजेश कुमार सिंह, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट से कांस्टेबल प्रवेश कुमार व कांस्टेबल राजेंद्र सिंह, चाइल्डलाइन से दिवाकर मिश्रा, पेस संस्था से गोपाल मिश्रा व अभिषेक सिंह उपस्थित रहे। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया की शासन के निर्देशन से पूरे प्रदेश में 15 दिसंबर तक विशेष बाल श्रम अभियान संचालित किया जा रहा है, सभी सेवायोजको को मौके पर निरीक्षण टिप्पणी जारी कर उपलब्ध कराई गई और सेवायोजको को हिदायत दी गई कि अपने प्रतिष्ठानों पर 18 वर्ष से कम उम्र के बाल एवं किशोर श्रमिकों का नियोजन न करें। सभी माता-पिता अपने बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें।

# नववर्ष पर मिलेगा जनपद वासियों को एयरपोर्ट की तर्ज बना बस अड्डा

- 19 करोड़ की लागत से हुआ रोडवेज बस स्टैंड का सौंद्रर्यीकरण, मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नववर्ष पर जनपदवासियों को एयरपोर्ट की तर्ज पर बने बस अड्डे की सौगात मिलेगी। रोडवेज बस अड्डे का सौंद्रीर्यकरण 19 करोड़ की लागत से सीएनडीएस संस्था के द्वारा कराया गया हैं, जोकि लगभग पूर्ण हो चुका हैं, जल्द ही परिवाहन विभाग को सौंप दिया जाएगा। शाहजहांपुर का बस अड्डा एयरपोर्ट की तर्ज पर बनाया गया हैं। जिसके सौंन्द्रीयकरण का 19 करोड़ की लागत से हुआ है। बस अड्डे के सौंन्द्रीयकरण का कार्य इस माह पूर्ण होने के बाद परिवाहन विभाग को सौंप दिया जाएगा, जिससे एयरपोर्ट की तर्ज से बने बस अड्डा की सौगात जनपद वासियों को नए साल में मिलने की संभावना जताई जा रही हैं। जहां पर दो हाल बनाए गए हैं। यात्रियों की सुविधाओं के लिए इन हालों का प्रयोग किया जाएगा, हाल पूर्णता वाताअनुकूलित बनाए गए हैं। बस अड्डे के सौन्द्रीयकरण से यात्रियों को काफी लाभ पहुंचने वाला हैं यदि किसी यात्री की बस लेट है या वह पहले पहुंच गया है तो वह इन वातानूकिलत हालों में बैठकर इंतजार कर सकते है और खरीदारी भी कर सकते हैं। इसके लिए लिफ्ट की भी सुविधा प्रदान की गई हैं, जिससे लोगों को सीढियां चढने में परेशानी का सामना न करना पड़े। एयरपोर्ट की तर्ज से बने बस अड्डे से जनपद वासियों को काफी सुविधा होने वाली हैं।

### 10 करोड़ की लागत से बनी वर्कशाप

बस अड्डे के निर्माण के साथ शाहजहांपुर पुवायां रोड़ पर 10 करोड़ की लागत से वर्कशाप का सौन्द्रीयकरण कराया गया हैं। जिससे बसों की मरम्मत कार्य तेजी हो सकेंगे और बसें फिट रहेंगे। जिससे बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना नही करना होगा और बसें साफ सुथरी उन्हें उपलब्ध हो सकेंगे।

### 12 करोड़ की लागत से बना सैटेलाइट बस अड्डा

जनपद वासियों को जल्द ही अहमदपुर नियाजपुर में बन रहे सैटेलाइट बस अड्डे की भी नए साल में सौगात मिलेगी। जिससे जनपद वासियों को यहां से अन्य जनपदों के साथ ही गैर राज्यों में जाने के लिए काफी लाभ मिलेगा। क्योंकि अन्य जनपदों के साथ ही गैर राज्यों की बसों का यहां पर स्टाप होगा और सवारियों को यहां से बसें उपलब्ध हो सकेंगे, जिससे जनपद वासियों को गैर राज्यों का सफर करने में काफी सहुलियत होगी। जिससे व्यापार के साथ ही अन्य लाभ यहां के लोगों को पहुंचने वाले हैं।

> स्थानीक अभियंता सीएनडीएस सुशील कुमार ने बताया कि रोडवेज बस स्टैंड, वर्कशॉप व सेटेलाइट बस स्टैंड कार्य पूर्ण हो चुका है। जिसमें रोडवेज वर्कशॉप पर कार्य शुरू हो गया है। परिवहन निगम अधिकारियों द्वारा निरीक्षण भी कर लिया गया है, साफ सफाई आदि कार्य 10–15 दिन में पूरा करा लिया जाएगा। जिसके बाद बिल्डिंगों का हैंडओवर परिवहन निगम को कर दिया जाएगा। नववर्ष तक जनपदवासियों को सौगात के रुप में रोडवेज बस स्टैंड, वर्कशॉप व सेटेलाइट मिल जाएगा।

# दो लोगों को अवैध शराब के साथ किया गिरफ्तार



**खुटार-शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र खुटार के अंतर्गत थाना खुटार प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र रावत व अन्य पुलिस बल आबकारी की संयुक्त टीम के द्वारा अवैध शराब की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे हैं अभियान के अंतर्गत मंगलवार शाम मय फोर्स विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई। जिसमें दो लोगों को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की गई।

> आज शाम को आबकारी की संयुक्त टीम के साथ मय फोर्स अवैध कच्ची शराब की रोकथाम है तो छापेमारी की गई थी जिसमें दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिनके खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर विधि कार्रवाई की जा रही है।
>
> –राजेंद्र रावत, थाना प्रभारी खुटार

# बीडीओ ने किया प्रा.वि. नई बस्ती का निरीक्षण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

खण्ड शिक्षा अधिकारी भावलखेड़ा विनय मिश्रा द्वारा प्राथमिक विद्यालय नईबस्ती का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियां, स्वच्छता, हरियाली एवं नवाचारपूर्ण पहलें विशेष रूप से प्रशंसनीय रहीं। विद्यालय में भारतीय भाषा उत्सव में बच्चों ने विभिन्न भाषाओं में अपना परिचय देने का सफल प्रदर्शन किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी विनय मिश्रा ने पुस्तकालय, लर्निंग कार्नर, आर्ट व प्ले कार्नर तथा बाल वाटिका कक्ष सहित बेसिक शिक्षा परिषद का टोल फ्री नंबर, बाल अधिकार, भोजन मेन्यू, हेल्पलाइन नंबर आदि की वाल पेंटिंग का अवलोकन किया गया।



विद्यालय में 148 पंजीकृत बच्चों में से 115 छात्र उपस्थित रहे उपस्थिति संतोषजनक थी। निरीक्षण में विद्यालय के बच्चों ने भारतीय भाषा उत्सव के अन्तर्गत विभिन्न भाषाओं में अपना परिचय देते हुए सफल प्रदर्शन किया। जिसमें आरुषि, नन्दनी, सोनी, शालू, जोहा, मुस्कान, बेबी , सुहानी, आर्यन बच्चे थे। कक्षा में सहायक अध्यापिका प्रेक्षा अवस्थी द्वारा बच्चों के साथ मिलकर बनाए गए टीएलएम और सजावट की विशेष सराहना। विद्यालय परिसर की स्वच्छता और किचन गार्डन आकर्षण का केंद्र रहा। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता उत्कृष्ट पाई गई। निरीक्षण के समय विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षा मित्र पूरी तरह उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक राजकुमार तिवारी, शिक्षक शिवकुमार, प्रेक्षा अवस्थी, गौरी मिश्रा, कल्पना सिंह सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

## युवक रहस्यमय ढंग से लापता

**बंडा, शाहजहांपुर।** खेत पर छुट्टा पशुओं को भगाने गया युवक रहस्यमयी ढंग से गायब हो गया। काफी तलाश के बाद परिजनों ने इसकी सूचना बंडा पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। बंडा के गांव रसूलपुर गढ़िया निवासी अमर सिंह ने पुलिस को बताया कि उसका 28 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार यादव सोमवार सुबह करीब छह बजे घर से साइकिल लेकर छुट्टा पशुओं को खेत से भगाने गया था। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वह घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। जहां खेत पर यूकेलिप्टस पेड़ के पास उसकी चप्पलें और कुछ दूरी पर साइकिल खड़ी मिली। परिजनों ने उसके रहस्यमयी ढंग से गायब हो जाने पर अनहोनी की आशंका जताते हुए बंडा पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की जिस पर बंडा पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस मामले में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच जारी है।

## कोई सुनने को नहीं तैयार..., ई-स्मार्ट कार्ड में यात्रियों के लाखों रुपए बर्बाद

- तहसील और ब्लाक क्षेत्र के यात्रियों ने बनवाए थे ई-बसों के ई-स्मार्ट कार्ड
- ई-बसें बंद होने के बाद यात्रियों के रूपए फंसे

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जनपद में 25 ई-बसों का संचालन किया गया था, जोकि तहसील और ब्लाक क्षेत्र में भी चलती थी। उसी दौरान रोजाना शहर आने वाली सवारियों ने ई-बसों के स्मार्ट कार्ड बनवा लिए थे। लेकिन किन्ही कारणवश तहसील और ब्लाक क्षेत्र में चलने वाली ई-बसों को बिना पूर्व सूचना के बंद कर दिया गया, जिससे कई यात्रियों के लाखों रुपए ई-स्मार्ट कार्ड में फंस गए और उनके लाखों रूपए बर्बाद हो गए। लेकिन सवारियों की कोई सुनने वाला नही हैं और सभी बसें शहर में दौड़ाई जा रहीं हैं, हालांकि यह बसें घाटे में ही शहर में चल रहीं हैं। बतादें कि जनपद को 25 ई-बसें नगर विकास विभाग की ओर से उपलब्ध कराई गई थी। जिन्हें शहर के अलावा तहसील और ब्लाक क्षेत्र में चलाया गया था। ई-बसों का तहसील और ब्लाक क्षेत्र में संचालन होने से शहर को रोजाना आने जाने वाले लोगों को काफी सुविधा होती थी और ई-बसों की इनकम भी डेढ लाख रुपए रोजाना होती थी। इसी दौरान कुछ लोगों ने ई-बसों की ओर से दी जा रही ईस्मार्ट कार्ड पर 10 प्रतिशत छूट का लाभ उठाने के लिए ईस्मार्ट कार्ड बनवा लिए थे और किराए में 10 प्रतिशत की छूट पाते थे। लेकिन दो सप्ताह पूर्व बिना सूचना दिए ई-बसों का संचालन तहसील और ब्लाक क्षेत्र में बंद कर दिया गया और 21 ई-बसों का संचालन शहर में कर दिया गया, हालांकि 21 बसों का संचालन शहर में होने से इनकम काफी कम हुई हैं या कहें कि नाममात्र के लिए 5 से 6 हजार रुपए हो रही हैं, जोकि पहले डेढ लाख के करीब हुआ करती थी, लेकिन शासनादेश का हवाला देते हुए ई-बसों का संचालन तहसील और ब्लाक क्षेत्र से बंद कर दिया गया, जिससे जिन लोगों ने ईस्मार्ट कार्ड बनवाए हुए थे उनके पैसे फंस गए या कहें कि उन यात्रियों के लाखों रुपए बर्बाद हो गए हैं, जिनका वह यूज नही कर सकते हैं और कोई सुनने वाला भी नही हैं। कई यात्रियों ने बताया यदि पहले सूचना देकर ई-बसों का संचालन बंद किया जाता तो शायद उनके पैसे ईस्मार्ट कार्ड में नहीं फंसते, लेकिन बिना सूचना के देहात क्षेत्र से संचालन बंद किया गया, जिससे उनके पैसे बर्बाद हो गए। हालांकि ई-बसों का संचालन तहसील और ब्लाक क्षेत्रों से बंद होने से जहां सवारियों को आवागमन में दिक्कत का सामना करना पड़ता हैं तो वहीं ई-बसों की इनकम पर भी बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा हैं, या कहें कि इनकम नाममात्र को हो रही हैं। लेकिन इस ओर न तो कोई विभागीय अधिकारी ध्यान दे रहा है और न ही कोई जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहा हैं, हालांकि बसों का संचालन देहात क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों के अनुरोध पर ही किया गया था, लेकिन इसबार कोई आवाज उठाने को तैयार नही हैं।

## पीएम कुसुम योजना में सोलर पम्प की बुकिंग की अंतिम तिथि 15 दिसंबर: डीडी कृषि

**शाहजहांपुर।** प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजनान्तर्गत सोलर पम्प की बुकिंग हेतु विभागीय पोर्टल 26 नवम्बर से दिनांक 15 दिसंबर तक खुला है। डीडी कृषि पीके मिश्रा ने बताया कि बुकिंग के लिए कृषकों का पंजीकरण कृषि विभाग के वेबसाइट पर होना अनिवार्य है, जिसके अनुदान पर सोलर पम्प हेतु बुकिंग करें लिंक पर क्लिक करके ऑनलाइन बुकिंग की जा सकती है। ऑनलाइन बुकिंग के साथ 5000 टोकन मनी के रूप में ऑनलाइन जमा करना होगा। कृषक अपनी आवश्यकतानुसार सोलर पम्प का चयन कर आगे बढ़ सकते हैं। 2 एचपी हेतु 4 इंच, 3 एवं 5 एचपी हेतु 6 इंच तथा 7.5 एवं 10 एचपी हेतु 8 इंच की बोरिंग होना अनिवार्य है। किसान की स्वयं की बोरिंग होगी। 22 फीट तक 2 एचपी सरफेस पम्प, 50 फीट तक 2 एचपी सबमर्सिबल, 150 फीट तक 3 एचपी सबमर्सिबल, 200 फीट तक 5 एचपी सबमर्सिबल, 300 फीट तक की गहराई पर उपलब्ध जलस्तर हेतु 7.5 एचपी एवं 10 एचपी सबमर्सिबल सोलर पम्प उपयुक्त होते है। बुकिंग के उपरान्त यदि लक्ष्य से कम बुकिंग होने पर कृषकों का चयन स्वतः कंफर्म हो जायेगा, परन्तु लक्ष्य से अधिक बुकिंग होने पर कृषकों का चयन जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष ई- लाटरी के माध्यम से किया जाएगा। कृषकों द्वारा की गयी बुकिंग को कंफर्म करने के उपरांत उसका संदेश कृषकों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर पहुंच जायेगा। सोलर पम्प पर 60% का अनुदान देय है तथा 40% कृषक अंश है। बुकिंग कंफर्म होने के पश्चात निर्धारित अवधि के अंदर अवशेष कृषक अंश की धनराशि का आन लाइन टोकेन जनरेट कर चालान द्वारा इंडियन बैंक की किसी भी शाखा में अथवा आन लाइन जमा करनी होगी, अन्यथा कृषक का चयन स्वतः निरस्त हो जायेगा तथा टोकेन मनी जब्त कर ली जायेगी। कृषक द्वारा बैंक से ऋण लेकर कृषक अंश जमा करने पर कृषि अवस्थापना निधि के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा 3% प्रतिशत एवं राज्य सरकार द्वारा 3% अर्थात कुल 6 प्रतिशतकी ब्याज मे छूट देने का प्राविधान है।

# प्रांजल के बल्ले ने आर्ट इलेवन को दिलाई तूफानी जीत

- मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद ने किया ट्रॉफी वितरण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में विगत 19 नवंबर से चल रही मुमुक्षु क्रिकेट लीग का भव्य समापन आज कॉलेज के प्लेग्राउंड पर हुआ। प्लेग्राउंड का नजारा एवं दर्शकों का रोमांच आज अपनी पराकाष्ठा पर था। समापन में लीग का अंतिम एवं फाइनल मैच श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ की टीम एसएसएमवी-11 तथा स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज की टीम आर्ट-11 के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का मौका पाने वाली एसएसएमवी-11 ने 16 ओवर में 8 विकेट खोकर 81 रन स्कोर किए। जवाबी पारी में मैदान पर उतरी आर्ट-11 ने धुआंधार एवं ताबड़तोड़ प्रदर्शन किया। टीम ने महज 7.4 ओवर में केवल 1 विकेट खोते हुए 86 रन बनाकर मैच जीत लिया। लिहाजा एसएसएमवी-11 रनर अप रही। टीम के कुशल एवं आक्रामक बल्लेबाज डॉ प्रांजल शाही ने आज तूफानी रूप धारण कर लिया। ताबड़तोड़ 7 छक्के और 5 चौके बरसाकर उन्होंने 71 रन तो स्कोर किए ही, साथ ही विपक्षी टीम को अकेले ही चारों खाने चित कर दिया। उनके इस बेहतरीन प्रदर्शन के कारण उन्हें मैन ऑफ द मैच भी चुना गया। मेजर अनिल मालवीय ने बड़े ही रोचक अंदाज में पूरे खेल की कमेंट्री करते हुए दर्शकों का उत्साह बनाए रखा। इस अवसर पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने सभी संस्थाओं के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज की अनियमित जीवनशैली में खेल ही एक ऐसा माध्यम है जो हमें शारीरिक तथा मानसिक दोनों ही रूपों में स्वस्थ एवं फिट रख सकता है। कॉलेज के क्रीड़ा सचिव एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो अजीत सिंह चारग के निर्देशन एवं अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन कॉलेज के प्राचार्य प्रो आर के आजाद ने किया। इस मौके पर कॉलेज के सचिव प्रो अवनीश मिश्रा, उपप्राचार्य प्रो अनुराग अग्रवाल, डॉ अमीर सिंह यादव, डॉ जयशंकर ओझा, प्रो प्रभात शुक्ला, प्रो आलोक मिश्रा, प्रो मधुकर श्याम शुक्ला, डॉ आलोक कुमार सिंह, प्रो पूनम, सुयश सिन्हा सहित सभी शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक शिक्षक उत्तर कर्मी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# समाजवादी कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर एसडीएम को दिया ज्ञापन

- एसआईआर का टाइम बढ़ाये जाने और यूरिया खाद की किल्लत को लेकर उठाया कदम

**जलालाबाद-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को समाजवादी के पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एसआईआर का टाइम बढ़ाया जाये और यूरिया खाद की किल्लत को दूर करने एवं यूरिया खाद की सूची बनाकर वितरण करने की मांग को लेकर तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन कर एक ज्ञापन एसडीएम प्रभात राय को दिया। जिसमें उन्होंने मांग कि यूरिया खाद का



वितरण गांव में जरूरतमंद किसानों की सूची बनाकर सोसाइटियों के माध्यम से वितरित कराया जाए। एवं प्राइवेट दुकानदारों को जो ऊंचे रेट पर यूरिया बिक्री रहे हैं उन पर अंकुश लगाया जाए। ताकि लोगों को उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध हो सके और वह अपनी फसलों में डाल सकें.। इसके बाद उन्होंने फिर प्रक्रिया में भी आ रही अड़चनों के बारे में अवगत कराया और मांग की की 2003 की सूची में जो नाम नहीं मिल रहे हैं उनको कैसे राहत मिलेगी इसके बारे में भी जानकारी दी जाए। धरना प्रदर्शन में शामिल होने वालों में लोकसभा की प्रत्याशी रही ज्योत्स्ना कश्यप, राजपाल कश्यप, विधानसभा अध्यक्ष सूरजपाल यादव, जलालाबाद ब्लाक के प्रभारी सैयद रिजवान अहमद, चौधरी विनोद सिंह, आदि मौजूद रहे।

# लखनऊ कूच करने की सूचना पर हड़कंप, तब पहुंचे तहसीलदार और सीओ

**पुवायां-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- किसान नेताओं से सीओ व तहसीलदार ने कई घंटे की वार्ता



भाकियू चढ़ूनी गुट के कार्यकर्ताओं ने आठ दिन पूर्व मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को दिया था। जिसमें कहा गया था कि अगर 9 दिसम्बर तक किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो लखनऊ के लिए कूंच करेंगे। जिसके बाद मंगलवार को सीओ प्रवीण मालिक व तहसीलदार मौके पर पहुँचे और किसानों से वार्ता की। लेकिन किसान नही माने। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह को सौंपा। दिए हुए ज्ञापन में बताया था कि उप जिलाधिकारी और पुलिस क्षेत्राधिकारी किसान कार्यकर्ताओं के साथ भेदभाव रवैया अपनाए हुए हैं। कुछ समय पूर्व किसान कार्यकर्ताओं ने मंडी परिसर में किसानों की समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया था। जिसमें उप जिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी द्वारा किसानों की समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन इसके बावजूद भी किसानों की किसी भी समस्या का निस्तारण नहीं किया गया। ज्ञापन में बताया गया कि बद्रीपुर हदीरा के शिव मंदिर पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। जिस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। वही गांव भटीउरा में मंडी समिति तथा चक मार्ग की भूमि पर अवैध कब्जेदार काबिज हैं। जो अभी तक उप जिलाधिकारी द्वारा खाली नहीं कराई गई है। आवारा पशुओं से आए दिन किसानों की फसले नष्ट की जा रही हैं। जबकि डीएम के आदेश के बावजूद भी आवारा पशुओं को गौशाला में नहीं भेजा गया। मकसूदापुर बजाज चीनी मिल द्वारा किसानों का गन्ने का बकाया भुगतान अभी तक नहीं कराया गया है। चीनी मिल प्रबंधन पर कड़ी कार्यवाही की जाए तथा किसानों का गन्ने का भुगतान कराया जाए। डालमिया चीनी मिल द्वारा किसानों को गन्ना बीज देकर बुवाई कराई गई थी। अब वही चीनी मिल इस गन्ने को खरीदने से इनकार कर रहा है। चीनी मिल प्रबंधन के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में मांग की गई की चढ़ूनी गुट के पदाधिकारी के साथ उप जिलाधिकारी तथा पुलिस क्षेत्र अधिकारी द्वारा भेदभावपूर्ण व्यवहार करने, पीड़ितों की रिपोर्ट दर्ज न करने तथा अवैध कबजेदारों के खिलाफ कार्रवाई न करने पर उप जिलाधिकारी तथा क्षेत्राधिकारी को हटाकर उनके खिलाफ जांच कराई जाए। समाधान न होने पर संगठन द्वारा चेतावनी दी गई की 10 दिसंबर को राजीव चौक पर धरना प्रदर्शन करने के बाद कार्यकर्ता लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास के लिए कुछ करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# बिना निर्माण के ही हो गया इंटरलॉकिंग मार्ग का लोकार्पण

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- ऊबड़-खाबड़ कच्चे रास्ते पर जल भराव से लोगों का निकलना हुआ दूभर

पंचम राज्य वित्त आयोग से लाखों की कीमत से बोर्ड पर दर्शाए गए इंटरलॉकिंग व नली निर्माण कार्य के स्थान पर निर्माण जैसी कोई चीज है ही नहीं और बिना निर्माण के ही लोकार्पण कर दिया गया। उक्त मार्ग पर नाला निर्माण के दौरान बंबा पुलिया टूट जाने से हुए जलभराव से लोगों का निकलना दूभर हो गया है। तमाम शिकायतों के बाबजूद न ही जनप्रतिनिधियों ने इस ओर ध्यान दिया न हो प्रशासन ने इसकी जांच कर कार्यवाही करने की जहमत उठाई। गौरतलब है कि तिलहर विकास खंड की ओर से पंचम राज्य वित्त आयोग की लाखों की धनराशि से नगर में ब्लॉक से सटे गुरग़वां कॉलोनी मार्ग पर उपेंद्रपाल सिंह के मकान से रघुवीर सहाय के मकान तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य किया जाना दर्शाते हुए सात जुलाई 2025 को लोकार्पण किए जाने का बोर्ड लगाया गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि उक्त स्थान पर पंजाब सिंह के मकान से रघुवीर सहाय के मकान तक इंटरलॉकिंग अथवा नाली निर्माण कार्य कहीं नजर नहीं आ रहा है। वहीं मार्ग पर पहले डाली गई बंबा पुलिया टूट जाने से कच्चे और ऊबड़ खाबड़ रास्ते पर पानी का भराव हो जाने लोगों को आवागमन में भारी



दिक्कतों का सामना अवश्य करना पड़ रहा है। यहां निवासी अधिवक्ता नीरज कुमार शर्मा ने बताया कि कई बार इस समस्या से प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत भी कराया जा चुका है। लेकिन कोई समाधान नहीं हो सका। उधर पेशे से शिक्षक और आरएसएस के बड़े पदाधिकारी रघुवीर सहाय ने बताया कि बोर्ड पर उनके मकान तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य दर्शाया अवश्य गया है लेकिन हुआ नहीं है। बकौल श्री सहाय लोकार्पण बोर्ड पर सांसद व क्षेत्रीय विधायक जी को भी इस बाबत जानकारी दी गई। जिसपर उन्होंने कहा कि उनके समय में बिना कार्य के कार्य किया जाना दर्शाया जाना संभव नहीं है। यदि ऐसा है तो वह मामले की जांच करा कर कार्यवाही भी करवाएंगी। लेकिन न कोई जांच हुई और न ही कार्यवाही की गई। फिलहाल इस बस्ती और गांव गुरगवां आने जाने वाले लोगों के सामने आवागमन की समस्या अति विकट बनी हुई है। इस दौरान बाइक और चौपहिया वाहन फंस रहे है। लोग पैदल निकलने के दौरान गिरकर चोटिल हो रहे है। वाशिंदों ने प्रशासन से रास्ता दुरुस्त कराए जाने की पुरजोर मांग की है।

## गन्ना ढुलाई वाहनों पर लगाए गए रिफ्लेक्टर

**ददरौल, शाहजहांपुर।** सड़क दुघर्टनाओं से बचाव हेतु गन्ना ढुलाई वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए।जिला प्रशासन द्वारा यातायात सुरक्षा जागरूकता पखवाड़े के तहत उप संभागीय परिवहन अधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने रोजा चीनी मिल परिसर में गन्ने से भरे वाहनों पर चीनी मिल अधिकारियों के साथ रिफ्लेक्टर पट्टी वाहनों पर लगाई। गन्ना क्रय केंद्रों से गन्ने से भरे वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर पट्टी युक्त लाल कपड़ा लगाया गया।चीनी मिल परिसर में उपस्थित गन्ना किसानों एवं कर्मचारियों को सड़क दुघर्टनाओं से बचाव हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान चीनी मिल अधिशासी उपाध्यक्ष आशीष त्रिपाठी, सहायक उपाध्यक्ष गन्ना अवधेश चन्द्र गुप्ता, गन्ना प्रबंधक रविन्द्र सिंह, सुरेंद्र सिंग मान मौजूद रहे।

## आम सूचना

मेरा एलआईसी पॉलिसी में नाम कु. सलोनी दर्ज है, सलोनी रावत व कु. सलोनी दोनों मेरे ही नाम हैं।

सूचनार्थी- सलोनी रावत पुत्री राजेन्द्र रावत, मो.-गोकर्ण तीर्थ, गोला,जनपद-लखीमपुर खीरी।

# मानवाधिकार संरक्षण किसी भी न्यायिक व्यवस्था की आधारशिला: चिन्मयानंद

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



- एसएस कालेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आज से

स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय में 10 एवं 11 दिसंबर को नवीन आपराधिक विधि व्यवस्था और मानवाधिकार, आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रशासन में चुनौतियां और संभावनाएँ विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन कर रहा है। आयोजन विधि क्षेत्र के विद्वानों, न्यायिक अधिकारियों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं तथा विद्यार्थियों को आपस में संवाद और विचार-विमर्श का अवसर प्रदान करेगा। सेमिनार का उद्देश्य आज की बदलती न्यायिक परिस्थितियों में आपराधिक विधि एवं मानवाधिकारों के समन्वय, उनके बेहतर संरक्षण तथा न्याय प्रशासन में व्याप्त कठिनाइयों और नए अवसरों पर चर्चा करना है। देशभर से विशेषज्ञ अपने अनुभव और शोध प्रस्तुत करेंगे, जिससे न्यायिक प्रक्रिया को अधिक न्यायसंगत, पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा सके। स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व गृह राज्य मंत्री भारत सरकार स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि मानवाधिकार संरक्षण किसी भी न्यायिक व्यवस्था की आधारशिला है। हमारा प्रयास है कि इस सेमिनार के माध्यम से न्याय प्रणाली को और अधिक संवेदनशील एवं जवाबदेह बनाने के लिए नए विचार और समाधान सामने आएं। इस आयोजन में सभी हितधारकों से आग्रह किया गया है कि वे इस ज्ञानवर्धक और महत्वपूर्ण चर्चा में भाग लेकर आपराधिक न्याय प्रणाली की प्रगति में योगदान दें। दोनों दिन के सत्रों में आपराधिक विधि के नवीनतम विकास, लोकहित, संवैधानिक न्याय तथा तकनीकी नवाचारों पर व्यापक विचार विमर्श होगा। कारागार सुधार और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2022 में विचाराधीन कैदियों की निरोध अवधि को सीमित करने (धारा 479) और पहली बार अपराध करने वालों के लिए कम सज़ा (धारा 293) के प्रावधान सराहनीय हैं। लेकिन क्या ये प्रावधान जेलों में मानवीय संकट और भीड़भाड़ को कम करने में वास्तव में सफल होंगे? या फिर यह सिर्फ एक और प्रक्रियात्मक कागजी फेरबदल बनकर रह जाएगा। भारतीय न्याय संहिता 2023 में राज्य के विरुद्ध अपराध को पुनर्परिभाषित किया गया है। हम मीडिया से अपील करते हैं कि वे इस राष्ट्रीय संवाद को देश के कोने-कोने तक पहुँचाएँ। आपका सहयोग इस बात को सुनिश्चित करेगा कि भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली, अपने नए स्वरूप में, केवल कानून का शासन ही नहीं, बल्कि मानवाधिकारों के शासन को भी बनाए रखे। प्रेसवार्ता में कालेज प्रबंध समिति सचिव डा. अवनीश कुमार मिश्रा, प्राचार्य डा. जय शंकर ओझा, शिक्षकों में अनिल कुमार शाह आदि मौजूद रहे।



# कार्यालय नगर पंचायत बण्डा जनपद- शाहजहांपुर

पत्रांक-297/न.पं.ब./ई-निविदा/2025-26 दिनांक- 09.12.2025

## ई-निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी के द्वारा अन्त्येष्टि स्थल विकास योजना/राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/ राज्य सरकार/ केन्द्र सरकार/ अन्य सरकारी विभाग में कार्य की लागत की सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है-

**अन्त्येष्टि स्थल विकास योजना के अन्तर्गत कार्य-**

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | विड सिक्योरिटी (ई.एम.डी.) | निविदा का मूल्य (18% जीएसटी सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | शाहजहांपुर | मो धर्मापुर वार्ड नं. 07 में अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण/ सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 2879000.00 | 287900.00 | 3397.00 | तीन माह |

**राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत कार्य:-**

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | विड सिक्योरिटी (ई.एम.डी.) | निविदा का मूल्य (18% जीएसटी सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | शाहजहांपुर | नगर पंचायत बण्डा में कार्यालय के निकट बने पुराने पिंक शौचालय की मरम्मत/ सुधार के साथ रंगरोगन का कार्य। | 134706.00 | 11410.00 | 159.00 | तीन माह |

2. वेबसाईट पर विड डाक्यूमेंट की उपलब्धता की तिथि 13.12.2025 समय प्रातः 10:00 बजे से।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय 31.12.2025 को 2:00 बजे अपराह्न तक।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 31.12.2025 को 3:00 बजे अपराह्न से।
5. निविदा आमन्त्रणकर्ता को आईटीबी के क्लाज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी व ई-निविदा की शर्तों/नियमों के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लाग इन करें, तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।

**अजय सिंह**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत, बण्डा**
**शाहजहांपुर**

**मो. इसहाक**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत, बण्डा**
**शाहजहांपुर**

## वंदे मातरम का उद्घोष

यह सुखद ही है कि कृतज्ञ राष्ट्र देश के स्वतंत्रता सेनानियों में ओज का संचरण करने वाले गीत वंदे मातरम के सृजन के डेढ़ सौ साल पूरे होने को एक उत्सव की तरह मना रहा है। स्वतंत्रता के लिये संघर्षरत करोड़ों भारतीयों में इस गीत ने आजादी का जज्बा भरा था। लाखों स्वतंत्रता सेनानी इस गीत से प्रेरित होकर स्वतंत्रता संग्राम में सर्वस्व अर्पित करने को तत्पर हो जाते थे। इस पावन वेला में देश के विभिन्न भागों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सही मायनों में यह अवसर राष्ट्र के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने का भी है। इस गीत की सर्वस्वीकार्यता का आलम ये था कि भारत आने से पहले दक्षिण अफ्रीका में महात्मा गांधी ने वंदे मातरम को राष्ट्रीय गान की दृष्टि से देखा था। इसी आलोक में वंदे मातरम के डेढ़ सौ साल पूरे होने पर लोकसभा में इस पर चर्चा का शुरू होना सुखद ही है। संसद में प्रधानमंत्री ने कहा भी कि जब इस गीत के सृजन के पचास साल पूरे हुए तो देश परतंत्र था। जब इसके सौ साल पूरे हुए तो देश आपातकाल के दौर से गुजर रहा था, फ्लतरू उस दौर में इस गीत को जनता व स्वतंत्रता सेनानियों का सकारात्मक प्रतिसाद नहीं मिला। निस्संदेह, बंकिम चंद्र चटर्जी की इस रचना ने बंगाल में क्रांतिकारियों को गहरे तक प्रेरित किया और स्वतंत्रता संग्राम को गति देने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। हालांकि, विपक्ष इसे सुर्खियों में लाने के फैसले के राजनीतिक निहितार्थों की बात कर रहा है। वे इसके समय को लेकर प्रश्न उठा रहे हैं। अविभाजित बंगाल की पृष्ठभूमि में जन्मे इस ओज के गीत को बंगाली समाज ने अपनी अस्मिता से जोड़कर देखा। खासकर बंगाल विभाजन के बाद इसे बंगाल की अस्मिता पर फिरंगियों के प्रहार के दौर में एक मरहम के तौर पर देखा। निस्संदेह, देश ऐसे स्मरण उत्सव का हकदार है, मगर वे चुनावी नजरियों से मुक्त हों। विपक्ष की दलील है कि जब पश्चिम बंगाल एक महत्वपूर्ण विधानसभा चुनाव की ओर बढ़ रहा है तो इस गीत के प्रसंगवश राजनीतिक लाभ–हानि के तर्क गढ़े जा रहे हैं। संसद में प्रधानमंत्री के संबोधन में वंदे मातरम को एकता के सूत्रधार के रूप में सराहा गया। लेकिन इसके राजनीतिक निहितार्थों पर भी चर्चा हुई। दरअसल, उन्होंने जब भी कांग्रेस की आजादी से पहले और बाद की नीतियों को कटघरे में खड़ा किया या फिर ऐतिहासिक विवादों का नये सिरे से जिक्र किया, तो विपक्ष ने उसे निशाने पर लिया। विपक्षी दलील है कि राष्ट्रीय गीत का सम्मान करने की कवायद में वैचारिक विभाजन को हवा दी जा रही है। कहा गया कि पश्चिम बंगाल, जहां इस गीत का जन्म हुआ, वहां की सांस्कृतिक पहचान राजनीति से जुड़ी रही है। वंदे मातरम एक भावनात्मक प्रतीक है और इसीलिए एक रणनीतिक प्रतीक भी। दरअसल, विपक्ष की नाराजगी राजग सरकार की उस प्रवृत्ति को लेकर है जिसमें वह सांस्कृतिक प्रतीकों को राजनीतिक अखाड़े में बदल रही है। उन्हें आशंका है कि साझी विरासत पर चिंतन के लिये आयोजित विमर्श का उपयोग चुनावी लाभ अर्जित करने के लिये किए जाने का खतरा है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस अपनी जड़ें जमाए हुए है, फिर भी उसे सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ रहा है। संसद में राष्ट्रीय गीत पर चर्चा का ममता बनर्जी द्वारा समर्थन किया जाना दर्शाता है कि वह इस मुद्दे को छोड़ने का इरादा नहीं रखती हैं। विडंबना ही है कि लाखों स्वतंत्रता सेनानियों में ओज भरने वाले गीत के विमर्श में चिंतन की गंभीरता प्रभावित हुई है।

# लोगों के अधिकारों की सुरक्षा के हों सकारात्मक प्रयास

**रमेश सर्राफ धमोरा**

हम 10 दिसंबर को मानवाधिकारों का उत्सव मनाते हैं। उस दिन की स्मृति में जब संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1948 में मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया था। यह घोषणा हमारे समाजों के मानवाधिकार ढांचे की रीढ़ है, जहां हममें से प्रत्येक को बिना किसी भेदभाव के शांति और सुरक्षा के साथ रहने और फलने-फूलने का अधिकार है। 1950 में संयुक्त राष्ट्र ने हर वर्ष की 10 दिसंबर को विश्व मानवाधिकार दिवस मनाना तय किया था। 75 वर्ष पहले पारित हुआ विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र एक मील का पत्थर हैं, जिसने समृद्धि, प्रतिष्ठा व शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के प्रति मानव की आकांक्षा प्रतिबिंबित की है। आज यही घोषणा पत्र संयुक्त राष्ट्र संघ का एक बुनियादी भाग है। 10 दिसंबर 2025 को दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक प्रतिज्ञाओं में से एक मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा की 77वीं वर्षगांठ है।

2025 में मानवाधिकार दिवस की थीम हमारी रोजमर्रा की अनिवार्यताएं, तीन सरल सत्यों पर जोर देती हैं। मानवाधिकार सकारात्मक हैं, मानवाधिकार आवश्यक हैं और मानवाधिकार प्राप्य हैं। मानव अधिकार वे मूल अधिकार हैं जो इस धरती पर प्रत्येक व्यक्ति के पास हैं। मानवाधिकार मौलिक अधिकार और स्वतंत्रता हैं। मानवाधिकारों में जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, गुलामी और यातना से मुक्ति, राय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, काम और शिक्षा का अधिकार और बहुत कुछ शामिल हैं। बिना किसी भेदभाव के हर कोई इन अधिकारों का हकदार है। भारत का स्वतंत्रता आंदोलन मानवाधिकारों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत रहा है। कुछ अधिकार ऐसे होते हैं जो व्यक्ति को जन्मजात मिलते हैं। उन अधिकारों का व्यक्ति के आयु, प्रजातीय मूल, निवास-स्थान, भाषा, धर्म पर कोई असर नहीं पड़ता।

देश के विशाल आकार व विविधता तथा सम्प्रभुता सम्पन्न धर्म-निरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणतंत्र के रूप में इसकी प्रतिष्ठा तथा एक भूतपूर्व औपनिवेशिक राष्ट्र के रूप में इसके इतिहास के परिणामस्वरूप भारत में मानवाधिकारों की परिस्थिति एक प्रकार से जटिल हो गई है। भारत का संविधान मौलिक अधिकार प्रदान करता है जिसमें धर्म की स्वतंत्रता भी अंतर्भूक्त है। संविधान की धाराओं में बोलने की आजादी के साथ-साथ कार्यपालिका और न्यायपालिका का विभाजन तथा देश के अन्दर एवं बाहर आने-जाने की भी आजादी दी गई है। भारतीय परिदृश्य में यह समझ पाना थोड़ा मुश्किल है कि क्या वाकई में मनुष्य के लिए चिन्हित किये गए मानवाधिकारों की सार्थकता है। भारत में 28 सितम्बर 1993 से मानव अधिकार कानून अमल में आया। 12 अक्टूबर 1993 में सरकार ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन किया। आयोग के कार्यक्षेत्र में नागरिक और राजनीतिक के साथ आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार भी आते हैं। जैसे बाल मजदूरी, स्वास्थ्य, भोजन, बाल विवाह, महिला अधिकार, हिरासत और मुठभेड़ में होने वाली मौत, अल्पसंख्यकों और अनुसूचित जाति और जनजाति के अधिकार। पूरे विश्व में इस बात को अनुभव किया गया है और इसीलिए मानवीय मूल्यों की अवहेलना होने पर वे सक्रिय हो जाते हैं। इसके लिए हमारे संविधान में भी उल्लेख किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16, 17, 19, 20, 21, 23, 24, 39, 43, 45 देश में मानवाधिकारों की रक्षा करने के लिए सुनिश्चित हैं।

**10 दिसम्बर मानवाधिकार दिवस पर विशेष**



**देश के विशाल आकार व विविधता तथा सम्प्रभुता सम्पन्न धर्म-निरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणतंत्र के रूप में इसकी प्रतिष्ठा तथा एक भूतपूर्व औपनिवेशिक राष्ट्र के रूप में इसके इतिहास के परिणामस्वरूप भारत में मानवाधिकारों की परिस्थिति एक प्रकार से जटिल हो गई है। भारत का संविधान मौलिक अधिकार प्रदान करता है जिसमें धर्म की स्वतंत्रता भी अंतर्भूक्त है। संविधान की धाराओं में बोलने की आजादी के साथ-साथ कार्यपालिका और न्यायपालिका का विभाजन तथा देश के अन्दर एवं बाहर आने-जाने की भी आजादी दी गई है। भारतीय परिदृश्य में यह समझ पाना थोड़ा मुश्किल है कि क्या वाकई में मनुष्य के लिए चिन्हित किये गए मानवाधिकारों की सार्थकता है। भारत में 28 सितम्बर 1993 से मानव अधिकार कानून अमल में आया। 12 अक्टूबर 1993 में सरकार ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन किया।**

कहने में मानवाधिकार शब्द बहुत बड़ा है। क्योंकि मानवाधिकारों से हर व्यक्ति का हित जुड़ा होता है। आज के दौर में कोई भी मानव को उनके वास्तविक अधिकार नहीं देना चाहता है। हमारे देश के संविधान में मानव को बहुत सारे अधिकार दिये गये हैं। मगर उन पर अमल नहीं हो पाता है। मानव अधिकारों की रक्षा के लिए बनाये गये कानून महज कागजों में सिमट कर रह जाते हैं।

इतिहास गवाह है कि भारत ने कभी भी संस्कृति, धर्म या अन्य कारकों के आधार पर दूसरों को अपने अधीन करने की कोशिश नहीं की है। भारत एक ऐसा देश है जिसके मूल में मानवाधिकार की अवधारणा है। भारत के लोग मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं और उनकी रक्षा करने का संकल्प भी लेते हैं। भारत विश्व स्तर पर आज भी मानवाधिकार का समर्थन करता रहा है। मानवाधिकार दिवस की नींव विश्व युद्ध की विभीषिका से झुलस रहे लोगों के दर्द को समझ कर और उसको महसूस कर रखी गई थी। किसी भी इंसान की जिन्दगी, आजादी, बराबरी और सम्मान के अधिकार का नाम ही मानवाधिकार है। भारतीय संविधान इन अधिकारों की न सिर्फ गारंटी देता है, बल्कि इसे तोड़ने वाले को अदालत सजा भी देती है। पूरी दुनिया में मानवता के खिलाफ हो रहे जुल्मों-सितम को रोकने, उसके खिलाफ संघर्ष को नई परवाज देने में इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका है। हर शख्स को बराबरी का अधिकार देना लोकतंत्र का अहम घटक है। यही वजह है कि आज ज्यादातर सरकार इस अधिकार को कायम करने की कोशिश कर रही है। इंसानी अधिकार हमारे अस्तित्व और दुनिया में आत्मसम्मान से रहने की गारंटी होते हैं। हमारी भौतिक और आत्मिक सुरक्षा बरकरार रखते हुए लगातार तरक्की में अहम होते हैं।

इसके अंतर्गत भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, शोषण से रक्षा का अधिकार, प्रवास का अधिकार, बाल शोषण, उत्पीड़न पर रोक, महिला हिंसा, असमानता, धार्मिक हिंसा पर रोक जैसे कई मजबूत कानून बनाए गए हैं। यही वजह है कि हर लोकतांत्रिक देश मानवाधिकार अधिकारों की सशक्त पैरवी करते नजर आते हैं। इस दुनिया में जो भी मानव जन्म लेता है उसके साथ उसके कुछ अधिकार भी वजूद में आते हैं। कुछ अधिकार हमें परिवार देता है तो कुछ समाज, कुछ अधिकार हमारा मुल्क देता है, तो कुछ दुनिया लेकिन आज भी दुनिया में बहुत से लोग ऐसे हैं जो या तो अपने अधिकारों से अंजान हैं या उनके अधिकारों का हनन किया जा रहा है। हर तबके, हर शहर और दुनिया के कोने-कोने में किसी न किसी वजह से लोगों को बराबरी के हक से महरूम रखने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। इतिहास गवाह है कि दुनिया में हुई बड़ी से बड़ी क्रांति के पीछे अधिकारों का हनन ही अहम वजह रही है। हमेशा ही अपने अधिकारों के लिए इंसान को लंबी जंग लडनी पड़ी है। दुनिया में तमाम जगह लोगों ने अपन हक की लड़ाई में लाखों कुर्बानियां दी हैं और आज भी बहुत से लोग अपने अधिकारों की जंग लड़ रहे हैं।

## विचार

# संसद में खतरनाक खेल की शुरुआत



**शीतकालीन सत्र बेहद छोटा है, जिसमें कामकाज के कुछ घंटे पहले ही हंगामे में निकल चुके हैं। बचे वक्त का अच्छा इस्तेमाल देश के सामने आई बड़ी विपदाओं पर चर्चा कर उनका हल निकालने या विकास के लिए जरूरी मुद्दों पर विमर्श करने में लगाया जा सकता था। एसआईआर के कारण बीएलओज की मौत, इंडिगो संकट के कारण लाखों यात्रियों पर आई मुसीबत, दिल्ली में आतंकी हमला, प्रदूषण, रुपए की गिरती कीमत, अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के पेंच, महंगाई, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा, किसान-मजदूर हित, युवाओं में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति ऐसे ढेरों मुद्दे हैं जिन पर संसद का कीमती वक्त लगना चाहिए था।**

देश में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के खेल को भाजपा अब एक खतरनाक स्तर पर ले आई है। इसे रोकना या इसका हल निकालना आसान नहीं है, क्योंकि अब ध्रुवीकरण हिंदू या मुसलमान बोलकर नहीं हो रहा है, राष्ट्रवाद के नाम पर हो रहा है। इस खेल में इतिहास को बदला जा रहा है, तथ्यों पर झूठ चढ़ाया जा रहा है। खास बात यह है कि यह सब संस्थागत तरीके से हो रहा है। सोमवार को संसद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर चर्चा करना इसी का प्रमाण है।

शीतकालीन सत्र बेहद छोटा है, जिसमें कामकाज के कुछ घंटे पहले ही हंगामे में निकल चुके हैं। बचे वक्त का अच्छा इस्तेमाल देश के सामने आई बड़ी विपदाओं पर चर्चा कर उनका हल निकालने या विकास के लिए जरूरी मुद्दों पर विमर्श करने में लगाया जा सकता था। एसआईआर के कारण बीएलओज की मौत, इंडिगो संकट के कारण लाखों यात्रियों पर आई मुसीबत, दिल्ली में आतंकी हमला, प्रदूषण, रुपए की गिरती कीमत, अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के पेंच, महंगाई, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा, किसान-मजदूर हित, युवाओं में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति ऐसे ढेरों मुद्दे हैं जिन पर संसद का कीमती वक्त लगना चाहिए था।

लेकिन सोमवार से लेकर मंगलवार तक लोकसभा और फिर राज्यसभा में वंदेमातरम् पर चर्चा तय की गई। देश में पहले कभी ऐसा नहीं हुआ कि डेढ़ सौ साल पहले लिखे गीत को लेकर अकारण बहसबाजी की जाए। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी यह दुस्साहस कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें हर हाल में देश को उन ताकतों से मुक्त करना है, जिनके कारण संविधान बना हुआ है। यह संविधान ही है जो देश में तानाशाही कायम नहीं होने देता। लोगों को हिम्मत देता है कि अगर उन्हें सरकार का कोई फैसला पसंद न आए या अपने हित खतरे में पड़ते दिखें तो उसके खिलाफ आवाज उठाएं। इसी संविधान की दी हुई ताकत से किसानों ने एक साल लंबा आंदोलन चलाया, जिसके बाद नरेन्द्र मोदी को कृषि कानून वापस लेने पड़े। अभी संचार साथी ऐप प्रीइंस्टाल करने का फैसला हटाना पड़ा। वक्फ संशोधन अधिनियम को संसदीय समिति के पास भेजना पड़ा। ऐसे कई उदाहरण है, जिनमें बहुमत के बावजूद मोदी सरकार को अपने फैसले से पीछे हटना पड़ा।

यही बात शायद सरकार को खटक रही है, क्योंकि इस बार तो संसद में विपक्ष पहले से अधिक ताकतवर है। ऊपर से बिहार चुनाव हारने के बावजूद राहुल गांधी वोट चोरी का मुद्दा छोड़ नहीं रहे हैं। इसलिए अब नरेन्द्र मोदी ने वंदे मातरम् का विवाद खड़ा कर कांग्रेस को निशाने पर लेने की एक और कोशिश की है। संसद में श्री मोदी के भाषण से यह समझ आ गया कि चर्चा शब्द का मुखौटा लगाकर भाजपा देश को नुकसान पहुंचाने वाली ताकतों को बढ़ावा दे रही है, ठीक ऐसा ही काम भाजपा के पुरखों यानी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और हिंदू महासभा ने किया था। आजादी की लड़ाई के लंबे कालखंड में संघ का योगदान रत्ती भर भी देखने नहीं मिलता है। बल्कि इस बात के सबूत हैं कि वी डी सावरकर ने सजा से बचने के लिए अंग्रेजों से माफी मांगी और उनकी सेवा करने का वचन दिया। भारत छोड़ो आंदोलन के वक्त भी संघ के लोग अंग्रेजों के लिए मुखबिरी कर रहे थे और जनता को अंग्रेजी फौज में भर्ती होने के लिए उकसा रहे थे। लेकिन आज उसी संघ से निकले नरेन्द्र मोदी कांग्रेस पर देश विभाजन का आरोप लगा रहे हैं।

तुष्टीकरण की राजनीति के दबाव में कांग्रेस वंदे मातरम् के बंटवारे के लिए झुकी। इसलिए कांग्रेस को एक दिन भारत के बंटवारे के लिए भी झुकना पड़ा था। प्रधानमंत्री ने कहा कि मो. अली जिन्ना ने लखनऊ से 15 अक्टूबर 1936 को वंदे मातरम् के खिलाफ नारा बुलंद किया था। कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा था। इसके बाद उन्होंने कहा कि श्जब वंदे मातरम् के 100 साल हुए थे, तब देश आपातकाल की जंजीरों में जकड़ा हुआ था।

भारत के संविधान का गला घोंट दिया गया था। लगभग एक घंटे के भाषण में प्रधानमंत्री ने 13 बार कांग्रेस और 7 बार नेहरू का नाम लिया। श्री मोदी ने पं. नेहरू को मुस्लिम लीग के आगे झुकता बता दिया, लेकिन यह नहीं बताया कि 1937 में ब्रिटिश इंडिया में कुल 11 राज्य थे, तब चुनाव हुए तो कांग्रेस ने 7 राज्यों में सरकार बनाई। मुस्लिम लीग ने एक राज्य भी नहीं जीता था। लेकिन तब भी और फिर 1941-42 में भी सावरकर की हिंदू महासभा ने मुस्लिम लीग के साथ तीन राज्यों में गठबंधन सरकार बनाई। जब देश आजाद हुआ तो 15 अगस्त 1947, आधी रात को संविधान सभा में श्रीमती सुचेता कृपलानी ने वंदे मातरम् का गायन किया।

# नियम बनाकर उनसे पीछे हटने से क्या संदेश जाता है?

**मिन्हाज मर्चेंट**

इंडिगो की सैकड़ों उड़ानें रद्द होने से देश के हवाई अड्डों पर जो अराजकता पैदा हुई है, उसने मुख्यतया दो सवाल खड़े किए हैं। पहला, क्या डीजीसीए ने पायलटों और चालक दल पर नए नियम लागू करने में जरूरत से ज्यादा सख्ती दिखाई थी? दूसरा, क्या इन नियमों के पालन में लापरवाही के लिए इंडिगो जिम्मेदार है? डीजीसीए को अपने नए दिशानिर्देश अस्थायी रूप से वापस लेने पड़े हैं। उन दिशानिर्देशों के अनुरूप पायलटों और चालक दल के रोस्टर की तैयारी के लिए इंडिगो के पास 20 महीने का समय था।

पायलट-प्रति-विमान अनुपात के मामले में इंडिगो- एअर इंडिया और अन्य भारतीय एयरलाइनों की तुलना में सबसे नीचे है। वास्तव में पायलटों की कम संख्या इंडिगो की लागत घटाने की रणनीति का हिस्सा है। इसी ने उसे दुनिया की सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली एयरलाइनों में शामिल किया है। 2024-25 में उसने 7,258 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया था और उसकी मार्केट-कैप 2.08 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गई थी। एयर डेक्कन के जीआर गोपीनाथ ने एक लेख में कहा है कि डीजीसीए के नियम तय करते हैं, पायलट और केबिन-क्रू अधिकतम कितने घंटे काम, उड़ान व ड्यूटी पर रह सकते हैं। नियम कह सकते हैं कि कोई पायलट एक वर्ष में 900 घंटे की उड़ान भर सकता है, लेकिन 28 दिनों में 100 घंटे से अधिक नहीं। या दो पायलटों के साथ 8 घंटे से अधिक उड़ान नहीं। जबकि 3-4 पायलटों के साथ एक दिन में 13-16 घंटे तक की ऐसी उड़ानें संभव हैं, जिनमें 5-6 से अधिक स्टॉपओवर और रात में अधिक लैंडिंग शामिल न हों। लेकिन डीजीसीए-इंडिगो विवाद दिखाता है कि कैसे रेगुलेटरी अथॉरिटी व्यापारिक दक्षता बढ़ाने के मूल उद्देश्य को ही बाधित कर देते हैं।

हाल में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के नेतृत्व वाले दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने मोबाइल फोन निर्माता कंपनियों के लिए संचार साथी एप को अनिवार्य रूप से प्री-इंस्टॉल करने का निर्देश जारी किया था। इसका उद्देश्य साइबर धोखाधड़ी रोकना था, लेकिन एक्टिविस्टों का कहना था कि इससे डेटा चोरी बढ़ सकती है। परिणामस्वरूप, इंडिगो मामले की तरह सरकार को इसमें भी नियम में संशोधन करना पड़ा और संचार साथी एप की प्री-इंस्टॉलेशन को स्वैच्छिक कर दिया गया। अपने फैसलों से इस तरह लगातार पीछे हटने से संकेत मिलता है कि नियामक संस्थाएं नौकरशाही के नियंत्रण में फंस चुकी हैं।

प्रक्रियाओं को सरल बनाने के बजाय नए नियम अकसर उनके अनुपालन को कठिन बना देते हैं, जिससे अधिकारियों को अधिक शक्तियां मिल जाती हैं। यह ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लक्ष्य के विपरीत है। कई नए नियम तो बिना संभावित परिणामों का पर्याप्त अध्ययन किए लागू किए प्रतीत होते हैं। कुछ सप्ताह पहले ही सरकार को क्वॉलिटी कंट्रोल ऑर्डर्स (क्यूसीओ) वापस लेने पड़े थे, जिनसे अंतरराष्ट्रीय व्यापार व्यावहारिक रूप से दूभर हो गया था। जरूरत से ज्यादा नियम लादने का मूल कारण यह है कि एआई और ऑटोमेशन के दौर में अधिकारी अपने-अपने डोमेन पर नियंत्रण बनाए रखना चाहते हैं। तकनीकी बदलावों ने वे रास्ते बंद कर दिए हैं, जिनके माध्यम से अधिकारी अपने विवेकाधिकार का उपयोग करके लाभ उठा सकते थे। जैसे-जैसे वे मौके समाप्त हो रहे हैं, नौकरशाही नए नियमों के जरिए फिर से कुछ अधिकार प्राप्त करने की कोशिश कर रही है। अनुपालन को कठिन बनाकर इन अवसरों की खिड़की को थोड़ा-सा खुला रखा जाता है। मसलन, आधार कार्ड को लेकर हाल ही में किए गए बदलाव में केयर ऑफ विकल्प- जिसमें पिता का नाम दर्ज होता था- हटा दिया गया। इससे आधार केंद्रों पर भौतिक सत्यापन के लिए लंबी कतारें लग गईं और आरटीओ में भी लोगों को कठिनाई हुई, क्योंकि सभी विवरणों का मेल आवश्यक था। आमजन के काम को सरल बनाने की जगह ऐसे रेगुलेटरी बदलाव उसे और जटिल कर देते हैं। इंडिगो-डीजीसीए विवाद ने इस एयरलाइन की साख के साथ-साथ डीजीसीए की निगरानी क्षमता पर भी आघात किया है। नागरिक उड्डयन नियामक पहले ही एयर इंडिया बोइंग दुर्घटना पर अपनी जल्दबाजी में तैयार रिपोर्ट को लेकर आलोचना का सामना कर रहा है।



## राशिफल

**मेषः-** आज सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी आपको देते हैं। संभव हो तो सरकार विरोधी कार्य से दूर रहिएगा। दुर्घटना से भी बचकर चलिएगा।

**वृषभः-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा

**मिथुनः-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा।

**कर्क :-** गणेशजी कहते हैं कि भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी। किसी के साथ वाद-विवाद न कीजिएगा।

**सिंहः-** आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है।

**कन्याः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है।

**तुलाः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है।

**वृश्चिकः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**धनुः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**मकरः-** सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने से आज व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से लाभदायी दिन है। मध्याह्न के बाद सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी देते हैं।

**कुंभः-** आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होने के संकेत गणेशजी आपको देते हैं।

**मीनः-** व्यवसायी और व्यापारीवर्ग के लिए प्रातरूकाल का समय अनुकूल नहीं है, ऐसा गणेशजी कहते हैं। ऊपरी अधिकारी तथा प्रतिस्पर्द्धियों के साथ व्यर्थ चर्चा या विवाद न करिएगा।

# निर्वाचन की विश्वसनीयता कायम रखना जरूरी

**पवन के. वर्मा**

**शेषन की निगरानी में हुए 1992 के चुनावों में गड़बड़ियों के चलते कुछ निर्वाचन क्षेत्रों का चुनाव तक रद्द कर दिया गया था। 1993 में चुनाव खर्च का ब्योरा न देने पर संसदीय चुनाव के 1488 उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित कर दिया गया। शेषन ताकतवर राजनेताओं से टकराने में नहीं हिचकते थे। नेताओं को उनका संदेश था कि चुनाव रेवड़ियां बांटने और धनबल-बाहुबल की नुमाइश का तमाशा नहीं है। लेकिन कोई अकेला व्यक्ति संस्थागत ईमानदारी बनाए रखने के लिए काफी नहीं हो सकता। क्योंकि निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया ही त्रुटिपूर्ण है। 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया था कि आयुक्तों के चयन में निष्पक्षता बनाए रखने के लिए चयन समिति में प्रधानमंत्री और नेता प्रतिपक्ष के साथ भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) को भी शामिल किया जाना चाहिए।**

किसी सच्चे लोकतंत्र में एक स्वतंत्र, निडर और गैर-पक्षपाती लोकपाल के बिना निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकते। हमारी संवैधानिक व्यवस्था ने यही भूमिका भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को दी है। यदि यह धारणा बन जाए कि चुनाव आयोग की स्वायत्तता से समझौता किया जा चुका है तो पूरे तंत्र से भरोसा उठने लगेगा और चुनाव अपनी लोकतांत्रिक वैधता खो देंगे। चुनाव आयोग को अपनी मूल प्राधिकारी शक्तियां संविधान के अनुच्छेद 324 से मिलती हैं। यही प्रावधान संसद और विधानसभाओं के चुनावों के साथ-साथ राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनावों पर भी आयोग को 'पर्यवेक्षण, निर्देशन और नियंत्रण' का अधिकार देता है।

1950 से 1980 के दशक के आखिरी वर्षों तक अपने मूल स्वरूप में चुनाव आयोग एक-सदस्यीय संस्था थी, जिसके मुखिया मुख्य निर्वाचन आयुक्त थे। लेकिन अनुच्छेद 324 में कुछ अन्य निर्वाचन आयुक्तों की परिकल्पना की गई, जिन्हें समय-समय पर राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जा सके। 1989 में संसद ने कानून बनाकर आयोग को तीन सदस्यीय संस्था बना दिया। 12 दिसम्बर 1990 को टीएन शेषन के मुख्य निर्वाचन आयुक्त बनने के साथ ही निर्वाचन आयोग चुनावों की निगरानी का एक ताकतवर संस्थान बन गया। शेषन ने वोटरों को रिश्वत-शराब बांटने, सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग और धर्म-जाति के नाम पर वोट मांगने जैसी 150 से ज्यादा चुनावी गड़बड़ियों की पहचान की।

उन्होंने आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) को सख्ती से लागू कर इसे फिर से प्रभावी बनाया। मतदाता पहचान पत्र को अनिवार्य किया, चुनाव खर्च की सीमा तय की और मतदान वाले राज्य से बाहर के चुनाव अधिकारी नियुक्त किए जाने लगे। पहली बार स्वतंत्र पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया, जिससे चुनावों में बाहुबल का इस्तेमाल काफी मुश्किल हो गया।

शेषन की निगरानी में हुए 1992 के चुनावों में गड़बड़ियों के चलते कुछ निर्वाचन क्षेत्रों का चुनाव तक रद्द कर दिया गया था। 1993 में चुनाव खर्च का ब्योरा न देने पर संसदीय चुनाव के 1488 उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित कर दिया गया। शेषन ताकतवर राजनेताओं से टकराने में नहीं हिचकते थे। नेताओं को उनका संदेश था कि चुनाव रेवड़ियां बांटने और धनबल-बाहुबल की नुमाइश का तमाशा नहीं है। लेकिन कोई अकेला व्यक्ति संस्थागत ईमानदारी बनाए रखने के लिए काफी नहीं हो सकता। क्योंकि निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया ही त्रुटिपूर्ण है। 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया था कि आयुक्तों के चयन में निष्पक्षता बनाए रखने के लिए चयन समिति में प्रधानमंत्री और नेता प्रतिपक्ष के साथ भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) को भी शामिल किया जाना चाहिए। लेकिन 2023 में ही सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की सलाह को दरकिनार कर एक कानून के जरिए सीजेआई के स्थान पर मंत्रिमंडल के एक और सदस्य को समिति में शामिल कर दिया। इससे निर्वाचन आयुक्तों की चयन प्रक्रिया में सत्ताधारी दल को भारी फायदा मिल गया। दूसरे, इसी कानून में मुख्य निर्वाचन आयुक्त को शेष दो आयुक्तों को हटाने का अधिकार दे दिया गया, जिससे आयुक्तों के बीच समानता का दर्जा समाप्त हो गया। ऐसे में आयुक्तों पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त, यहां तक कि सरकार के रुख से भी सहमत होने का दबाव बढ़ गया। पूर्व चुनाव आयुक्त अशोक लवासा के साथ जो हुआ, सबके सामने है। उन्होंने सत्ताधारी दल से असहमति जताने की हिम्मत दिखाई थी। तीसरे, शेषन के बाद आदर्श आचार संहिता कभी इतनी सख्ती से लागू नहीं हो पाई। ताजा उदाहरण लें। यों निर्वाचन आयोग पहले से जारी सरकारी योजनाओं तक में नगद सहायता के हस्तांतरण पर चुनाव से महीनों पहले रोक लगा देता है, लेकिन बिहार में आचार संहिता से एक घंटे पहले प्रति विधानसभा क्षेत्र 60 से 62 हजार महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपए का वितरण रोकने के लिए उसने कुछ नहीं किया। आचार संहिता लागू होने के बाद भी नए लाभार्थियों के नाम जोड़े जाने पर रोक नहीं लगाई। वोटरों को ले जाने के लिए मुफ्त ट्रेनों के संचालन पर आंखें मूंद लीं। जो आचार संहिता केवल विपक्ष पर लागू हो, सत्ताधारी दल पर नहीं, उसकी निष्पक्षता पर जनता का भरोसा कमजोर हो जाता है। सवाल चुनाव जीतने या हारने का नहीं, बल्कि चुनावों की विश्वसनीयता कायम रखने और सभी प्रत्याशियों को समान अवसर सुनिश्चित करने का है। हमें कैसा निर्वाचन आयोग चाहिए- जो सिर्फ चुनाव कराए, या जो लोकतंत्र की रक्षा भी करे?

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### निर्माणाधीन मकान में विस्फोटक लगाना पड़ा भारी, मकान मालिक सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**महोबा।** बिना अनुमति निर्माणाधीन मकान में विस्फोटक पदार्थ लगाकर पत्थर तोड़ने के प्रयास में गृह स्वामी सहित दो ठेकेदारों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त विवरण के अनुसार मुख्यालय के रायकोट राठ चुंगी मोहल्ला निवासी शैलेंद्र सिंह राजपूत के निर्माणाधीन मकान के निचले हिस्से में बड़ा पत्थर निकलने के चलते गृह स्वामी द्वारा ठेकेदार भूरा प्रजापति एवं जगदीश को ठेका देकर पत्थर तुड़वाने का काम कराया जाने की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौके से विस्फोटक बरामद कर सुभाष पुलिस चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक प्रवीण सिंह की तहरीर के आधार पर शैलेंद्र सिंह राजपूत व ठेकेदार जगदीश एवं भूरा प्रजापति के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। बताते चलें कि विगत दिवस मुख्यालय के रायकोट मोहल्ला निवासी गृहस्वामी शैलेंद्र सिंह राजपूत द्वारा बिना किसी अनुमति के निर्माणाधीन मकान के निचले हिस्से में निकले बड़े पत्थर को तोड़ने के लिए ठेकेदारों से संपर्क कर विस्फोटक लगावाया गया था। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से विस्फोटक बरामद कर मुकदमा दर्ज किया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से की एसआईआर के कार्य में सहयोग की अपील



**महोबा।** राष्ट्रीय एवं राज्जीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–2026 के संबंध में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उक्त बैठक में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि जनपद में अभी तक मतदाता जिनकी मैपिंग नहीं हो सकी उनकी संख्या 54307 हैं, गणना प्रपत्र वितरण के दौरान 30211 मतदाता अनुपस्थित पाए गए, 34633 मतदाता पर्मनेंट शिफ्टेड पाए गए, 4607 मतदाता डुप्लिकेट पाए गए तथा 14725 मतदाता मृतक पाए गए। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से बीएलए की नियुक्ति एवं बीएलए द्वारा बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अनुपस्थित, शिफ्टेड एवं मृतक मतदाताओं की जांच करने तथा जो मतदाता 2003 की मतदाता सूची से मैप नहीं हो पाए हैं उनको मैप करने में सहयोग प्रदान करने की अपील की है। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व कुंवर पंकज,मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, उपजिलाधिकारी सदर शिवध्यान पांडे,उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ डॉ प्रदीप कुमार,उपजिलाधिकारी चरखारी धीरेन्द्र कुमार सहित सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सशक्तीकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने–अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तीकरण एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को महिला संबंधित समस्याओं/ अपराधों के निस्तारण के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी प्रदान की गई। वूमेन पॉवर लाइन–1090, पुलिस आपातकालीन सेवा–112, एम्बुलेंस सेवा–108, चाइल्ड लाइन–1098,स्वास्थ्य सेवा–102,महिला हेल्पलाइन–181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन–1076, साइबर हेल्पलाइन–1930 की जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच–बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध और अन्य कानूनी प्रावधानों के बारे में समझाया गया। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट वितरित किए गए। इस अवसर पर थानों में स्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों की भूमिका और उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। इन केन्द्रों का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं के सुरक्षा,मार्गदर्शन और सशक्तिकरण में सहयोग प्रदान करना है।

### अलग-अलग घटनाओं में दो गंभीर रूप से घायल

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र की अलग अलग घटनाओं में दो अधेड़ युवक घायल ,दोनों घायलों को गंभीर अवस्था में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर भमौरा नरयाइच लिंक रोड में शादी समारोह से शामिल होकर कस्बे की ओर जा रहे युवक जावेद खान 45 वर्ष पुत्र बहादुर खान नशे की हालत में बाइक का संतुलन खो देने से सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गए लहुलुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हालत में सुधार न होने पर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। दूसरी घटना नेशनल हाईवे किनारे स्थित मकराव गांव निवासी रामनरेश पुत्र स्वामी यादव ने सोमवार की देर रात अज्ञात कारणों से गले में फांसी का फंदा लगाकर झूल गया परिजनों ने आनंन–फानन फंदे से उतार कर कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया फिलहाल रामनरेश की हालत कानपुर के एक निजी अस्पताल में सुधार होने की बताई जा रही है।

### खबर का असर: प्रसूता वार्ड की खिड़कियों के टूटे शीशे बदले, गंदगी हुई साफ



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे के बांकी मार्ग में संचालित जच्चा बच्चा केंद्र के वार्ड के टूटी खिड़कियों एवं गंदगी की खबर प्रकाशित होने से नींद में जागे स्वास्थ्य विभाग ने आनन फानन में सभी खिड़कियां ठीक कराकर साफ सफाई कराकर चकाचक बना है जच्चा बच्चा केंद्र की प्रसूता भर्ती वार्ड की खिड़कियों के शीशे टूटे होने तथा वार्ड के पीछे गंदगी का ढेर होने की खबर को सोमवार के अंक में प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था। मंगलवार को की गई पड़ताल में देखा गया कि सभी टूटे शीशे बदलकर चकाचक कर दिए गए हैं। साथ वार्ड के पीछे लगे गंदगी के ढेर को विधिवत साफ सफाई कराकर साफ सुथरा कर दिया गया है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर तरुण पाल ने बताया कि उन्होंने पूर्व में ही खिड़की दरवाजा ठीक कराने के निर्देश मातहतों को दे दिए थे अब वार्ड में बेहतर व्यवस्था हो गई है। शीत लहर का प्रकोप बढ़ने पर रूम हीटर लगाने के निर्देश दे दिए गए हैं।

### जिला विधिक प्रधीकरण द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर न्यायालय परिसर में बैठक का आयोजन किया गया



**हमीरपुर।** जनपद न्यायाधीश, मनोज कुमार राय के निर्देशन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13.12.2025 के सफल आयोजन हेतु अपर जिला जज न्यायालय सं. 1 उदयवीर सिंह की अध्यक्षता में अन्य न्यायिक अधिकारीगण के साथ बैठक की गयी। बैठक में वादकारियों के हित को ध्यान में रखते हुए न्यायालय में अधिक से अधिक लंबित व विचारणीय मामलों की सूची तैयार करें और उनमें से प्रकरणों का चयन कर लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक वादों को निस्तारण हेतु निर्देश दिये गये। बैठक विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) रनवीर सिंह, विशेष न्यायाधीश कीर्ति माला, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनय कुमार, सिविल जज (सी.डि.) निहारिका जायसवाल, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक त्रिपाठी, सिविल जज (सी.डि.)/एफटीसी वन्दना अग्रवाल, सिविल जज (जू.डि.) अंकित पाल, सिविल जज (जू.डि.)/क्रा.अ.वू. कीर्ति मिश्रा, सिविल जज (जू.डि.)/एफटीसी शैली सरन उपस्थित रहे। उक्त जानकारीम महेंद्र कुमार पाण्डेय, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी गयी।

# रंजिशन लाठियों से पीट कर पिता की हत्या, पुत्र ने भागकर बचाई जान

- बाइक सवार पिता-पुत्र का रास्ता रोककर दबंगों ने दिया वारदात को अंजाम
- एसपी ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सीओ के नेतृत्व में किया पांच टीमों का गठन





**खन्ना/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम अटघार में पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने बाइक सवार पिता-पुत्र का रास्ता रोक लिया और लाठी डंडों से पीट-पीटकर पिता की हत्या कर दी। दबँगों के अचानक हुए हमले में पुत्र ने मौके से भाग कर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायल पिता-पुत्र को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ इलाज के दौरान पिता की मौत हो गई जबकि घायल बेटे को प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। दिनदहाड़े हुई बुजुर्ग की हत्या से इलाके में सनसनी फ़ैल गई। घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल पहुँचे एसपी ने दबँगों के हमले में घायल युवक से घटना की जानकारी लेकर संबंधित पुलिस अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। प्राप्त विवरण के अनुसार खन्ना थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम अटघार स्थित पुरवा तालाब के पास ग्राम निवासी 59 वर्षीय नंदकिशोर कुशवाहा अपने 21 वर्षीय पुत्र शिवम के साथ बांदा जनपद के मटौंध कस्बा से अपनी दुकान बंद कर बाइक में सवार होकर वापस गांव लौट रहे थे । तभी पुरवा तालाब के पास रास्ते में पुरानी रंजिश के चलते ग्राम निवासी लोकनाथ ने अपने रिश्तेदार विचित्र सिंह सहित अन्य लोगों के साथ बाइक सवार पिता पुत्र का रास्ता रोक लिया और लाठी डंडों व कुल्हाड़ी से हमला कर लहूलुहान कर दिया। आरोप है कि दबंगों द्वारा दहशत फैलाने के लिए फायरिंग भी की गई। इस दौरान शिवम मौके से भागने में सफल हो गया जबकि दबंगों ने पिता नंदकिशोर को लाठी डंडों से पीट-पीट कर लहूलुहान कर दिया। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुँचाया जहाँ इलाज के दौरान पिता नंदकिशोर की मौत हो गई जबकि पुत्र शिवम को प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही जिला अस्पताल पहुँचे एसपी प्रबल प्रताप सिंह ने प्रत्यक्षदर्शी मृतक के पुत्र शिवम से घटना की जानकारी लेकर थाना पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। एसपी ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर दी है। बताया जाता है कि मृतक का बड़ा पुत्र पुष्पेन्द्र आरोपी लोकनाथ की पुत्री को भगा ले गया था और उससे प्रेम विवाह कर लिया था इसी बात को लेकर आरोपी रंजिश मानते थे। रंजिश के चलते ही दबंगों द्वारा हत्या की घटना को अंजाम दिया गया है। मृतक के पुत्र शिवम ने बताया कि दबंगों द्वारा लाठी डंडों और कुल्हाड़ी से हमला किया गया । वह मौके से 2 किलोमीटर भाग कर गांव पहुंचा। बताया जाता है कि मृतक नंदकिशोर के चार पुत्र हैं जिसमें से महेंद्र व पुष्पेंद्र बड़े हैं जबकि शिवम तीसरे नंबर का है छोटे का नाम सत्यम बताया जा रहा है। बुजुर्ग की हत्या के मामले में आरोपी लोकनाथ की पुत्री को भगाने के बाद मुकदमा दर्ज कराया गया था । जिससे दोनों पक्षों में बदले की आग सुलग रही थी जो हत्या का कारण बन गई। फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

### प्रत्यक्षदर्शी की तहरीर के आधार पर 5 नामजद सहित 6 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**खन्ना।** प्रत्यक्षदर्शी मृतक के पुत्र शिवम की तहरीर के आधार पर पुलिस ने लोकनाथ सिंह, विचित्र सिंह, गट्टी सिंह,कोबरा एवं शैलेंद्र सिंह सहित 6 अज्ञात के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

### आरोपियों की गिरफ्तारी को सीओ के नेतृत्व में पांच टीमें गठित

**महोबा।** घटना की सूचना पर जिला अस्पताल पहुंचे एसपी प्रबल प्रताप सिंह ने मृतक के पुत्र प्रत्यक्षदर्शी शिवम से घटना के बारे में जानकारी लेकर सीओ के नेतृत्व में पांच टीमों का गठन कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए हैं।

## एसआईआर प्रक्रिया में सहभागिता नहीं कर पा रहे गौहारी खोड़ा के सैकड़ों वोटर

- 2003 की मतदाता सूची से पूरे गांव के मतदाताओं के नाम गायब होने से परेशान ग्रामीणों ने डीएम से की वोटर लिस्ट अपडेट कराने की मांग

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में निर्वाचन आयोग द्वारा चलाई जा रही एसआईआर प्रक्रिया में कबरई ब्लॉक के गौहारी खोड़ा निवासी सैकड़ों ग्रामीण मतदाता चाह कर भी अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करा पा रहे हैं। 11 फ़रवरी 1995 से महोबा जिला के अस्तित्व में आने के बाद से लगातार हर चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले मतदाताओं के सामने खड़ी हुई यह परेशानी चिंता का सबब बनी हुई है। लाख कोशिशों के बावजूद भी वोटर लिस्ट में नाम न मिलने से परेशान होकर सैकड़ो ग्रामीणों ने आज डीएम को शिकायती पत्र देकर मतदाता सूची अपडेट कराने की गुहार लगाई है।

प्राप्त विवरण के अनुसार कबरई विकासखंड क्षेत्र अन्तर्गत गौहारी खोडा निवासी सैकड़ो ग्रामीणों ने आज जिलाधिकारी गजल भारद्वाज को शिकायती पत्र देकर बताया है कि 11 फ़रवरी 1995 को महोबा जिला अस्तित्व में आने के बाद से गांव के सभी मतदाता हर चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता करते चले आ रहे हैं, लेकिन वर्तमान में निर्वाचन आयोग द्वारा चलाई जा रही है गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया ( एसआईआर ) के दौरान साल 2003 की वोटर लिस्ट में गांव के 130 मतदाताओं के नाम गायब हैं, साल 2003 की मतदाता सूची में नाम दर्ज ना होने से ग्रामीण खासे परेशान हैं। बताया कि ऑनलाइन सहित बीएलओ के माध्यम से भी वोटर लिस्ट में ग्रामीण मतदाताओं के नाम खोजने की हरसंभव कोशिश की गई लेकिन गांव के 130 मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में कहीं नहीं मिले हैं। परेशान ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मतदाता सूची को अपडेट कर सभी मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में दर्ज करने की गुहार लगाई है। ताकि सभी मतदाता वर्तमान समय में चल रही एसआईआर प्रक्रिया में अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकें।

### एसपी ने जनसुनवाई कर सुनीं फरियादियों की समस्याएं



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपदीय पुलिस आमजन की सुरक्षा,न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।

## माई मंदिर प्रांगण में 31वें शतचंडी महायज्ञ के अंतिम दिन भंडारे का आयोजन



**मौदहा (हमीरपुर)।** इचौली मढ़ली माई मन्दिर प्रांगण में 31वें शतचंडी महायज्ञ के अंतिम दिन इसकी पूर्णाहुति की गई। महायज्ञ में 7 दिवसीय भागवत कथा, रासलीला के आयोजन के बाद इसमें विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मंगलवार को सुबह नौ बजे से ही भंडारा शुरू कर दिया गया था जिसमें नायकपुरवा, इचौली, गुसियारी, अटघार, सिरसी, खण्डेह समेत कई गांवों के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व रामलीला के अंतिम दिन सोमवार रात्रि को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। वहीं मेले में आई दुकानों में महिलाओं व बच्चे खूब खरीददारी की यज्ञ आयोजक अशोक कुमार शुक्ला ने बताया कि इचौली गाँव में 31वर्षों से निरन्तर भागवत कथा व रामलीला का आयोजन किया जा रहा है।

## डीएम की अध्यक्षता में जिलास्तरीय उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से कबरई से महोबा के बीच एनएचएआई के रोड की खराब स्थिति, जनपद के खनिजों के अवैध परिवहन, कस्बा कबरई में पेयजल की आपूर्ति तथा खनिज न्यास निधि से कराए गए कार्यों की गुणवत्ता ठीक न होने के संबंध में प्रकरण प्रस्तुत किए गए। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा एनएचएआई के उपस्थित अधिकारी, वरिष्ठ खान अधिकारी तथा अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय को कार्य समय से कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही मकरबई के रेलवे अंडरपास के आगे 70 मीटर का कार्य खनिज न्यास निधि से स्वीकृत होने के बावजूद प्रारंभ न होने का प्रकरण भी जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा वरिष्ठ खान अधिकारी को तत्काल कार्यवाही करते हुए फोटोग्राफ सहित प्रगति उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए । इसके साथ ही जिलाधिकारी व समिति को जनपद में विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्र पहरा व खन्ना के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई गई तथा प्राइवेट औद्योगिक क्षेत्र बनाए जाने से संबंधित प्लेज योजना के संबंध में भी समिति को अवगत कराया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व कुंवर पंकज,उपायुक्त उद्योग, सहायक आयुक्त राज्य कर व अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया ।व्यापारियों व उद्यमियों के संगठन की तरफ से देवेंद्र मिश्रा,बाल किशोर द्विवेदी,भागीरथ नगाइच,रामजी गुप्ता इत्यादि द्वारा प्रतिभाग करते हुए प्रकरणों पर अपनी बात रखी गई।

### आनलाइन उपस्थित दर्ज कराने के खिलाफ पंचायत सचिवों का आंदोलन जारी

**मौदहा, हमीरपुर।** एक दिसंबर आनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के विरोध में चल रहे सत्याग्रह आंदोलन मंगलवार को नौवे दिन जारी रहा सचिवों ने बताया कि 10 तारीख से अब हम अपने कार्य क्षेत्र में साइकिल द्वारा भ्रमण करेंगे और जो हमें सरकार द्वारा ?400 साइकिल भष्ट पंचर हुआ साइकिल की मरम्मत करने के लिए देती है उसी के द्वारा हम कर क्षेत्र में कार्य करेंगे वही 15 तारीख को अपने डोंगल कार्यालय में जमा कर आंदोलन को तेज गति से आगे बढ़ाएंगे द्य मौदहा विकास खण्ड कार्यालय में पंचायत सचिवों द्वारा शुरू हुआ आंदोलन दूसरे दिन मंगलवार को नौवें दिन भी जारी रहा है। जहां इन्होंने खंड



विकास अधिकारी कार्यालय के सामने हाथ में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया है। आंदोलनकारी पंचायत सचिवों का कहना है कि 3 नवंबर को जारी शासनादेश में पंचायत सचिवों की उपस्थिति ऑनलाइन की जानी है। इनका मानना है कि यह आदेश वर्तमान परिस्थितियों में अव्यवहारिक है। इससे शासकीय कार्य बाधित होंगे क्योंकि उनका कार्यक्षेत्र व्यापक होता है। एक सचिव के पास में अक्सर 3 से 6 ग्राम पंचायतों का अतिरिक्त प्रभार होता है। ऐसे में ऑनलाइन हाजिरी दर्ज करना संभव नहीं है। अतः इस आदेश को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। बताया कि प्रदेश स्तरीय आह्वान प्रदर्शन जारी रहेगा। विरोध प्रदर्शन में नितेश चंदेल, अरविन्द कुमार, बीरेंद्र कुमार, राजू सिंह, गिरीश चन्द्र, हरी बाबू, भगवान प्रसाद, प्रियंका देवी व स्वाति शर्मा सहित अन्य सचिव मौजूद रहे हैं।

## स्नातक निर्वाचन 2026 मतदाता की समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद की अध्यक्षता में आज स्नातक निर्वाचन 2026 मतदाता समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर विशिष्ट अतिथि डॉक्टर मनोज प्रजापति सदर विधायक निवर्तमान जिला अध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता रहे कार्यक्रम के जिला संयोजक सुरेंद्र तिवारी ने उपस्थित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से निर्वाचन फॉर्म के आवेदनों की जानकारी ली कि किसने कितने फॉर्म अभी तक जमा किए हैं जिन लोगों ने अभी तक फॉर्म भरकर जमा नहीं किया वह शीघ्र जमा कर सकते हैं मुख्य अतिथि जितेंद्र सिंह सेंगर ने कहा की हर कार्यकर्ता को ज्यादा से ज्यादा निर्वाचन फॉर्म भरने की जिम्मेदारी बनती है जिससे कार्यकर्ता के कार्यों की पहचान भी होती है आज की समीक्षा बैठक में राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी आशीष पालीवाल गणेश यादव कुलदीप निषाद रामदेव सिंह वीर नारायण राजपूत दिगपाल सिंह जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव सुदेश द्विवेदी पुष्पराज सोनी दिगपाल सिंह जयनारायण यादव लक्ष्मी रतन साहू आराधना राजपूत रचना गुप्ता अर्चना गुप्ता पिरनिया नीरज सचान बबली रेखा गुप्ता रूपा प्रजापति उर्मिला सिंह दया सिंह गीता ओमर साधना सिंह अतुल सिंह अरविंद शर्मा जितेंद्र पाल रणवीर सिंह दुर्गेश कुमार कृष्ण कुमार विश्वकर्मा लाल राम निषाद रोहित निषाद इत्यादि वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पदाधिकारी तथा मंडल कार्यकर्ता उपस्थित रहे मंच का संचालन किशन व्यास ने किया।

### नदी पार करा रहे नाविक की पानी में डूबने से मौत



**मौदहा हमीरपुर।** नदी में यात्रियों को पार उतार रहे नाविक की नदी में डूब जाने से मौत हो गई मौत की खबर सुनते ही घटना स्थल पर ग्रामीणों का मजमा लग गया पुलिस को सूचना दी गई सिसोलर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिसोलर थाना क्षेत्र के बैजेमऊ निवासी शिव प्रकाश पुत्र बदलू नदी में नाव से यात्रियों को पार लगाने का काम कर रहा था अपनी दिनचर्या के मुताबिक मंगलवार की सुबह यात्रियों को नदी पर उतार कर वापस अपने गांव की ओर आते समय नाव में पानी भर जाने से नाव पानी में फंस गई जिससे नाविक नदी में डूब गया डूबने की खबर ग्रामीणों को मिलने पर स्थानीय गोताखोरों ने नदी से नाविक को निकाला और पुलिस को सूचना दी गई पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई शुरू कर दी, मृतक तीन भाइयों में तीसरे नंबर का था, अपने पीछे पत्नी सीमा व चार बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया परिजनों के सामने भरण पोषण की समस्या आ खड़ी हुई मृतक नाव चला कर परिवार का भरण पोषण कर रहा था।सिसोलर थाना प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया रिपोर्ट आने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### खुलेआम बिक रहा प्रतिबंधित कप सीरप

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** जान लेवा साबित हो चुका कोड़ी स्टार कफ सीरप कस्बे के ज्यादातर मेडिकल स्टोर में ब्लैक में बेचा जा रहा है। किसी तरह की छापेमारी नहीं होने से मेडिकल स्टोर संचालकों के हौसले बुलंद है। कोडिंग युक्त कफ सीरप कोडी स्टार को लेकर पूरे देश में छापेमारी का दौर जारी है। इस प्रकरण की एसआईटी से जांच कराने की तैयारी हो रही है। जानलेवा साबित हो चुका यह कफ सीरप अब बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं हो रहा है। इसके बाद यह कस्बे के ज्यादातर मेडिकल स्टोर में धड़ल्ले के साथ दुगने दामों में बेचा जा रहा है। इस वजह से मेडिकल संचालकों के हौसले बुलंद है और इस प्रतिबंधित कफ सीरप को धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। ड्रग इंस्पेक्टर मनोज सिंह ने बताया कि कंपनी ने सीरप में बदलाव किया। फिर भी वह मामले की जान करके कार्यवाही करेंगे।

## एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक आयोजित

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया, बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि हमीरपुर में पर्यटन की अपार संभावनाएं है, जनपद के प्रमुख पर्यटन स्थलों एवं यहाँ की संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए हमीरपुर महोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन आगामी माह जनवरी में 29-31 जनवरी तक किया जाना है। महोत्सव का आयोजन पुलिस लाइन में किया जायेगा। महोत्सव में बुंदेलखण्ड के लोक संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। इसके अतिरिक्त प्रदेश तथा अन्य प्रांतों के कलाकारों को आमंत्रित किया जायेगा, इसके अतिरिक्त विविध प्रतियोगिताओ का आयोजन भी इस दौरान किया जायेगा, महोत्सव की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा पर्यटन अधिकारी को दिए। बैठक में पर्यटन विभाग की विकास परियोजनाओं की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी द्वारा पर्यटन विभाग द्वारा कार्यान्वित विकास परियोजनाओं की जांच के निर्देश अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी को दिये, बैठक में सदस्य ब्रज किशोर गुप्ता, डा उमाकांत राजपूत, मुख्य विकास अधिकारी अरूण कुमार सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी श्रवण कुमार, पर्यटन सूचना अधिकारी डा चित्रगुप्त श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी एवं सदस्य मोजूद रहे।

## मनुष्य की गलत दिशा से खराब होती है ग्रहदशाः आत्मानंद



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** श्रीगायत्री तपोभूमि प्रांगण में चल रही राम कथा के चौथे दिन कथा व्यास ने कहा कि मनुष्य की ग्रह दशा तभी खराब होती है। जब उसकी दिशा बदल जाती है। उन्होंने कालनेमि और राजा भानु प्रताप की कथा का उल्लेख करते हुए कहा कि दिशा गलत होने के कारण राजा को श्राप का भागी बनना पड़ा था। दशपंच नाम जूना अखाड़ा छत्तीसगढ़ के महामंडलेश्वर कथा व्यास आत्मानंद गिरि जी महाराज ने चौथे दिन राम कथा का सुंदर वृतांत सुनाते हुए कहा कि दिशा बदल देने से मनुष्य की ग्रह दशा में स्वतः सुधार हो जाता है। उन्होंने कहा कि राजा भानु प्रताप की दिशा गलत होने के कारण उन्हें श्राप का भागीदार बनना पड़ा था। उन्होंने कहा कि महात्मा तीन प्रकार के होते हैं। जिसमें असली, नकली और फसली हैं।यह कटु सत्य है। इसलिए जो कुछ बनना है वह हमेशा असली ही बने। नकली फसली बनना गलत दिशा में जाना है।

# दो अभियुक्त गिरफ्तार तो दो चल रहे हैं फरार

**चन्दापुर रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



गैर इरादतन हत्या के वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार दो चल रहे हैं फरार। कहते हैं जब पुलिस अपनी पर आती है तो अपराधी बच नहीं सकता चाहे वह जितना ही शातिर और चलाक क्यों न हो। ज्योना ग्राम पंचायत के पूरे तालेवंत गांव के दीपक गोस्वामी का शव 30 नवंबर की सुबह पूरे मोती पासी गांव की एक बाग में मिला था। जिस पर मृतक के बड़े भाई संतोष कुमार गोस्वामी पुत्र राम केवल गोस्वामी के द्वारा शिकायती पत्र देते हुए बताया गया था 29 11 2025 की रात को उसका भाई दीपक गोस्वामी निमंत्रण में गया हुआ था इसी दौरान उसका अज्ञात वाहन से ग्राम पुरे मोती पासी के पास एक्सीडेंट हो गया जिससे आई चोटों के कारण उसकी मृत्यु हो गई ।जिसपर चंदापुर पुलिस द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था और मामले में पुलिस लगातार हत्या को लेकर ही आगे बढ़ रही थी। और पुलिस ने खुलासा करते हुए 9 दिसंबर को बताया कि 29 11 2025 को रात्रि को अमित पुत्र गंगा प्रसाद आवेश पुत्र गंगा प्रसाद निवासी पूरे तालेवंत मंज़रे ज्योना से जब कड़ाई से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया 29 11 2025 की रात्रि को उन्होंने अपने मामा के लड़के बृजेशपुरी पुत्र छोटे लाल निवासी गोसाई का पुरवा थाना जामो जनपद अमेठी व उसके साथ कमलेशपुरी पुत्र उदयभान निवासी मठिया थाना मोहनगंज जनपद अमेठी के साथ मिलकर मृतक दीपक गोस्वामी के साथ डंडा व लात घूसों सों से मारपीट की गई तथा गनपत के पुरवा को जाने वाले रास्ते के पास खेत में मरणासन्न अवस्था में छोड़कर फरार हो गए जहां सुबह उसकी मौत हो गई ।वहीं कोतवाली पुलिस द्वारा अमित पुत्र गंगा प्रसाद निवासी तालेवंत मंज़रे ज्योना थाना चंदापुर रायबरेली आवेश पुत्र गंगा प्रसाद निवासी पुरे तालेवंत मंज़रे ज्योना थाना चंदापुर रायबरेली को गिरफ्तार किया है तो वहीं बृजेशपुरी पुत्र छोटे लाल निवासी गोसाई का पुरवा थाना जामो अमेठी कमलेश पुरी पुत्र उदयभान निवासी मठिया थाना मोहनगंज जनपद अमेठी वांछित चल रहे हैं।

दीपक हत्याकांड

# गौ हत्या के अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे



**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

सलोन पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई। गौ हत्याकांड के मामले में पुलिस ने सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला सलोंन कोतवाली क्षेत्र के रुनीपुर पानी टंकी के पास का है।

जहां सोमवार को अज्ञात लोगों द्वारा गाय की गला रेतकर हत्या कर दी और दो पैर काट दिया। जिसकी जानकारी ग्रामीणों को हुई तो आरोपी मौके से फरार हो गए। हिंदू संगठन के पदाधिकारी के तहरीर पर पुलिस ने गोवध निवारण अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया। जिसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना में शामिल गुलजार मियां साहब का फाटक,मो.अफसर बड़ा घोसियाना, आजाद फकीर रोशन अली का पुरवा,रईस अहमद रसूलपुर, मो.जाबिर पूर्वी मिल्कियाना, चांद मोहम्मद विकास नगर,शेर मोहम्मद घोसी का पुरवा थाना सलोन क्षेत्र के रहने वाले सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।जिनके कब्जे से एक छूरी एक कुल्हाड़ी दो बांका तीन रस्सी एक लोडर बरामद किया। उक्त सभी अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही की जाएगी।

अभियुक्तों ने बताया आवारा घूमने वाले गौवंशो को जंगल में काटकर मांस बेच देते थे।

## 17 वर्षीय बालिका की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत, घर पर मिला शव

**महराजगंज,रायबरेली समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के नरई मंज़रे बावन बुजुर्ग बल्ला गांव मे। संदिग्ध परिस्थितियों मे 17 वर्षीय बालिका का शव मिलने से हड़कंप मच गया प्राप्त जानकारी के अनुसार बालिका घर में अकेली थी और फांसी के फंदे पर लटका हुआ उसका शव मिला वही जैसे ही सूचना महराजगंज कोतवाली पुलिसको मिली मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम की तैयारी शुरू कर दी तो वही फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल का गहनता के साथ जांच पड़ताल कर रही है हिमांशी पुत्री दीपक निवासी नरई मंज़रे बावन बुजुर्ग बल्ला का शव उसी के घर में फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल कर रही और मौत के हर एंगल की जांच की जा रहा कि आखिर बालिका की मौत कैसे हुई।

# ट्रक की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

**डलमऊ रायबरेली।** बाइक सवार को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार से जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर चौराहे पर पलट गया जिसकी चपेट में आने से एक बाइक सवार की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसा मंगलवार को सुबह हुआ डलमऊ की तरफ से एक तेज रफ्तार गति से आ रहा था तभी गदागंज चौराहे पर एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया जिसकी चपेट में आने से अमन कुमार पुत्र राजकुमार निवासी बेला गुसीसी थाना भदोखर की मौत हो गई वहीं पर बाइक पर सवार अन्य दो युवक सत्येंद्र पुत्र अवधेश निवासी तिवारी का पूरवा एवं जगदीश निवासी हरदी टिकरिया थाना जगतपुर गंभीर रूप से घायल हो गए तीनों बाइक पर सवार होकर ईट भट्टे पर काम करने के लिए जा रहे थे। स्थानीय लोगों की माने तो ट्रक डलमऊ की तरफ से तेज गति से आ रहा था और बेकाबू होकर पलट गया हादसे के बाद चौराहे पर अफरा तफरी मच गई गुस्साए व्यापारियों ने सड़क को जाम कर दिया सूचना पर पहुंची गदागंज पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और व्यापारियों को समझने का प्रयास किया लेकिन व्यापारी अपनी जिद पर अडे रहे। व्यापारियों की मांग थी कि गदागंज चौराहे के चारों तरफ स्पीड ब्रेकर बनाया जाए जिससे तेज गति से आने वाले वाहनों की रफ्तार थम सके सूचना पर पहुंचे लोक निर्माण विभाग की अधीक्षण अभियंता दिलीप वर्मा ने तत्काल ब्रेकर बनवाने का आश्वासन देकर प्रदर्शन को समाप्त कराया। थाना प्रभारी गदागंज दयानंद तिवारी नहीं बताया कि ट्रक चालक को कब्जे में लेकर पूछताछ की जा रही है शव को पीएम के लिए भेजा गया है।

## पुलिस ने पीड़ित का वापस कराया तीन लाख

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद मुख्यालय स्थित क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा व पुलिस उपाधीक्षक लाइन श्वेताभ भास्कर के कुशल नेतृत्व में साइबर क्राइम थाना द्वारा 5 दिसंबर को रविन्द्र कुमार पुत्र पारस नाथ निवासी छीटेपुर थाना गौरीगंज जिनके द्वारा यूको बैंक शाखा गौरीगंज में तीन लाख रु हश्वस्न्न्ञ अपने भाई के बैंक खाते में किया गया था जो उनके भाई के खाते में न जा कर किसी अज्ञात खाते में चला गया था। दूसरे दिन पीड़ित रवीन्द्र द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना उपस्थित आकर सूचना दी गयी। पीड़ित की शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन नम्बर पर शिकायत संख्या 33112250175767 पर दर्ज करायी गयी। पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए पीड़ित की सम्पूर्ण धनराशि तीन लाख रुपए फ्रीज कराते हुए पीडित के बैंक खाते में वापस कराए गये।




## सपा ब्लाक अध्यक्ष एसआईआर का फॉर्म भरने के लिए लोगों को कर रहे हैं जागरूक

**महराजगंज, रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष समर यादव एस आई आर को लेकर संपूर्ण महराजगंज ब्लॉक एवं अमावा आंशिक विधानसभा क्षेत्र में रिक्शा के सहारे और माइक लगाकर एस आई आर का फॉर्म जरूर भरे इसके लिए लोगों को जागरुक कर रहे हैं और जगह–जगह रिक्शा पहुंचकर लोगों को एस आई आर फॉर्म भरने के लिए प्रेरित कर रहा है। समाजवादी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष ने बताया कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर कार्य किया जा रहा है कि किसी भी मतदाता नाम ना छूटने पाए क्योंकि एक–एक वोट कीमती है सभी को फॉर्म जरूर भरना चाहिए ये बेहद ही जरूरी है।

# समीर क्रिकेट क्लब ने जीता महराजगंज प्रीमियर लीग का फाइनल

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



महराजगंज क्रिकेट प्रीमियर लीग 10 के फाइनल में समीर क्रिकेट क्लब ने लहराया परचम मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सुधीर साहू ने खिलाड़ियों को मेडल और उपहार देकर सम्मानित किया। 1 दिसंबर से शुरू हुई क्रिकेट लीग के फाइनल में 9 दिसंबर को समीर क्रिकेट क्लब महराजगंज एवं इफेक्ट डेकोर 11 रायबरेली के मध्य 15 15 ओवर का फाइनल मैच खेला गया जिसमें इफेक्ट डेकोर 11 रायबरेली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में 108 रन का लक्ष्य रखा तो वही समीर क्रिकेट क्लब महराजगंज के गौरव ठाकुर के 41 रनों की बदौलत समीर क्रिकेट क्लब ने 8 ओवर में ही 108 रन दो विकेट खोकर बना लिए जिससे समीर क्रिकेट क्लब टीम की 8 विकेट से जीत हुई। पूरी सीरीज में अच्छा प्रदर्शन करने पर हसन को मैन ऑफ द सीरीज दिया गया तो वही विजेता टीम को चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू के द्वारा 21000 का नगद पुरस्कार विजेता ट्रॉफी दी गई और अन्य खिलाड़ियों को भी पुरस्कार वितरित किए गए तो विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंचे सुधीर साहू द्वारा उपविजेता टीम को 8000 नगद धनराशि और शील्ड सहित खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर वाहिद ऋषभ वर्मा अर्पित पंडित आदिल अंश समीर रामगोपाल तिवारी पिंटू सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### आईजीआरएस मासिक रैंकिंग में पुलिस प्रथम स्थान पर

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह नोडल अधिकारी के पर्यवेक्षण में व प्रभारी आईजीआरएस निरीक्षक चन्द्रशेखर के कुशल नेतृत्व में थानों पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध निस्तारण व शिकायतकर्ता द्वारा दिये गये संतुष्टि के फीडबैक के आधार पर शासन द्वारा जारी की गई मासिक रैंकिंग में माह नवम्बर 25 हेतु जारी की गयी रैंकिंग में जनपद पुलिस को 100 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। उक्त कार्य के लिये पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद कार्यालय एवं थानों पर आईजीआरएस में नियुक्त पुलिसकर्मियों की प्रसंशा की गयी तथा भविष्य में भी पूर्ण मनोयोग से कार्य करने हेतु नगद पुरस्कार से पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया।

### तिलोई में होगा विधायक खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** उपजिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह ने बताया कि विधानसभा स्तर पर उप्र ग्रामीण खेल लीग के अन्तर्गत महिला एवं पुरुष श्रेणी में विभिन्न आयु वर्ग सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर की विधायक खेल स्पर्धा कराने हेतु जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है, जिसमें विधानसभा स्तर पर पुरुष एवं महिला की 8 खेल विधाओं यथा–एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, वालीबॉल, फुटबाल, भारोत्तोलन, जूडो एवं बैडमिन्टन प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा 5 दिसम्बर को बैठक में व्यक्तिगत स्पर्धा में एथलेटिक्स विधा में अनिवार्य रुप से प्रतियोगिता का आयोजन कराये जाने का निर्णय लिया गया है तथा कम से कम 4 अन्य खेल विधाओं में खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराया जायेगा तथा विधानसभा व विकास खण्ड–तिलोई, बहादुरपुर, सिंहपुर के इच्छुक विद्यालय के खिलाड़ियों व ग्रामीण अंचलों के समस्त खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता का आयोजन जनपद में 13 व 14 दिसम्बर को एसपीएन इण्टर कॉलेज तिलोई में सम्पन्न कराया जायेगा, जिसमें प्रतिभागी को विधानसभा तिलोई–178 का निवासी होने के साथ ही खिलाड़ियों का युवा साथी पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी हेतु क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द. अधिकारी, वि.ख.–तिलोई निधि श्रीवास्तव मो.–9956499603 से सम्पर्क किया जा सकता है।

### एसआईआर को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने की बैठक



**जैदपुर बाराबंकी।** नगर पंचायत स्थित सभागार मे मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा एक बैठक मंगलवार करीब 1 बजे आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रेम प्रकाश द्विवेदी द्वारा की गई। वही कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री आकाश गुप्ता के द्वारा की गई। आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा शामिल हुए। उन्होने मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर सभी बूथ अध्यक्ष को आवश्यक निर्देश दिए। वहीं जिला उपाध्यक्ष बृजेश रावत तथा रचना श्रीवास्तव ने कहाकि मतदाता पुनरीक्षण अभियान को और गति देने के लिए सभी बूथ अध्यक्ष अपने अपने बूथों की रिपोर्ट प्रस्तुत करेगे। जिसमे बूथ नंबर,कुल मतदाता, कुल वितरण गणना फॉर्म तथा कुल जमा फॉर्म के साथ ही मृतक मतदाता की संख्या प्रवासी मतदाता और नए मतदाताओ की संख्या दर्ज की जाएगी। जिसको लेकर विशेष बैठक कर यह जानकारी दी गई है। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अम्बरीश रावत,वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक निगम,नेता राजन बक्सोरअर्जुन कश्यप, राम विलास,नदीम जैदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अवधी महोत्सव में साहित्य प्रेमियों का होगा ऐतिहासिक संगम, अधिक संख्या में पहुंचेंगे समाजसेवी

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



अवधी आराधक डॉ राम बहादुर मिश्र की अवधी साधना को समर्पित अवध-अवधी का विविध सन्दर्भ अभिनंदन ग्रन्थ के लोकार्पण समारोह एवं अंतर्राष्ट्रीय अवधी महोत्सव को सफल बनाने के लिए बिरजू संस्थान, बाराबंकी के कार्यकर्ताओं ने बैठक कर समारोह में अधिक से अधिक लोगों को पहुंचने की अपील की है। लखनऊ के राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में साहित्य सभा उत्तर प्रदेश के संस्थापक स्माइल मैन कवि सर्वेश अस्थाना के संयोजन में दिनांक 11 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे से आयोजित इस समारोह में प्रदेश के तमाम जनपदों से साहित्य प्रेमियों को पहुंचने की अपील की गई है। विकास भवन के निकट शांति विहार में व्यंगकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू जी के आवास पर बैठक को सम्बोधित करते हुए संस्थान के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने कहा कि इस महोत्सव को सफल बनाने के लिए प्रदेश की कई संस्थाओं को जिम्मेदारी दी गई है, बिरजू संस्थान भी इसमें सहयोग करेगा। आप सबसे अपील है कि राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में समय से सभी को पहुंचने का कष्ट करें। बैठक में रमेश चौधरी, विनोद कुमार, जियालाल, सहदेव प्रसाद, राम प्रगट कनौजिया, व्यंगकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू, गीतकार साहब नारायण शर्मा, सियाराम रावत, दीपक दिवाकर सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# 14 दिसंबर से शुरू होगा पल्स पोलियो अभियान

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि जनपद में पल्स पोलियो अभियान 14 दिसंबर से प्रारंभ किया जा रहा है। अभियान को सफल बनाने के लिए जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय भूमिका निभाएंगे तथा निर्धारित दायित्वों का निर्वहन करेंगे। सीएमओ ने बताया कि 12 दिसंबर को जनपद में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्वास्थ्यकर्मी, आशा-आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वयंसेवी एवं छात्र-छात्राएं शामिल होंगी। इसके माध्यम से आमजन को पोलियो उन्मूलन के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा। अभियान के तहत 14 दिसंबर को बुलावा टीम मोहल्लों और गांवों में भ्रमण कर 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को बूथ पर लाकर पोलियो की दो बूंद पिलाने के लिए प्रेरित करेगी। जिले में स्थापित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक खुले रहेंगे। सीएमओ ने बताया कि बूथ डे के बाद 15 से 19 दिसंबर तक पोलियो टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक देंगी। डॉ. अंशुमान सिंह ने जनपदवासियों से अपने 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को निर्धारित तिथियों में पोलियो बूथ पर लाकर जीवनरक्षक पोलियो खुराक पिलाने और देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने में अपना सहयोग देने की अपील की है।

## अग्निवीर बनकर लौटे भूपेंद्र सिंह का भव्य स्वागत, गांव में खुशी का माहौल



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** अग्निवीर योजना के तहत 8 माह की कठोर सैन्य प्रशिक्षण पूर्ण कर गांव घरकुइयां के निवासी भूपेंद्र सिंह जब वापस घर लौटे, तो क्षेत्र में उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला। उनकी इस उपलब्धि पर पारिजात इन्फोसॉल्यूशंस, हैदरगढ़ में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से राहुल दीक्षित, भाजपा मंडल मंत्री बृजेश शुक्ला, गुरु सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, सौरभ शुक्ला, शुभम सहित कई गणमान्य लोगों ने प्रतिभाग किया। सभी ने भूपेंद्र सिंह को माला पहनाकर और शुभकामनाएँ देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लोगों ने कहा कि भूपेंद्र सिंह का यह देश सेवा का संकल्प घरकुइयां गांव ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति के नारों से माहौल गूंज उठा।

# जनपद न्यायाधीश ने बाइक जागरूकता रैली को किया रवाना

**पुलिस विभाग की मोटर साइकिल रैली 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का करेगी प्रचार प्रसार**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार 13 दिसम्बर को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय गेट संख्या-1 से पुलिस विभाग की मोटरसाइकिल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर अल्पना सक्सेना, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, वन्दना सिंह, प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय, विनय सिंह एडीजे प्रथम, राकेश कुमार सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह अपर जिला न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विकास चन्द्र त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी, आलोक कुमार पाठक, क्षेत्राधिकारी समेत सभी न्यायिक अधिकारीगण, पुलिस विभाग के अधिकारीगण, कर्मचारीगण, बार एशोसिएशन के अध्यक्ष, पत्रकार एवं जनपद न्यायालय के अन्य कर्मचारीगण शामिल हुये।

प्रतिमा श्रीवास्तव, जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा कथन किया गया कि यह जागरूकता रैली अपने आप में अनूठी पहल है। जिले में पहली बार पुलिस विभाग के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए मोटर साइकिल रैली निकाली गई है।

यह रैली जिले के विभिन्न थानो, पुलिस चौकियों पर कार्यरत पुलिस वालों के द्वारा इस मोटरसाइकिल रैली में प्रतिभाग किया किया। श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह अपर जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा रैली में शामिल सभी पुलिस कर्मियों को एवं अन्य अधिकारीगण को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं भविष्य में और अधिक बड़े आयोजनों में सम्मिलित होने के लिए तैयार रहने हेतु प्रेरित किया।

## सोनिया गांधी का मनाया गया जन्मदिन, पौधरोपण के बाद कराया गया मुंह मीठा

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** कांग्रेस पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एंव राज्य सभा सांसद सोनिया गांधी के 79 वां जन्म दिन पर ब्लाक बनीकोडर गांव रेहरिया मे वृक्ष लगाकर एक दूसरे का मुहँ मीठा कराकर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया काग्रेस पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद सोनिया गांधी के जन्मदिन के अवसर पर पूर्व जिला सचिव कांग्रेस पार्टी मनीष रावत ने कहा कि सोनिया गांधी की शालीनता कहानी सिर्फ राजनीति की नही बल्कि एक साधारण इंसान के असाधारण त्याग की कहानी है। जिस तरह उन्होंने अपने पति स्व राजीव गांधी पूर्व प्रधानमंत्री को देश की सेवा मे कुर्बान होते देखा, उस भयानक दर्द के बाद भी उन्होंने हिम्मत नही हारी वो चाहती तो आराम की जिंदगी जी सकती थी, लेकिन उन्होंने भारत के लोगो की सेवा को चुना ।उन्होंने ने कुर्सी नही बल्कि जनता का साथ चुना ।जब परिवार देश के लिए इतना बड़ी बलिदान देता है, तो वो नेता सिर्फ नेता नही रह जाता बल्कि जनता के हर परिवार का हिस्सा बन जाता है।

## सूचना

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि अजय कुमार यादव पिता श्री राम समुझ हाईस्कूल परीक्षा 2018 अनुक्रमांक 2296027 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र कही खो गया है।

**अजय कुमार यादव, पुत्र राम समुझ निवासी-ग्राम मंजगवा थाना बौड़ी, जिला बहराइच।**

## सूचना

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि सौम्या पाण्डेय पिता श्री रमेश कुमार पाण्डेय इंटरमीडियट परीक्षा 2022 अनुक्रमांक 2226941259 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र कही खो गया है।

**सौम्या पाण्डेय, पुत्री रमेश कुमार पाण्डेय,निवासी ग्राम कैसरगंज बहराइच।**

# महिला ने लगाई फांसी, पुलिस की त्वरित कार्रवाई से बची जान

**बिसवां,सीतापुर समृद्धि न्यूज।**

थाना बिसवां क्षेत्र में शनिवार को एक महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किए जाने पर पुलिस की समय रहते की गई त्वरित कार्रवाई से उसकी जान बच गई। घटना 06 दिसंबर 2025 की है। नवनीत मिश्रा पुत्र स्व. प्रेम मिश्रा निवासी मोहल्ला पुरवारी टोला ने थाने पहुंचकर सूचना दी कि उनकी भाभी दीपिका मिश्रा पत्नी नितिन मिश्रा ने कमरे में खुद को बंद कर पंखे के कुंडे में दुपट्टे से फंसी लगा ली है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन में उनि सुधाकर सिंह कांस्टेबल विवेक तथा कांस्टेबल तरुण तत्काल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था जिसे तोड़कर पुलिस अंदर दाखिल हुई तो महिला फांसी पर लटकी मिली। पुलिस टीम ने तुरंत फंदा काटकर उसे नीचे उतारा और बिना किसी विलंब के मोटरसाइकिल से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां पहुंचाया। समय पर मिली सहायता के कारण महिला की जान बच गई। दीपिका मिश्रा के दो छोटे बच्चों अक्षिता मिश्रा, 3 वर्ष और नेत्रा मिश्रा 1.5 वर्ष के सिर से बड़ा संकट टल गया और वे अनाथ होने से बच गए। घटना के बाद महिला की लगातार काउंसलिंग मिशन शक्ति केंद्र के माध्यम से कराई जा रही है।

## बिसवां एसडीएम ने हटवाया अवैध कब्जा, 20 बीघा भूमि पर चला बुलडोजर

**बिसवां।** जिलाधिकारी के निर्देश पर बिसवां प्रशासन ने जलालपुर में लगभग 20 बीघा जमीन पर हो रही बिना धारा 80 के अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की। कार्रवाई का नेतृत्व एसडीएम बिसवां शिखा शुक्ला ने किया। प्रशासन ने करीब एक करोड़ रुपये मूल्य की जमीन पर किए गए अवैध कब्जे को हटाते हुए बुलडोजर चलाया। लगभग चार घंटे तक चली कार्रवाई में अवैध निर्माण व कब्जे को ध्वस्त किया गया बताया गया कि बिना अनुमति हो रही प्लाटिंग और कब्जे को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं जिसके बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई।

# आईजीआरएस के निस्तारण में लहरपुर प्रदेश में प्रथम

**सीतापुर समृद्धि न्यूज।**

उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम ने तहसील लहरपुर, जिला सीतापुर द्वारा यह सूचित किया है कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के उच्च गुणवत्ता वाले, पारदर्शी तथा समयबद्ध निस्तारण के आधार पर तहसील लहरपुर ने पूरे उत्तर प्रदेश में पुनः प्रथम रैंक प्राप्त की है। यह उपलब्धि नागरिकों को विश्वसनीय, सुलभ और प्रभावकारी समाधान उपलब्ध कराने के प्रति तहसील प्रशासन की दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है। तहसील लहरपुर के लिए जनसेवा सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रत्येक शिकायत को तथ्यपरक, न्यायसंगत और पूर्ण पारदर्शिता के साथ निस्तारित करना प्रशासन का मूल लक्ष्य रहा है। आवेदक की संतुष्टि ही प्राथमिकता है। आईजीआरएस में पुनः प्रथम स्थान प्राप्त होना इस बात की पुष्टि करता है कि नागरिकों को प्रदान की जाने वाली सेवा-गुणवत्ता सुनिश्चित करने में हम निरंतर सफल रहे हैं। आगामी समय में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्यप्रणाली और अधिक दृढ़ता के साथ बनाए रखे जाएंगे। शिकायत निस्तारण की प्रक्रिया को और अधिक सरल, सहभागितापूर्ण तथा परिणाम-मुखी बनाने के लिए आवश्यक सुधारों पर लगातार कार्य किया जा रहा है।

## 17 दिसंबर को मनाया जाएगा पेंशनर्स दिवस

**सीतापुर।** जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन वित्त (सामान्य) अनुभाग-3 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक-26 नवम्बर 2025 एवं वित्त (सामान्य) अनुभाग-3 की विज्ञप्ति दिनांक-24 जून 2025 के क्रम में में निर्देशित किया गया है कि दिनांक-17 दिसम्बर 2025 को पेंशनर्स दिवस प्रभावकारी एवं सार्थक रूप में मनाया जाये। उक्त के अनुपालन में जनपद के समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्षों एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों तथा जनपद के सभी पेंशनरों को 17 दिसम्बर को समय 11.00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार/ जिला पंचायत (नेहरू हाल) में आयोजित कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाता है।

## सूचना

मैं अपने ग्राहक आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा रायबरेली ऑफिस नंबर 563 जमीर कंपलेक्स फर्स्ट फ्लोर खसरा नंबर 21 अहमदपुर नजूल रोड नियर स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया जनपद रायबरेली 229001 उत्तर प्रदेश की तरफ से सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे ग्राहक सुनैना पत्नी विनय कुमार अपनी संपत्ति आराजी नंबर 311 ग्राम रातापुर परगना व तहसील सदर जनपद रायबरेली का जुज़ भाग रकब 880 वर्ग फीट को बंधक रखकर आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड रायबरेली शाखा से उक्त संपत्ति को राम दुलारी पत्नी राम प्रताप चौधरी निवासी ग्राम 726/12 रातापुर रायबरेली से क्रय कर रहे हैं यह कि उक्त संपत्ति की खतौनी में राम दुलारी पत्नी राम प्रताप चौधरी के साथ साथ अन्य सह खातेदार के नाम भी खतौनी में खातेदार के रूप में दर्ज हैं यदि संबंधित व्यक्ति व युवतियों, बैंक या वित्तीय संस्था को इस संपत्ति के हस्तांतरण एवं आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में बंधक रखने में यदि कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिन के अंदर नीचे दिए गए पते पर संपर्क कर अपनी आपत्ति दर्ज कराये अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है एवं किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा चौहद्दी पूरब प्लॉट विक्रेता बादूहू विक्रेता मकान, पश्चिम प्लॉट विक्रेता, उत्तर 20फिट रोड दक्षिण शेष भूमि विक्रेता।

**आपत्ति हेतु संपर्क करे
एडवोकेट संजीव कुमार शुक्ला 2nd फ्लोर
एन एन कॉम्प्लेक्स केनरा बैंक के ऊपर
सुपर मार्केट रायबरेली
मो नंबर 9415190904**

# खाद की कालाबाजारी व बिजली कटौती पर कार्रवाई की मांग

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



▸ आजाद समाज पार्टी कांशीराम ने दिया ज्ञापन

खाद की कालाबाजारी व बिजली की अघोषित कटौती पर कार्रवाई की मांग को लेकर आजाद समाज पार्टी कांशीराम के जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया।

जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन में कहा गया है कि इस समय रबी की फसलों विशेषकर गेहूं और आलू की बुवाई के दौरान किसानों को यूरिया खाद की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। इन फसलों में नाइट्रोजन की अधिक आवश्यकता होती है जो यूरिया के माध्यम से पूरी होती है। किसानों की मेहनत से देश को पौष्टिक अन्न प्राप्त होता हैए लेकिन इसी किसान को आज खाद के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। सरकारी दर पर 286 से 270 रुपए प्रति बैग मिलने वाली यूरिया आज बाजार में 380 से 400 रुपए तक बेची जा रही है। सहकारी समितियों के कार्यालय अक्सर बंद रहते हैं और सप्ताहांत पर किसानों को अतिरिक्त पैसे देकर खाद लेने को मजबूर किया जा रहा है। यह स्थिति अत्यंत निंदनीय है। आजाद समाज पार्टी कांशीराम की मांग है कि जिला प्रशासन तत्काल यूरिया की कालाबाजारी पर रोक लगाए। सभी प्राइवेट खाद विक्रेताओं की जांच कराई जाए। दोषी पाए जाने पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित हो। समितियों के खुलने का समय बढ़ाया जाए ताकि किसान सुविधा से खाद खरीद सकें। बिजली की अघोषित कटौती तत्काल रोकी जाए। यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई तो आजाद समाज पार्टी कांशीराम आंदोलन करने के लिए स्वतंत्र होगी। यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक किसानों को न्याय नहीं मिलता और खाद की आपूर्ति सामान्य नहीं हो जाती। पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा देश मे हर बर्ष खाद की किल्लत व कालाबाजारी होती है पर ठेको पर दारू कभी कम नही पड़ती जो देश के युवाओ मे जहर घोल रही है। इस मौके पर मण्डल प्रभारी छबिराम जाटव, पूर्व मण्डल उपाध्यक्ष विजय गिहार, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नेम सिंह, जिला महासचिव चांद खां, जिला उपाध्यक्ष गुलाम वारिस, पूर्व जिला संयोजक गुड्डू कठेरिया, मीडिया प्रभारी अनुज, एंडवोकेट अजीत कठेरिया, विधानसभा उपाध्यक्ष कमलेश कुमार, नगर अध्यक्ष अरशद, प्रशांत, रोहित, अवधेश आदि दो दर्जन से अधिक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

पुराना सौरिख बस स्टॉप स्थित कांग्रेस कार्यालय में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी का 79वां जन्मदिन लड्डू बांटकर एवं केक काटकर धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर कांग्रेस विचार मंच के जिलाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय जन आंदोलन फ्रंट (कांग्रेस) के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार दुबे ने सोनिया गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सोनिया गांधी ने भारतीय राजनीति में त्याग, संयम और समर्पण की अनुपम मिसाल कायम की है। विदेशी मूल की होने के बावजूद उन्होंने भारतीय संस्कृति को पूरी तरह अपनाया और देश की सबसे पुरानी पार्टी को संकट के दौर में भी एकजुट रखा। मनमोहन सिंह सरकार के दौरान यूपीए की नीतियों और अधिकारों वाली योजनाओं से करोड़ों गरीबों को राहत पहुंचाई। वे आज भी कांग्रेस की सबसे बड़ी प्रेरणा और एकता का प्रतीक हैं। कार्यक्रम में देवकीनंदन दुबे मुन्ना, आसाराम यादव, अजय दुबे, सुरेश सिंह तोमर, विजय शुक्ला, श्याम नायक, सुरजीत नायक, प्रिया श्रीवास्तव, भैया लाल, राजेश दुबे, दिनेश चंद्र पांडेय, प्रदीप दुबे एवं महेश दीक्षित सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंतिम सप्ताह में मनेगा न.प. स्थापना उत्सव 'संकल्प 2025'

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



प्रति वर्ष आयोजित होने वाला नगर पालिका स्थापना उत्सव इस बार दिसंबर के अंतिम सप्ताह में मनाया जाएगा। यह तीसरा नगर पालिका उत्सव है, जिसकी तैयारियाँ तेज़ी से शुरू कर दी गई हैं। इसी क्रम में नगर पालिका कार्यालय में विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधकों, शिक्षकों की उपस्थिति में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई।

पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया कि संकल्प उत्सव नवंबर माह में आयोजित होता है, लेकिन इस वर्ष पालिका परिसर में चल रहे निर्माण कार्य के कारण इसे दिसंबर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि सभासदों के संयोजन में इस बार व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि उत्सव शहर की पहचान और विकास को सामूहिक रूप से आगे बढ़ाने का अवसर बने। उत्सव के दौरान संस्कृति, युवा और सामाजिक कार्यक्रमों के अलावा शहर के इतिहास, विकास यात्रा, दादरी व्यवस्था, नगर प्रशासन, रोजगार-कौशल और स्टार्टअप जैसे विषयों पर विशेष गोष्ठियाँ आयोजित की जाएंगी। इन सत्रों का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना और युवाओं को नए अवसरों से जोड़ना है। अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि कड़ाके की सर्दी को ध्यान में रखते हुए सभी कार्यक्रम दिन में आयोजित किए जाएंगे। सर्दी के कारण बच्चों की सहभागिता सीमित रखी जाएगी। कार्यक्रम में इस वर्ष नगर रत्न सम्मान भी प्रदान किया जाएगा, जिसके अंतर्गत अध्यापक, डॉक्टर, समाजसेवी, युवा और उत्कृष्ट कार्य वाले पालिका कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही नगर पालिका द्वारा संचालित ब्रिज लगाओ पुरस्कार, स्वच्छता के सिपाही पुरस्कार, तथा वर्षभर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी मंच पर सम्मानित किया जाएगा। जेई रवि कौशल ने बताया कि अभूतपूर्व आयोजन के लिए उपसमिति बनेगी। बैठक में अध्यापक अनूप दुबे, अनुज राजपूत, रोहित सिंह, व्यास मुनि, सचिन यादव, मयंक कुमार, जाहिद चिश्ती सहित कई अन्य सदस्य मौजूद रहे और आयोजन की रूपरेखा पर अपने सुझाव दिए।

# बाजार में अतिक्रमण के चलते पल-पल पर लगता है जाम

▸ ई-रिक्शों की भरमार से लोग परेशान

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगर के मुख्य मार्ग पर बाजार में सुरसा के मुंह की तरह फैले अतिक्रमण के चलते पल-पल पर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। सबसे बड़ी समस्या स्कूलों की छुट्टी के समय बन जाती है। उस वक्त नगर के मुख्य तिराहों और चौराहों पर घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। ई-रिक्शों की भरमार से भी लोग परेशान हैं। नगर में अब अतिक्रमण लाइलाज बीमारी बनकर रह गया है। बढ़े हुए अतिक्रमण से नगर का फुटपाथ तो बिल्कुल खत्म हो गया है। ऐसे में हमेशा मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रहती है। सबसे बड़ी समस्या तो तब खड़ी हो जाती है जब शहर के स्कूलों की छुट्टी होती है। उस समय नगर के प्रमुख तिराहों व चौराहों पर जाम की स्थिति रहती है। सबसे अधिक हीरालाल कालेज चौराहा, नगर पालिका तिराहा, पीपल चौराहा, सब्जी मंडी, रोडवेज बस स्टैंड और विशुनगढ़ तिराहे पर जाम की स्थिति रहती है। पल पल पर जाम लगने का सबसे बड़ा कारण ई रिक्शा की भरमार भी है।सवारी की तलाश में खाली दौड़ते ई रिक्शा से मुख्य मार्ग पर अन्य लोगों का निकलना दुश्वार हो जाता है।



## शहर में नो एंट्री का नहीं है कोई असर

छिबरामऊ। शहर में सुबह 9 बजे से शाम 8 बजे तक नो एंट्री लागू रहती है, लेकिन वर्तमान समय में नो एंट्री का कोई असर नहीं है। पूरे दिन बड़े वाहनों की भी नगर के मुख्य मार्ग पर आवाजाही बनी रहती है। बड़े वाहन के नगर के मुख्य मार्ग पर आते ही जाम की स्थिति पैदा हो जाती है जिससे लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

## अतिक्रमण हटे तो मिले जाम से निजात

छिबरामऊ। शहर के लोगों का मानना है कि यदि नगर के मुख्य मार्ग के साथ-साथ संपर्क मार्गो से भी अतिक्रमण की समस्या से निजात मिल जाए, तो निश्चित तौर पर जाम की भी समस्या हल हो सकती है। उधर इस संबंध में पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया कि जल्दी ही अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया जाएगा। इसको लेकर सारी तैयारी कर ली गई है। इसके लिए जेई रविराज कौशल को प्रभारी बनाया गया है। शहर में पालिका प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने को लेकर मुनादी भी कराई जाएगी।

## भाजपा ने यूपी में प्रदेश अध्यक्ष चयन प्रक्रिया की तेज

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में नए प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की तैयारियों को गति दे दी है। इसी क्रम में प्रदेश संगठन के चुनाव अधिकारी महेंद्र नाथ पांडेय ने जनपदवार प्रांतीय परिषद सदस्यों की घोषणा कर दी है। घोषित सदस्य प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में मतदान करेंगे और चयन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जिसमें तिर्वा विधानसभा से यशवंत राजपूत, कन्नौज विधानसभा से विद्यावती दोहरे, छिबरामऊ विधानसभा से वीरेंद्र द्विवेदी को प्रदेश अध्यक्ष चुनाव हेतु प्रांतीय परिषद सदस्य के रूप में नामित किया गया है। भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन व जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने सभी नवनियुक्त प्रांतीय परिषद सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

## सूचना

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम उज्जवल अंकित है, जबकि मेरे हाईस्कूल के अंक पत्र में मेरा नाम रिसव यादव दर्ज है। जबकि दोनों ही नाम मेरे है। मुझे अब उज्जवल के स्थान पर रिसव यादव के नाम से जाना जाये। रिसव यादव पुत्र संतोष कुमार निवासी गुचलियाई, पो0 कुबेरपुर घाट, फर्रुखाबाद।

## सूचना

मेरी भांजी सीपी विद्या निकेतन कायमगंज कक्षा 3 की छात्रा है। जिसका विद्यालय रिकार्ड में नाम कृष्णा गुप्ता पुत्री दिलीप गुप्ता दर्ज है। जबकि जन्म प्रमाण पत्र में प्रियल गुप्ता दर्ज है। भांजी का नाम विद्यालय रिकार्ड में कृष्णा गुप्ता के स्थान पर प्रियल गुप्ता दर्ज किया जाये।
हिमांशू गुप्ता पुत्र नरेश चन्द्र गुप्ता निवासी मांझा गांव पश्चिम कम्पिल, पगरना कम्पिल, तहसील कायमगंज।

## सूचना

मेरे पिता के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम Kamalpreet Kaur अंकित हो गया है, जबकि मेरा वास्तविक नाम Komalpreet Kaur है। Komalpreet Kaur D/o No-JC511003W, रैंक-सूबेदार, कुलविन्दर सिंह, सिखलाई रेजिमेन्ट सेन्टर फतेहगढ़, निवासी-रूरी वाला चोला साहिब, पोस्ट-चोला साहिब, जिला- तरन तारन, राज्य-पंजाब-143408, द्वारा शपथ पत्र नंबर-46AA079595, दिनांक-09.12.2025 फतेहगढ़ कोर्ट।

# खबरें एक नजर में

## बजाज आटो डीलर शोरूम का हुआ भव्य अनावरण



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर में नवीन मंडी स्थल के निकट स्थित शारदा आटो डीलर शोरूम पर बजाज कंपनी की नई शानदार बाइक पल्सर एन160 का भव्य लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर हुआ। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष, रक्तवीर, महामहिम राज्यपाल से सम्मानित तथा वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस (इंग्लैंड) से पुरस्कृत आचार्य डॉ. रजनीश दुबे ने बाइक का पर्दा हटाकर अनावरण किया। उन्होंने बजाज कंपनी की नवीन तकनीक और युवाओं के लिए इस बाइक की उपयोगिता की सराहना की। शारदा आटो डीलर के स्वामी सुरेन्द्र सिंह तोमर ने बाइक की खूबियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नया पल्सर एन160 दमदार इंजन, बेहतरीन माइलेज, आकर्षक डिजाइन और एडवांस्ड फीचर्स से लैस है। शोरूम स्टाफ ने मुख्य अतिथि सहित सभी आए हुए ग्राहकों का माला एवं अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर नासिर खान, गुलफाम, अर्जुन सिंह, सुघर सिंह, छोटू, राघव दुबे, पवन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** फर्रूखाबाद रोड स्थित इंदिरा आवास कॉलोनी में घर के बाहर खड़ी गोटरसाईकिल चोरी हो गई। इस बारे में कॉलोनी निवासी विश्वनाथ पुत्र श्रीराम ने कोतवाली में तहरीर दी है कि 7 दिसंबर की शाम को अपनी हीरो स्प्लेंडर मोटर साईकिल को अपने घर के बाहर प्रतिदिन की भांति खडी करके रात में सो गए। सुबह मोटर साईकिल उस स्थान पर नहीं थी। काफी ढूंढने का प्रयास किया लेकिन मोटरसाईकिल नहीं मिली।

## पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे वारंटियों की धरपकड़ अभियान के तहत विशुनगढ़ पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष भागमल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अपर सिविल जज मैनपुरी द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट पर दो फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। ये दोनों अभियुक्त वाद संख्या 2343/25 में धारा 323/504 भादवि के तहत वांछित चल रहे थे और तारीख पेशी 10 दिसंबर 2025 थी। गिरफ्तार वारंटियों के नाम शैलेंद्र सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह एवं नरेंद्र पुत्र घनलाल है और दोनों ग्राम छिछौनापुर पोस्ट मिघौली थाना विशुनगढ़ के निवासी हैं।

## 17 दिसम्बर को आयोजित होगा पेंशनर दिवस

**उरई (जालौन)।** वरिष्ठ कोषाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि राज्य सरकार के पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं की जनपद स्तर पर सुनवाई व निराकरण हेतु प्रतिवर्ष 17 दिसम्बर को पेंशनर्स दिवस का आयोजन जनपद स्तर पर करने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है। इसी क्रम में जनपद जालौन स्थान उरई में 17 दिसम्बर 2025 को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद कोषागार कलेक्ट्रेट उरई के प्रांगण में अपरान्ह 12 बजे से पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया जायेगा। आयोजन का समन्वय वरिष्ठ कोषाधिकारी जालौन स्थान उरई द्वारा किया जायेगा। आयोजन में जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्ष भी प्रतिभाग करेंगे। अतः कोषागार उरई से पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनरों को सूचित किया जाता है कि जिन पेंशनरों की समस्या या शिकायत है वह अपने शिकायत प्रार्थना पत्रों के साथ प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

# आरोपी के पास से गांजा, फोन व बाइक बरामद

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली पुलिस ने गांजा लेकर जा रहे युवक को पकड़ा है। युवक के पास से पुलिस ने पांच किग्रा गांजा, मोबाइल फोन व बाइक बरामद की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली में तैनात एसआई मनीष कुमार तिवारी को सूचना मिली कि आकोढ़ी दुबे के पास एक युवक कोई नशीला पदार्थ अवैध रूप से बेचने के लिए ले जा रहा है।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में बाइक लेकर जा रहे रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम खकसीस निवासी शिवम सेंगर को रोककर जब बाइक पर टंगे थैले की तलाशी ली तो पुलिस ने उसमें से 5.130 किग्रा सूखा गांजा बरामद किया। पुलिस ने गांजे के साथ ही युवक का मोबाइल व बाइक कब्जे में ले लिया। जामा तलाशी में पुलिस ने युवक के पास से 110 रुपये भी बरामद किए। पूछतांछ में युवक ने बताया कि वह गांजा का व्यापार करता है और पकड़े गए गांजा को वह बेचने के लिए ले जा रहा था। पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# नगर मजिस्ट्रेट ने जिला अस्पताल में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था परखी



**उरई ,जालौन समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा ने सीएमएस आंनद उपाध्याय, सीएफओ के साथ जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर वहां की अग्नि शमन प्रणाली की विस्तृत भौतिक जांच की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में लगे फायर एक्सटिंग्विशर, हाइड्रेंट पॉइंट, अलार्म सिस्टम और आपात निकास मार्गों का अवलोकन किया। नगर मजिस्ट्रेट ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अग्नि सुरक्षा उपकरण पूरी तरह क्रियाशील स्थिति में रहें तथा उनकी समय-समय पर जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल जैसे महत्वपूर्ण संस्थान में सुरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को यह भी निर्देश दिया कि स्टाफको अग्नि शमन उपकरणों के उपयोग का प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके।

# पिकअप आगे जा रही डीसीएम में भिड़ी, चालक घायल

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

बेसन लादकर आगरा जा रही पिकअप आगे जा रही डीसीएम में भिड़ गई। हादसे में पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हुआ। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद चालक को उच्च संस्थान रेफर किया। डीसीएम चालक डीसीएम मौके पर छोड़कर भाग निकला।

पुलिस ने डीसीएम व पिकअप को कब्जे में लिया। आगरा निवासी पिकअप चालक रवि उपाध्याय (40) सोमवार की रात करीब आठ बजे पिकअप में बेसन लादकर आगरा की ओर जा रहे थे। उनके आगे एक डीसीएम गाड़ी चल रही थी। जब उनकी पिकअप गाड़ी भिटारा गांव के नजदीक पहुची। तभी आगे चल रहे डीसीएम के चालक ने अचानक से ब्रेक लगा दिए। डीसीएम चालक द्वारा ब्रेक लगाए जाने से पीछे चल रहे रवि पिकअप को नियंत्रित नहीं कर सके और पिकअप आगे चल रही डीसीएम में जा घुसी। हादसे में पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के बाद डीसीएम चालक डीसीएम को मौके पर छोड़कर भाग निकला। वहीं, घायल पिकअप चालक को राहगीरों ने सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे उच्च संस्थान रेफर किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम और पिकअप को कब्जे में लेकर कोतवाली में खड़ा कराया है।

## खड़ी कार में पीछे से आ रहे ट्रक चालक ने मारी टक्कर

**जालौन,उरई।** सड़क की साइड में खड़ी कार में पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने टक्कर मार दी। हादसे के समय कार में अंदर कोई न होने के चलते गंभीर हादसा बच गया। पुलिस ने आरोपी ट्रक को कब्जे में ले लिया है। मध्य प्रदेश के भोपाल निवासी अशोक कुमार सोमवार को अपने रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए माधौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम हिम्मतपुरा गए थे। अंतिम संस्कार के बाद देर शाम वह वापस कार से लौट रहे थे। जब उनकी कार छिरिया सलेमपुर गांव के पास पहुंची तभी उनकी कार का टायर पंक्चर हो गया। वह कार को सड़क किनारे खड़ी कर टायर बदलने लगे। तभी बंगरा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने बेकाबू होकर उनकी कार में पीछे से टक्कर मार दी।

## शराब ले जाते युवक को पुलिस ने पकड़ा

**जालौन,उरई।** 25 क्वार्टर शराब लेकर जा रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी अजीत शर्मा ने चेकिंग के दौरान ग्राम छिरिया सलेमपुर से दमां के लिए जाने वाली सड़क से ग्राम दमां निवासी अभिषेक कुमार को रोककर जब उसकी तलाशी ली तो पुलिस ने उसके पास से 25 क्वार्टर देशी शराब के बरामद किए। पूछने पर युवक ने बताया कि वह शराब अवैध रूप से बेचने के लिए ले जा रहा था। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कम उम्र में बच्चों का विवाह है सामाजिक विकास में बाधा: गीता पाठक

▸ कंपोजिट विद्यालय में मनाया गया बाल विवाह मुक्त भारत विशेष कार्यक्रम

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



बच्चों को पुरस्कार प्रदान करते अतिथि

बाल विवाह मुक्त भारत- 100 दिवसीय विशेष अभियान के तहत कस्वा के कंपोजिट विद्यालय जलालाबाद में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन से डीएमसी प्रतिमा एवं जेंडर स्पेशलिस्ट अनुपम द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा गीता पाठक रहीं। जिन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं जनसमूह को बाल विवाह न करने एवं न होने देने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि कम उम्र में विवाह से बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास बाधित होता है, इसलिए समाज को मिलकर इसे रोकने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की एवं 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह कानूनी रूप से बाल विवाह की श्रेणी में आता है। ऐसी किसी भी घटना की सूचना तुरंत 1098 पर देने की अपील की गई। इसके साथ ही बालिकाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत विद्यालय में चित्रकला, निबंध लेखन एवं वाद- विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरेंन कुमार, सहायक अध्यापक प्रियंका पाठक, बृजेश शुक्ला, अंजली वर्मा तथा समस्त शिक्षक- शिक्षिकाएं रहीं।


## मेला श्रीरामनगरिया एवं विकास प्रदर्शनी वर्ष-2026
### गंगातट, पांचाल घाट, जिला फर्रुखाबाद (उ0प्र0)

संख्या-14 / मेला श्रीराम न0 एवं वि0प्र0/2026 — दिनांक 08, दिसम्बर, 2025

### अल्पकालिक निविदा आमंत्रण

**दिनांक 03.01.2026 से 03.02.2026 तक**

मेला श्रीरामनगरिया एवं विकास प्रदर्शनी वर्ष 2026 दिनांक 03.01.2026 से दिनांक 03.02.2026 तक के लिये निम्न कार्यो हेतु निविदायें दिनांक 10.12.2025 दिन बुधवार से दिनांक 16.12.2025 दिन मंगलवार समय पूर्वान्ह 11.00 बजे से सायं 04: 00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्रतिभूति धनराशि मेला श्रीरामनगरिया के नाग देय बैंक ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0 द्वारा ही स्वीकार की जायेगी

| क्र0 सं0 | निविदा का नाम | प्रतिभूति धनराशि | समय | निविदा प्राप्त व जमा करने की दिनांक, समय व स्थान | निविदा खुलने का दिनांक समय व स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | सबमर्सिबल व्यवस्था | 25000/- | 11 बजे से 04 बजे तक | दिनांक 10.12.2025 दिन बुधवार से दिनांक 16.12.2025 दिन मंगलवार समय पूर्वान्ह 11.00 बजे से सायं 04: 00 बजे तक स्थान कक्ष संख्या-01 नजारत अनुभाग कलेक्ट्रेट फतेहगढ़ जनपद फर्रुखाबाद | दिनांक 17.12.2025 दिन बुधवार को समय पूर्वान्ह 11:00 बजे अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/ सचिव, मेला श्रीरामनगरिया के कार्यालय कक्ष संख्या-24 कलेक्ट्रेट फतेहगढ़ जनपद फर्रुखाबाद |
| 2 | फूल की माला/ फूल सजवाट व्यवस्था | 25000/- | 11 बजे से 04 बजे तक | | |
| 3 | अलाव हेतु जलावन की लकड़ी व्यवस्था | 25000/- | 11 बजे से 04 बजे तक | | |
| 4 | वाहन स्टैण्ड व्यवस्था | 1,00,000/- | 11 बजे से 04 बजे तक | | |
| 5 | विज्ञापन व्यवस्था | 25000/- | 11 बजे से 04 बजे तक | | |

**नियम व शर्तें**

1. निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 10.12.2025 से दिनांक 16.12.2025 तक कक्ष संख्या-01 नजारत अनुभाग कलेक्ट्रेट फतेहगढ़ जनपद फर्रुखाबाद में समय पूर्वान्ह 11: 00 बजे से सायं 04:00 बजे तक कार्यदिवस में प्राप्त की जायेगी तथा निविदा प्रपत्र शुल्क 1000/-रू0 नकद देकर निविदा प्राप्त होगी।
2. दिनांक 16.12.2025 को सायं 04:00 बजे के बाद मिलने वाली किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. प्राप्त निविदायें दिनांक 17.12.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/सचिव मेला श्रीरामनगरिया के कार्यालय कक्ष संख्या-24 स्थित कलेक्ट्रेट फतेहगढ़ जनपद फर्रुखाबाद में खोली जायेंगी।
4. नियम व शर्तो की विस्तृत जानकारी कलेक्ट्रेट कक्ष संख्या-01 नजारत अनुभाग फतेहगढ जनपद फर्रुखाबाद से प्राप्त की जा सकती है।

(दिनेश कुमार)
अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/सचिव
मेला श्रीराम नगरिया

# समग्र शिक्षा अभियान के तहत दिव्यांग बच्चों को वितरित किये गये सहायक उपकरण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

> जिलाधिकारी व क्षेत्रीय विधायक ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ

कोतवाली क्षेत्र के गाँव घसिया चिलौली स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में समग्र शिक्षा अभियान के तहत एलिम्को कानपुर के सहयोग से दिव्याग बच्चों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारम्भ जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. सुरभि गंगवार की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन से हुआ। जिलाधिकारी व विधायक ने कायमगंज शमशाबाद और नवाबगंज ब्लॉक से चयनित 129 दिव्यांग बच्चों को कुल 138 उपकरण वितरित किए गए। उपकरण पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। अपने संबोधन में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने कहा कि दिव्यांग गरीब बच्चों की सहायता करना अत्यंत पुण्य का कार्य है। जिसे एलिम्को कानपुर द्वारा प्रतिवर्ष उत्कृष्ट रूप से किया जा रहा है।

उन्होंने एसआईआर व बीएलओ के योगदान की सराहना करते हुए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से मतदाता पुनरीक्षण कार्य में सहयोग का अनुरोध भी किया। क्षेत्रीय विधायक डॉ. सुरभि गंगवार ने अपने उद्बोधन में जिलाधिकारी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके सहयोग से कंम्पिल क्षेत्र के गांव सिवारा खास में 26 करोड़ की लागत से कंपोजिट विद्यालय निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। जिससे क्षेत्र के शैक्षिक विकास को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश पाल, एआरपी सुबोध अग्निहोत्री, अनुराग पाठक, सहायक अध्यापक योगेंद्र कुमार, अश्विनी चतुर्वेदी, मुकेश कुमार, राहुल कुमार, राजन सहित प्रधान प्रतिनिधि शिवम यादव, सचिव ह्रदेश पाण्डेय मौजूद रहे।


दिव्यांग को ट्राईसाइकिल देते डीएम


कार्यक्रम के दौरान मौजूद दिव्यांग व अभिभावक

## टेंपो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिलाँका निवासी अनिल पुत्र मुन्नालाल बाइक द्वारा ग्राम बरझाला जा रहा था। जैसे ही वह टेड़ीकोन के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे टेम्पो चालक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और टेम्पो सड़क किनारे खड्ड में जा गिरा।

उधर बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद घायल युवक को 108, एम्बुलेन्स द्वारा कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर फर्रुखाबाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## जमीनी विवाद में दो पक्षों में हिंसक झड़प, दो हिरासत में

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। यह घटना अचरा रोड तिराहा स्थित एक खाली प्लॉट पर हुई। जहां टिन शेड डालने को लेकर विवाद शुरू हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दो लोगों को हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार बाईपास तिराहा निवासी नरेश चंद्र की अचरा रोड तिराहा पर एक खाली जगह पड़ी है। मंगलवार सुबह नगर निवासी दिनेश उस जगह पर टिन शेड डलवा रहे थे। दोपहर में जब नरेश चंद्र अपनी जगह देखने पहुंचे, तो उन्होंने टिन शेड का निर्माण होते देखा और इसका विरोध किया। विरोध के बाद दोनों पक्षों में गाली-गलौज शुरू हो गई। जो जल्द ही लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चलने में बदल गई। इस दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दो लोगों को हिरासत में लेकर थाने ले आई। इस झड़प का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। थाना प्रभारी अवध नारायण पांडे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जो भी पक्ष दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हिरासत में लिए गए दोनों लोगों से पूछताछ जारी है।

## इफको सेंटर पर खाद के लिए किसानों की लगी लंबी कतारें

> आधार कार्ड, खतौनी देखकर मिल रही यूरिया, डीएपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गेहूं और आलू की फसल के लिए किसानों को खाद की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। यूरिया और डीएपी की मांग अधिक होने के कारण इफको केंद्रों पर लंबी कतारें देखी जा रही हैं। मंगलवार को सातनपुर मंडी स्थित केंद्र पर किसान खाद लेने के लिए लाइन में लगे दिखे। खाद का वितरण आधार कार्ड और खतौनी के हिसाब से किया जा रहा है। फर्रुखाबाद जिले को एशिया की सबसे बड़ी आलू मंडी के रूप में जाना जाता है। यहां आलू के साथ-साथ गेहूं की भी अच्छी पैदावार होती है। कायमगंज क्षेत्र में तंबाकू की खेती भी की जाती है। इन प्रमुख फसलों के लिए किसानों को यूरिया और डीएपी की आवश्यकता होती है। खाद वितरण केंद्रों पर किसान सुबह से ही पहुंचना शुरू कर देते हैं। केंद्र सुबह 9 बजे खुलते हैं और खाद का वितरण 10 बजे से शुरू होता है। इसके बावजूद किसानों को शाम 4 से 5 बजे तक लंबी कतारों में इंतजार करना पड़ता है। सातनपुर स्थित इफको क्रय केंद्र पर मंगलवार को खाद वितरण के दौरान किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ा। किसान अमलेश ने बताया कि वह सुबह 9 बजे खाद लेने आए थे और उन्हें दोपहर करीब 12 बजे खाद मिल पाई। उन्होंने यह भी बताया कि खाद के साथ एक अन्य पैकेट भी दिया जा रहा है। किसान शिव शंकर ने व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि लाइन में लगना पड़ रहा है, लेकिन वितरण में कोई अन्य दिक्कत नहीं है। इफको के केंद्र के प्रभारी ने बताया सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक केंद्र खुलने का समय है। सेंटर समय से खुलता है और खाद किसानों को बांटी जा रही है। कभी-कभी सरवर की समस्या हो जाती है तो दिक्कत आ जाती है, लेकिन अन्य कोई समस्या नहीं है।


खाद के लिए लाइन में लगा अन्नदाता

## जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायतों में बैठक करने के दिये निर्देश

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी ने बुधवार को सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य बूथ लेवल ऑफिसर व बूथ लेवल एजेंट, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सहायक कोटेदार एवं अन्य गणमान्य नागरिक की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये हैं। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान द्वारा की जाये। इन बैठकों का अनुश्रवण खंड विकास अधिकारी एवं पर्यवेक्षण सभी सहायक विकास अधिकारी करेंगे। बैठक में एएसटी सूची पढ़कर सुनाई जाएगी और उपस्थित जनसमूह द्वारा उसका सत्यापन किया जाएगा। साथ ही गांव में निवास कर रही बहुओं आदि के आवेदन पत्रों का समस्त विवरण तथा माता-पिता का नाम, निवास की ग्राम पंचायत एवं विधानसभा आदि को भरते हुए सत्यापन की कार्रवाई की जाएगी। जिन ग्रामवासियों का नाम गणना सूची में सम्मिलित नहीं है और वे नियमानुकूल ग्राम पंचायत के वोटर होने योग्य हैं, उनकी पात्रता के अनुरूप उन्हें मौके पर ही फॉर्म 6 देकर भरवा दिया जाएगा और वहीं पर सत्यापन भी कर लिया जाएगा। संबंधी ईआरओ, एईआरओ, सुपरवाइजर, जिला स्तरीय नोडल अधिकारी इन बैठकों का पूर्ण अनुश्रवण करते हे समस्त कार्यवाही सम्पादित करें।

## खबरें एक नजर में

### एसपी ने की विभिन्न कार्यों की समीक्षा, दिये निर्देश


बैठक लेंती पुलिस अधीक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा पुलिस लाइन सभागार में मंगलवार को जनपद के समस्त थाना/ कोतवाली, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियो स्क्वाड टीम अधिकारी/ कर्मचारियों की मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग के दौरान महिला हेल्प डेस्क रिजस्टर, काउंसलिंग रिजस्टर चेक किये गये तथा शिकायत निस्तारण, रोमियो स्क्वाड की सक्रियता, परिवार परामर्श प्रकोष्ठ आदि के सम्बन्ध में शत–प्रतिशत फीडबैक हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी लोग अपनी डियूटी का निर्वहन पूरी निष्ठा व लगन के साथ करें।

### पीएम सूर्यघर मुफ्त योजना की बैठक आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पीएम सूर्यघर मुफ्त योजना की बैठक बुधवार को 12 :00 बजे विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित होगी। यह जानकारी परियोजना अधिकारी यूपी नेडा राघवेंद्र सिंह ने दी।

### आशा कार्यकर्ताओं की बैठक में आभा कार्ड बनाने पर दिया गया जोर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के अस्पताल परिसर में आशा कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आशा कार्यकर्ताओं को आभा कार्ड बनाने के संबंध में निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान यह सामने आया कि नौ आशा कार्यकर्ताओं ने अभी तक अपने आभा कार्ड नहीं बनाए हैं। इस पर बीसीपीएम (ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर) प्रदीप कुमार ने सभी संबंधित कार्यकर्ताओं को कार्य में लापरवाही बरतने पर फटकार लगाई। इसके अतिरिक्त सभी आशा कार्यकर्ताओं को अपनी डायरी पूरी करने के निर्देश भी दिए गए। उन्हें बताया गया कि डायरी का कार्य समय पर पूरा किया जाना आवश्यक है। बीसीपीएम प्रदीप कुमार ने ई–कवच ऐप के उपयोग पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि कई आशा कार्यकर्ता ऐप नहीं खोलती हैं, जबकि इसे प्रतिदिन खोलना अनिवार्य है। ऐसा करने से ऐप के अपडेट समय पर प्राप्त हो सकेंगे। इस अवसर पर मुस्कान ने सभी कार्यकर्ताओं से अपना काम समय पर और पूरी लगन के साथ करने का आग्रह किया। उन्होंने किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की बात कही।

### प्रेम-प्रसंग का विरोध करने पर युवती ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रेम प्रसंग का विरोध करने से क्षुब्ध एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसी सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार थाना कमालगंज के ग्राम कुंवरपुर निवासी राम निवास की 20 वर्षीय पूजा पुत्री ने मंगलवार को फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। पूजा के पिता रामनिवास ने बताया मेरी पुत्री प्रेम प्रसंग के चलते तीन दिन पूर्व किसी लड़के के साथ चली गयी थी। परसों रात वह घर वापस आयी। जब घरवालों ने उससे पूछा, तो उसने कुछ भी बताने से इन्कार कर दिया। खाना पीना न खाकर गुमशुम बैठी रही। आज सुबह उसने दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजन उसे लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया।


पुलिस हिरासत में आरोपी

### अवैध हथियार और कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज पुलिस ने सोमवार रात एक अभियुक्त को अवैध हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 315 बोर की एक देशी रायफल और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई थाना नवाबगंज के बबना चौकी इंचार्ज राजेश कुमार के नेतृत्व में की गई। उनके साथ हेड कांस्टेबल सतेन्द्र कुमार, नंदकिशोर और किरण कुमार सहित पुलिस बल मौजूद था। पुलिस टीम सोमवार रात गश्त पर थी। इसी दौरान गांव नगला जरौनी बराकेशव निवासी दयाराम पुत्र सागर सिंह को संदिग्ध अवस्था में देखा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से देशी रायफल और जिंदा कारतूस मिले। पुलिस ने दयाराम को तत्काल गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान किया गया है।

## कल होगा शेखपुरा का ऐतिहासिक मेला

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

आज से 701 वर्ष पूर्व जब भोजपुर एक अच्छा शहर हुआ करता था और उस समय फर्रुखाबाद आबाद नहीं था। गंगा नदी के किनारे मुल्क शीशतान के बादशाह हजरत शेख मखदूम महमूद बुर्राक शाह लंगर जहां सोहरवर्दी जिन्होंने बादशाहत को ठोंकर मार दी और रुहानी दुनिया में कदम रख दिया। चौथाई संसार का भ्रमण करने के बाद अपने पीरोमुर्शिद हजरत सैय्यदना रुकने आलम अबुल फतेह मुल्तानी सोरवर्दी के हुक्म से मुल्क हिन्दुस्तान में भोजपुर तशरीफ लाये और भोजपुर में 17 जमादिउल आखिर 746 हिजरी में आपने आखिरी सांस ली और 701 वर्ष पूर्व भोजपुर में हजरत शेख मखदूम ने इसफानी दुनिया को छोड़ दिया। जहां आपकी चिल्लागाह है और 18 जमादिउल आखिर को आपको शेखपुर में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जहां आपकी आलीशान दरगाह-ए-मखदूमियां शेखपुर है। जो सदियों से कौमी एकता का संदेश देती चली आ रही है। हजरत शेख मखदूम का यह 701वां उर्स मुबारक है। जिसको छड़ियों वाले मेले के नाम से भी जाना जाता है। उर्स के इस मौके पर आज भोजपुर में वाद नमाज जोहर महफिले मीलाद-ए-पाक का आयोजन किया गया। मीलाद-ए-पाक में नातिया कलाम पेश किये गये और सलातोसलाम के नजराने पेश किये गये। नमाजे असर से पहले चिल्लागाह पर जहां आज के ही दिन हजरत शेख मखदूम का विसाल (देहावसान) हुआ था। महफिले सिमा का आगाज हुआ और कुलशरीफ हुआ।

दरगाह मखदूमिया के सज्जादानशीन हजरत अजीजुलहक गालिब मियां ने होश में आने के बाद मुल्क में अमन, चैन और खुशहाली के लिए दुआये खैर की।


मीलाद-ए-पाक में नातिया कलाम पेश करते अकीदतमंद

## महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को मिशन शक्ति फेस 5.0 के तहत जागरुक किया और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

मंगलवार को थाना शमशाबाद की एंटी रोमियो टीम और महिला सुरक्षा विशेष दल ने मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। इस दौरान उन्हें विभिन्न सरकारी हेल्पलाइन नंबरों और साइबर धोखाधड़ी से बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, साइबर हेल्पलाइन 1930. चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 जैसे महत्वपूर्ण नंबरों से अवगत कराया। उन्हें साइबर धोखाधड़ी से सुरक्षित रहने के उपाय भी बताए गए। इस जागरूकता अभियान के तहत टीम ने कस्बे के बाजारों, चौराहों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में गश्त की। उन्होंने लोगों को जानकारी वाले पत्रक भी वितरित किए। इन पत्रकों में गर्भवती महिलाओं के लिए 102, एम्बुलेंस सेवा के लिए 108 और अग्निशमन सेवा के लिए 101 जैसे अन्य आवश्यक हेल्पलाइन नंबरों का भी उल्लेख था। इसी प्रकार थाना कम्पिल/कोतवाली मोहम्मदाबाद, कायमगंज, जहानगंज में भी मिशन शक्ति के तहत जागरुक किया गया।


महिलाओं व युवतियों को मिशन शक्ति के तहत जागरुक करती पुलिस

## रोडवेज बसों में टक्कर, बसें हुईं क्षतिग्रस्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दिल्ली मार्ग पर मंगलवार सुबह दो बसों की टक्कर हो गई। यह हादसा कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के पपड़ी खुर्द गांव के पास हुआ। जिससे सड़क पर लंबा जाम लग गया और यातायात बाधित रहा। जानकारी के अनुसार कौशांबी लिखी एक अनुबंधित रोडवेज बस तेज रफ्तार में एक स्लीपर बस से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर अफरा–तफरी मच गई। कौशांबी बस के चालक जगपाल ने बताया कि उनकी बस का ब्रेक पाइप फटने से वाहन अनियंत्रित हो गया और स्लीपर बस से टकरा गया। हादसे के बाद स्लीपर बस का चालक अपने वाहन सहित मौके से फरार हो गया। गनीमत रही कि कौशांबी बस में केवल चालक और परिचालक ही मौजूद थे। जिसके कारण कोई यात्री घायल नहीं हुआ। वहीं स्लीपर बस भी मौके से चली गई। एसएसआई सुरजीत सिंह ने बताया कि बस के कागजात और अनुबंध की जांच की जाएगी। मालूम हो कि फर्रुखाबाद से बड़ी संख्या में स्लीपर बस दिल्ली सहित जयपुर के लिए दौड़ती हैं।



मौके पर खड़ी क्षतिग्रस्त दोनों बसें

## सीएमओ ने लोहिया अस्पताल में रैन बसेरा का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सीएमओ डॉ. अवनींद्र कुमार ने मंगलवार को लोहिया अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में बने रैन बसेरा, एंबुलेंस कंट्रोल रूम और सीटी स्कैन मशीन सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

सीएमओ सबसे पहले एम्बुलेंस के लिए बने कंट्रोल रूम भवन पहुंचे। वहां उन्होंने बिजली के खुले तार देखे और एक कमरे में कबाड़ भरा पाया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके बाद डॉ. अवनींद्र कुमार ने पिछले तीन दिनों से खराब पड़ी सीटी स्कैन मशीन के बारे में जानकारी ली। अस्पताल कर्मियों ने बताया कि मशीन को ठीक करने का काम चल रहा है और मंगलवार शाम तक इसके सही होने की उम्मीद है। उन्होंने कर्मचारियों से मशीन की स्थिति के बारे में भी पूछताछ की। सीएमओ ने एसएनसीयू में लगाए गए पिछले गेट का भी निरीक्षण किया। उन्हें बताया गया कि यह गेट उनके पिछले दौरे के दौरान दिए गए निर्देशों के बाद तैयार किया गया है। उन्होंने सीएमएस से ऑक्सीजन प्लांट के संचालन के संबंध में भी जानकारी ली। वहीं निरीक्षण के दौरान सीएमओ रैन बसेरा पहुंचे। जहां उन्हें ताला लगा मिला। उन्होंने तुरंत सीएमएस और संबंधित कर्मचारी को फोन कर मौके पर बुलाया। ताला खुलवाने के बाद उन्होंने अंदर की व्यवस्थाएं देखीं। जहां पांच बेड और दो रूम हीटर लगे हुए थे। निरीक्षण के बाद सीएमओ ने बताया कि रैन बसेरा में व्यवस्थाएं संतोषजनक हैं। उन्होंने कहा बेड तैयार हैं। कंबल उपलब्ध हैं और हीटर भी लगे हुए हैं। रैन बसेरा पूरी तरह से बेहतर स्थिति में है।


रैन बसेरा का निरीक्षण करते सीएमओ

## आए दिन जाम लगने की शिकायत पर ईओ नगर पंचायत से मांगा गया जवाब

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

कमालगंज तिराहा के आसपास आए दिन जाम की समस्या के कारण नगर के धर्मेंद्र वर्मा एवं विजय सिंह ने अधिशासी अधिकारी को शिकायत कर बताया कि नगर के रेलवे रोड के नजदीक में रोड पर बस वाले एवं अन्य दुकानदार फुटपाथ को घेरे हुए हैं। दुकानदार अपनी दुकानों के आगे ठेली खोमचे वालों से हजारों रुपए प्रतिमाह किराए के रूप में अवैध रूप से वसूल करते हैं। इस प्रकरण को लेकर विगत दिनों 27.10.2025 को लोक निर्माण विभाग सचिव लखनऊ को डाक द्वारा पत्र भेजा था एवं पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई थी। जिस पर सचिव द्वारा नगर पंचायत को इस मामले की जानकारी देने का हवाला दिया गया था। उसके बाद शिकायतकर्ताओं द्वारा जिलाधिकारी को भी इस मामले में अवगत कराया गया। जिनके द्वारा भी नगर पंचायत कमालगंज को निर्देशित किया गया लेकिन अभी तक फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने की कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिससे लोगों को आये दिन खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।


जाम की समस्या से दो चार होते नगरवासी

## बदलते मौसम के कारण सीएचसी में मरीजों की बढ़ी तादात

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य पर बदलते मौसम के कारण मरीजों की संख्या में भारी वृद्धि दर्ज की गई है। ओपीडी में रोजाना लगभग 230 मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।

अस्पताल पहुंचने वाले अधिकांश मरीजों में वायरल फीवर, सर्दी जुकाम, खांसी, एलर्जी और सिरदर्द जैसी शिकायतें प्रमुख हैं। सुबह से दोपहर तक अस्पताल में मरीजों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। जिससे स्वास्थ्य केंद्र पर भीड़ बनी हुई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर गौरव राजपूत ने बताया कि मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के कारण मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। उन्होंने पुष्टि की कि ओपीडी में प्रतिदिन लगभग 230 मरीज आ रहे हैं। डॉक्टर गौरव राजपूत के अनुसार अस्पताल आने वाले सभी मरीजों की आवश्यक जांच की जा रही है और उन्हें उचित दवाएं प्रदान की जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग लोगों से बदलते मौसम में सावधानी बरतने की अपील कर रहा है। इस अवसर पर मुस्कान ने सभी कार्यकर्ताओं से अपना काम समय पर और पूरी लगन के साथ करने का आग्रह किया। उन्होंने किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की बात कही।


खिड़की पर दवा लेते मरीज

# मेडिकल कालेज में ट्रांजिशनल एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में प्रथम प्रोफेशनल बीएएमएस छात्रों के लिए आयोजित आयुर्प्रवेशिका (संक्रमणकालीन पाठ्यक्रम) एवं संस्कार कार्यक्रम के 13वें दिन की शुरुआत एलटी-1 में छात्र-छात्राओं के धन्वन्तरि पूजन एवं विचार वाचन के साथ हुई।

प्रथम सत्र वैज्ञानिक लेखन एवं प्लेजरिज़्म विषय पर डॉ. आशा ने प्रस्तुत किया। डॉ. अरिमर्दन ने वदतु संस्कृतम् शीर्षक से संस्कृत वार्तालाप अभ्यास करवाया। महाविद्यालय के सह समन्वयक डॉ. अरुण कुमार पांडेय ने सह पाठ्यक्रमिक गतिविधियों, इनडोर आउटडोर खेल सुविधाओं एवं मेंटर हाउस गठन पर



कार्यक्रम में जानकारी देते सूरज दुबे

विस्तृत जानकारी दी। डॉ. कविता नेगी ने अष्टांग योग का शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव विषय पर व्याख्यान दिया। दोपहर सत्र की शुरुआत राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम पर अतिथि वक्ता सूरज दुबे (जिला सलाहकार, एनटीसीपी) के विशेष व्याख्यान से हुई। डॉ. ज्ञानेंद्र गुप्ता ने स्वास्थ्य, सत्य, सेवाः आयुर्वेद छात्र की स्वयं, समाज एवं विश्व के प्रति प्रतिबद्धता पर व्याख्यान दिया। आगामी दिवस के आउटरीच कार्यक्रम पर चर्चा डॉ. अरुण पांडेय ने की। डॉ. कविता नेगी ने माइंडफुलनेस सत्र के साथ यूजी कार्यक्रम का समापन किया। पीजी सत्र की शुरुआत डॉ. धनराज पटेल ने सिमुलेशन लैब के परिचय से हुई। मेडिकल केयर अवेलिंग पॉलिसी विषय पर अतिथि वक्ता अतुल गुप्ता ने जानकारी दी। सम्मेलन कक्ष में 2025 बैच के पीजी स्कॉलर्स द्वारा क्लिनिकल केस प्रेजेंटेशन हुआ। जिसका मार्गदर्शन डॉ. सुमन एवं डॉ. जितेन्दर गौर ने किया। पोस्ट-लंच सत्र में वैज्ञानिक लेखन एवं प्लेजरिज़्म विषय पर डॉ. शिव ओम दीक्षित ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। दिवस का समापन सम्मेलन कक्ष में डॉ. समर्पिता भट्टाचार्य ने आयुष वीज़ा के लिए स्वास्थ्य बीमा विषय पर अतिथि व्याख्यान के साथ हुआ।

# बाहर के व्यापारियों के आने से ठीक-ठाक रही आलू की बिक्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सातनपुर मण्डी में मंगलवार को आलू का भाव स्थिर रहा। आमदनी 20 हजार पैकेट रही। बिहार के अलावा कानपुर एवं फर्रुखाबाद के व्यापारियों ने मण्डी पहुंचकर आलू खरीदा। जिससे बिकवाली अच्छी रही। मंगलवार को आलू का भाव 351 रुपये पैकेट से 451 रुपये पैकेट में बिका। बाहर की मण्डियों में नये आलू की मांग को लेकर व्यापारी मण्डी में आकर डेरा जमाये है। जिस कारण आलू की बिक्री ठीक ठाक हो रही है।

आलू का भाव सामान्य होने के कारण व्यापारियों को कोई खास मुनाफा नहीं मिल रहा है। आलू के भाव में इजाफा न होने के कारण किसान मायूस है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष आलू मण्डी में अभी कम पहुंचा है। पिछले माह बारिश के कारण आलू की फसल बर्बाद हुई थी, जिस कारण किसानों ने आलू की बुवाई द्वारा की और डबल लागत होने के कारण किसान पर आर्थिक बोझा पड़ा है। जिससे किसान को बाजिव मूल्य न मिलने के कारण आलू में घाटा हो रहा है।



मण्डी में आलू लोड करते पल्लेदार

# खगऊ गौशाला में फैली अवस्थायें, गाय हो रहीं बीमार



खुले आसमान के नीचे बैठी गायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उद्योग व्यापार मण्डल के युवा नगर अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव ने मंगलवार सुबह खगऊ गौशालाओं की सुविधाओं की जानकारी हेतु पहुंचे। गौशाला में पहुंचने के बाद सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। सुविधा के नाम पर स्पष्ट दिखायी दिया कि सर्दी में गाय खुले आसमान के नीचे बैठी मिली। उनके रहन सहन के लिए टीनशेड एवं ढकाव की कोई व्यवस्था नहीं है। चार दिन पूर्व सीडीओ की अध्यक्षता में गोवंश आश्रय स्थलों पर ठण्ड से बचाव हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर

**▸ योगी सरकार के आदेशों का जिम्मेदार लगा रहे है पलीता**

सचिव प्रधान पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे। गौशालाओं की अच्छे से देखरेख हो, उसके बाद भी सर्दी के मौसम में गायें खुले आसमान के नीचे बैठ रही है। कई गाय ठंड से बीमार हो रही है और गायों के साथ अप्रिय घटना हो रही है। जिसकी जिम्मेदारी किसकी होगी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। अंकुर श्रीवास्तव ने मांग की है कि गायों के लिए सुविधायें मुहैया करायी जायें। उन्होंने बीडीओ व सचिव से वार्ता कर जानकारी दी कि गायों को मिलने वाली सुविधायें शीघ्र उपलब्ध न करायी गई तो युवा व्यापार आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। जिसकी जिम्मेदारी गौशाला संबंधित लोगों की होगी।




सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाते कांग्रेसी

## कांग्रेसियों ने मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला कांग्रेस कार्यालय नगला दीना फतेहगढ़ पर जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षा व सांसद सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाया। सभी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर मिठाई खिलाकर उनके दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर प्रवक्ता वरुण त्रिपाठी, हिलाल शफीकी, अम्मार अली, धर्मेंद्र शाक्य, मनोज कुमार, अखलेश, सद्दाम हुसैन, जीशान कुरैशी, दीपांशु मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल ने कायमगंज में ट्रेनों के ठहराव की उठायी मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री व संरक्षक शंभू शरण अग्रवाल ने दिल्ली पहुंचकर सांसद मुकेश राजपूत से कायमगंज में लम्बी दूरी ट्रेन के ठहराव की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। कायमगंज के व्यापारियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री ने सांसद मुकेश राजपूत को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि कायमगंज रेलवे स्टेशन पर लंबी दूरी की ट्रेनों की मांग रखते हुए और कायमगंज प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ाने के लिए, रेलवे स्टेशन की रोड पर घंटो जाम में फंसे रहने से नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में ओवर ब्रिज स्वीकृति होने के बावजूद भी अभी तक निर्माण नहीं किया गया है, इस संबंध में जल्द कार्यवाही करने की मांग की। उन्होंने कुछ नई ट्रेनों की मांग को पत्र में शामिल किया है। लॉन्ग रूट की गाड़ी 13168, 13169 जो आगरा से कोलकाता के बीच चलती है, उसके भी ठहराव की मांग की। साथ ही प्लेटफार्म पर लंबाई के साथ-साथ लाइट व्यवस्था की भी मांग की गई है। कायमगंज स्टेशन रात्रि में जगमग हो जाए। पूर्व में भी ज्ञापन दिया जा चुका है। कायमगंज में तम्बाकू, पक्का, आलू आदि की पैदावार होती है। ट्रेनों के ठहराव से व्यापारियों का सहायता मिलेगी और राजस्व बढ़ेगा। छपरा व लखनऊ, प्रयागराज आदि गाड़ियों को प्रतिदिन चलाये जाने की मांग की।




सांसद मुकेश राजपूत का स्वागत करते आदेश

# श्रीकृष्ण ने राक्षसी पूतना का किया वध, लगे जयकारे

**▸ भक्तों ने सुनी लंका दहन की कथा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गंगानगर में चल रही श्रीमद् भावगत कथा के छठवें दिन धार्मिक अनुष्ठान के अन्तर्गत श्रीमद् भावगत एवं श्रीराम चरित मानस ज्ञान सप्ताह यज्ञ के कथा व्यास आचार्य शिवशरन अग्निहोत्री ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की कथा का मनुहारि वर्णन किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि संकटासुर, वकासुर, अघासुर और पूतना वध की कथा में बताया कि कंस द्वारा बालक कृष्ण को मारने के लिए तमाम राक्षस भेजे गये। भगवान ने सबको एक-एक कर मार दिया। कृष्ण को मारने के लिए एक दिन गोकुल पूतना राक्षसी आयी। जिसके कोई संतान न हो, पूतना ने अपने स्तनों में विष लगा लिया और यशोदा के यहां पालने में लेटे बालक कृष्ण को खिलाने के बहाने ले गयी और चुपचाप स्तनपान कराने लगी। बालक कृष्ण ने पूतना के वृक्ष स्तन में लात लगाकर स्तनों को मुंह लगाकर प्राघान्त कर दिया। इस प्रकार पूतना का अंत हुआ। कृष्ण की बाल लीलाओं में एक दिन कृष्ण ने मिट्टी खा ली तो मइया ने उनका मुंह खोला, मुंह खोलने पर पूरा ब्रह्माण्ड देखकर मईया यशोदा आश्चर्य चकित हो गयी। वहीं मानस वक्ता रामबाबू पाठक ने सुंदर काण्ड की कथा सुनाई। उन्होंने सुंदर काण्ड में आठ बार अपने सुंदर शब्द की व्याख्या करते हुए कहा कि जब जावंत ने हनुमान जी को उनका बल याद दिलाया तो हनुमान जी तैयार हुए और प्रभु श्रीराम को मन में रखकर चल पड़े, तो सबसे पहले एक निशाचरी मिली, जो छाया को पकड़कर खा जाती थी। उसने हनुमान को पकड़ना चाहां, हनुमान दोगुने अवतार के होते चले गये। अंत में छोटे होकर उसके कान से निकल गये। लंकनी नाम की राक्षसनी मिली, हनुमान ने उनको एक मुठिका मारकर स्वर्गलोग पहुंचा दिया। पूरी लंका के प्रत्येक मंदिर को देखा, लेकिन सीता माता नहीं दिखी। फिर एक भवन को देखा, जिसमें राम-राम लिखा था, तुलसी के पेड़ लगे थे। उसमें रहने वाले विभीषण ने राम-राम कहकर नींद त्यागी। विभीषण से मिलकर हनुमान अशोक वाटिका में सीता जी से मिले और राम की अंगूठी देकर कथा बतायी। फिर भूख से व्याकुल हनुमान ने आज्ञा लेकर फल खाना शुरु किया और सारी वाटिका को उजाड़ दिया। राक्षसों से युद्ध हुआ। अक्षय कुमार ने उन्हें ब्रह्मफांस में बांधकर बंदी बना लिया और रावण के सामने पेश किया गया। जहां हनुमान जी पूंछ में आग लगा दी गई और उन्होंने लंका में आग लगाकर लंका दहन कर दिया। संचालन महेश पाल सिंह उपकारी ने किया। इस अवसर पर दिलीप अग्निहोत्री, भोला अग्निहोत्री, मैकूलाल, अमित बाजपेयी, प्रभुदयाल, जगन्नाथ टंडन, अभिषेक अग्निहोत्री, सर्वेश अवस्थी, मनोज अग्निहोत्री, ब्रह्मानंद मिश्रा, अमर पाल सिंह, ऋषि पाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।




कथा सुनाते रामशरन अग्निहोत्री व रामबाबू पाठक

# भाकियू स्वराज जिलाध्यक्ष ने दबंगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन स्वराज के जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा के नेतृतव में कलेक्ट्रेट पहुंचकर किसान नेता ने डीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि नगर पंचायत नवाबगंज के नगला जोधा निवासी किरन पाल, जयपाल व दिलीप कुमार पुत्र गंगाराम की मौजा गनीपुर जोगपुर में चांदपुर रोड पर गाटा संख्या 1249 में पांच बीघा जमीन है। जमीन को हम लोग कम होने पर 10 नवम्बर को उपजिलाधिकारी कायमगंज के निर्देश पर जमीन राजस्व टीम के द्वारा पैमाइश की गई। जिस पर ग्राम बरतल निवासी सावित्री देवी व उनके पुत्र बृजमोहन आदि लोग कब्जा किये थे। जिसे राजस्व टीम द्वारा कब्जा मुक्त कराया गया। उसके बावजूद भी दबंगई दिखाते हुए उन्होंने खेत के चारों तरफ लगे तार तोड़कर फेंक दिये और हम लोगों को मारापीटा। थाना नवाबगंज में एफआईआर दर्ज की गई है। अभी तक किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं की गई है। उन लोगों ने धमकी दी है कि खेत के पास दिखायी दोगे तो गोली मार देंगे, जिस कारण हम लोग भयभीत होकर खेत के पास नहीं जा रहे है। मामले को संज्ञान में लेकर कार्यवाही करने की मांग की है।



ज्ञापन देने जाते किसान नेता

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन 12 दिसम्बर को



बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में 12 दिसम्बर को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की तैयारियों की समीक्षा की।

डीएम ने निर्देशित किया कि सामूहिक विवाह की समस्त तैयारियां समय से पूर्ण कर ले, लगाये जाने बाले पंडाल की अग्निशमन विभाग, विद्युत सुरक्षा व लोक निर्माण विभाग से एनओसी प्राप्त कर ले, विवाह स्थल पर अग्निशमन विभाग को फायर टेंडर लगाने, नगर पालिका को साफ सफाई की व्यवस्था करने, पानी के टैंकर लगाने व मोबाइल शौचालय लगाने के लिये निर्देशित किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी को विवाह स्थल पर मेडिकल कैम्प लगाने व एम्बुलेंस लगाने के लिये निर्देशित किया गया। विद्युत विभाग को पंडाल की वायरिंग चेक करने व पीडब्ल्यूडी को मंच की स्ट्रैंथ चेक करने के निर्देश दिये गये। ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर को पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था करने, समाज कल्याण अधिकारी को फोटोग्राफी व ड्रोन की व्यवस्था करने, नाश्ते, खाने व समान वितरण के लिये पर्याप्त काउंटर लगाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, जिला विकास अधिकारी व संवंधित मौजूद रहे।

# जिनका नाम सूची में नहीं है, उनके भरवाये जायेंगे फार्म-6

**▸ डीएम ने निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की बैठक में दिये निर्देश**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के सम्बन्ध में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में एनआईसी में समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि 10 दिसम्बर को जनपद के प्रत्येक मतदेय स्थल पर बीएलओ/बीएलए की बैठक आहूत की जायेगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बीएलओ/बीएलए की मीटिंग में बूथ स्तर पर सम्बन्धित ग्राम प्रधान, कोटेदार, पंचायत सेक्रेटरी, सुपरवाइजर तथा नगरीय क्षेत्र में सभासद आदि उपस्थित रहेगें। बीएलओ-बीएलए की बैठक की उपस्थिति एवं मिनट फोटोग्राफ के साथ एकत्रित किए जायेगें तथा उसे ईआरओ के माध्यम से जिला निर्वाचन कार्यालय में जिला निर्वाचन अधिकारी की बेवसाइट पर अपलोड करने हेतु उपलब्ध कराया जायेगा। डीएम ने समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि अपने-अपने दल के समस्त बीएलए को उक्त् बैठक में उपस्थित रहने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें। बीएलए अपने बीएलओ से अनट्रेसेवल मतदाताओं की सूची प्राप्त कर उनका सत्यापन करने का कष्ट करें, यदि किसी सही मतदाता का नाम अनट्रेसेवल की सूची में आ गया है तो उसे बीएलओ के माध्यम से तत्काल ठीक कराने हेतु उपलब्ध कराऐं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उक्त बैठक के दौरान यदि कोई व्यक्ति ऐसा पाया जाता है, जिसका नाम वर्तमान निर्वाचक नामावली में नहीं हैं तो उससे फार्म-6 भरवा लिया जाए। बैठक में भाजपा से मुकेश् गुप्ता, सपा से सुभाष् चन्द्र शाक्य, सीपीआई (एम) से सुनील कटियार, बसपा से आरडी बोद्ध एवं आम आदमी पार्टी से अकुश सिंह तथा कांग्रेस पार्टी से वरूण त्रिपाठी उपस्थित रहें।



बैठक लेते डीएम

## बंगश खां वेलफेयर सोसायटी ने स्थापना दिवस की मांगी अनुमति



ज्ञापन देने के दौरान जानकारी देते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नवाब मोहम्मद खान बंगश वेलफेयर सोसायटी के द्वारा 27 दिसम्बर को फर्रुखाबाद स्थापना दिवस के अवसर पर बंगश के मकबरे पर पुष्प अर्पित हेतु जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। फर्रुखाबाद गजेटियर तथा अन्य राजकीय अभिलेखों में लिखित विवरण के अनुसार फर्रुखाबाद शहर की 27 दिसम्बर 1714 को नवाब मोहम्मद बंगश के द्वारा की गई थी। स्मृति में प्रतिवर्ष स्थापना दिवस का आयोजन हयातबाग में नेकपुर खुर्द गुरुगांव देवी के पास पीछे मकबरे में साधारण आयोजन किया जाता रहा है। जिसमें डीएम के अलावा अन्य अधिकारियों की उपस्थिति होती रही है। ऐसे में मांग की गई है कि जश्ने फर्रुखाबाद कार्यक्रम की गरिमा में अनुमति प्रदान की जाये। साधारण सभा में मजार पर पुष्प अर्पित, गुलपोशी एवं सेमिनार कार्यक्रम का आयोजन होता है।

जिसमें गणमान्य लोग आकर कुर्बान होने वाले शहीदों की स्मृति में विचार रखते है। इस मौके पर युनूस अंसारी, जवाहर सिंह गंगवार, समीम खां, वसीमुजमा खां आदि लोग मौजूद रहे।

# बिना जीएसटी प्रपत्र के 55.20 लाख की सुपारी ले जाते पकड़ा ट्रक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने माल वाहनों के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान बिना राज्य कर प्रपत्र सुपारी ढोते हुये 01 ट्रक संचालित पाया।

जिसमें 55.20 लाख मूल्य की सुपारी लदी थी। एआरटीओ ने दूरभाष पर अमित त्यागी सहायक आयुक्त (राज्य कर) सचल दल फतेहगढ़ से इस ट्रक के राज्य कर भुगतान का सत्यापन कराया गया तो उनके द्वारा अवगत कराया गया कि वाहन में लदी सुपारी का जीएसटी जमा नहीं है। प्रस्तुत किये गये बिल के अनुसार वाहन में लदा माल दिल्ली से गुवाहटी (असम) जा रहा था, परन्तु यह जनपद में सेन्ट्रल जेल से अल्लागंज की ओर जाते हुये एआरटीओ आफिस के पास पकड़ा गया। ट्रक को अमित त्यागी सहायक आयुक्त राज्य कर सचल दल फतेहगढ़ को सुपुर्द कर दिया गया तथा उनके द्वारा ट्रक को सातनपुर मण्डी में सीज कर



पकड़े गये ट्रक के प्रपत्र चेक करते परिवहन कर्मी

**▸ बकाया कर के अभियोग में पांच ट्रक भी सीज**

दिया गया है। परिवहन विभाग द्वारा इस ट्रक पर रू0 10 हजार का जुर्माना लगाया गया तथा राज्य कर विभाग द्वारा रू0 5.52 लाख का कर/शास्ति सम्भावित है। इसके अतिरिक्त 5 ट्रकों कों रू0 65 हजार के बकाया कर के अभियोग में सीज किया गया तथा 1 ओवरलोड ट्रक भी सीज किया गया। 02 ट्रक में रिफ्लेक्टिव टेप न लगा होने के अपराध में सीज किया गया। परिवहन विभाग द्वारा की कार्यवाही में 10 वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 1.23 लाख का जुर्माना तथा 65 हजार टैक्स लगाया गया।

# सांसद खेल स्पर्धा के तहत संगम इलेविन व रायल क्लब फर्रुखाबाद ने जीते मैच

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में सांसद खेल स्पर्धा के अन्तर्गत क्रिकेट मैच में मंगलवार को उद्घाटन भाजपा नेता वीरेन्द्र सिंह राठौर व जिला क्रीड़ाधिकारी कर्मवीर सिंह यादव ने क्रिकेट मैच के आयोजक व सचिव मोहन लाल अग्रवाल के साथ खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। अभिषेक बाजपेयी, अमित सक्सेना, पुष्कर मिश्रा आदि लोग भी मौजूद रहे। पहला मैच संगम इलेविन और नाइट रायडर्स फतेहगढ़ के बीच खेला गया। संगम इलेविन ने बैटिंग को चुना और निर्धारित ओवर में 180 रन बनाये। जबाव में उतरी टीम 145 रन पर ही आलाउट हो गयी। संगम इलेविन क्लब अगले राउंड में पहुंच गया। दूसरा मैच फर्रुखाबाद रायल क्लब और यंग स्टार के मध्य खेला गया। रायल क्लब फर्रुखाबाद ने निर्धारित ओवर में 120 रन बनाये। जबाव में उतरी यंग टीम 60 रन पर ही ढेर हो गयी। रायल क्लब फर्रुखाबाद 60 रनों से जीती। अंपायर रफीकुल अंसारी, प्रमोद शुक्ला रहे। स्कोरिंग सुहानी राठौर ने की। व्यवस्था आयोजक सचिव मोहन लाल अग्रवाल ने देखी।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते भाजपा नेता वीरेन्द्र सिंह राठौर

# घर में आग लगने से लाखों का सामान राख

**मजदूर परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़, 10-12 लोगों के सामने रोजी-रोटी का संकट**



फत्तेपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

थाना मैगलगंज क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी में एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जब ग्राम निवासी छोटे लाल राज के घर में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। अचानक भड़की लपटों ने कुछ ही मिनटों में पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया, जिसके कारण घर में हाहाकार मच गया। आग की भयावहता इतनी अधिक थी कि ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बावजूद सब कुछ जलकर खाक हो गया। आग में घर में रखी मोटरसाइकिल, परचून की दुकान का पूरा सामान, घरेलू आवश्यक दस्तावेज, राशन सामग्री और गृहस्थी के अन्य कीमती सामान पूरी तरह जलकर राख हो गए। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार पीड़ित परिवार को इस हादसे में लाखों रुपये का भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

छोटे लाल राज मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं और उन पर लगभग 10 से 12 लोगों की जिम्मेदारी है।

ऐसे में घर और सामान के साथ-साथ दुकान भी जल जाने से परिवार के सामने रोजी-रोटी का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है, जिससे गांव में शोक और चिंता का माहौल व्याप्त है। आग पर काबू पाने के लिए ग्रामीणों ने पूरी कोशिश की, लेकिन जब तक लपटें शांत हुईं, तब तक घर की हर वस्तु तहस-नहस हो चुकी थी। हादसे ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है, वहीं पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे आने को मजबूर है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि छोटे लाल राज के परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे दोबारा जीवन की शुरुआत कर सकें और खाने-रहने की गंभीर समस्या से राहत पा सकें। गांववासियों का कहना है कि समय रहते मदद मिलना बेहद जरूरी है, क्योंकि परिवार पूरी तरह बर्बादी के कगार पर पहुंच चुका है।

## मैगलगंज में अतिक्रमण बना दुर्घटना का कारण

**मैगलगंज खीरी।** मुख्य चौराहे पर मंगलवार को अतिक्रमण के कारण बड़ा हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार डीसीएम ने बाइक सवार परिवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार कुलदीप पुत्र रामनेश निवासी हुसेनापुर, उनके पुत्र सत्य, तथा लगभग 7 वर्षीय मासूम बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद डीसीएम चालक मोटरसाइकिल को करीब 500 मीटर तक घसीटता हुआ भगा ले गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और तत्काल तीनों घायलों को महोली सीएचसी भेजा गया स्थानीय लोगों ने बताया कि मुख्य चौराहे पर बढ़ते अतिक्रमण के कारण आए दिन हादसों का खतरा बना रहता है।

## लखीमपुर सदर ब्लॉक में हुआ ठेकों में खेल!

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर ब्लॉक में 80 प्रतिशत टेंडर एक ही फर्म को मिलने का मामला चर्चा में है। ब्लाक लखीमपुर में लंबे समय से ठेकों के बंटवारे में पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय ठेकेदारों और जानकारों का कहना है कि विकास कार्यों के ज्यादातर टेंडर लगभग एक ही फर्म के नाम कर दिए जाते हैं, जबकि शेष कुछ सीमित फर्मों के बीच अन्य काम बांटे जाते हैं। इस तरह लगभग 80 प्रतिशत कार्य एक ही फर्म तक सीमित होने का आरोप सामने आया है, जिससे प्रतिस्पर्धा और निष्पक्षता दोनों पर संकट खड़ा होता दिख रहा है। आरोप यह भी है कि टेंडर प्रक्रिया को अधिक सार्वजनिक न होने देने के लिए विज्ञप्तियां ऐसे गुमनाम या कम प्रसार वाले अखबारों में प्रकाशित करवाई जाती हैं, जिनके बारे में अधिकतर ठेकेदार और स्थानीय कारोबारी जानकारी ही नहीं रखते। इससे टेंडर की सूचना व्यापक स्तर पर उपलब्ध नहीं हो पाती और अवसर वही फर्में ले जाती हैं जिनके पास पहले से ब्लॉक स्तर पर जानकारी पहुंच जाती है। यह स्थिति न केवल प्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगाती है बल्कि उन नए या अन्य योग्य ठेकेदारों के लिए अवरोध पैदा करती है जो ईमानदारी से प्रतिस्पर्धा करना चाहते हैं।

मामले पर जब ब्लॉक लखीमपुर सदर के जूनियर इंजीनियर नीरज वर्मा से यह पूछा गया कि जिन अखबारों में टेंडर प्रकाशित किए जा रहे हैं क्या वे अखबार वे स्वयं जानते या पढ़ते हैं, और क्या ब्लॉक में वास्तव में इनका प्रसार है, साथ ही यह भी कि टेंडरों का 80 प्रतिशत काम एक ही फर्म को क्यों दिया जा रहा है, तो उन्होंने कहा कार्यालय आइए तब बात की जाएगी। बीडीओ सदर के सीयूजी नंबर पर बात की गई तो बताया कि पूर्ण जानकारी नहीं है। ठेकेदारों और क्षेत्र के लोगों का मानना है कि यदि टेंडर की सूचना मान्यता प्राप्त और अधिक पढ़े जाने वाले अखबारों में प्रकाशित की जाए तथा वेबसाइट और नोटिस बोर्ड पर भी उचित रूप से उपलब्ध कराई जाए, तो प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, कार्य की गुणवत्ता बेहतर होगी और सरकारी धन का उपयोग वास्तविक रूप से विकास में परिवर्तित हो सकेगा।

## गुरु तेगबहादुर जी की 350वीं शहीदी समागम पर श्रद्धा की उमड़ी बयार

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** अलीगंज हंडेला स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा परिसर में साहिब श्री गुरु तेगबहादुर जी की 350वीं शहीदी समागम पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सुबह से ही परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। कीर्तन, अरदास और सेवा के बीच वातावरण पूरी तरह भक्ति-रस में डूबा दिखाई दिया। कार्यक्रम के दौरान विधायक अमन गिरि गुरुद्वारा पहुंचे, जहां उन्होंने मत्था टेककर गुरु घर का आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक ने बाबा मोहन सिंह अमरिया सुंदर बाड़ी को प्रणाम किया और बाबा गुरनाम सिंह से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने प्रसाद भी ग्रहण किया। संगत द्वारा गुरु तेगबहादुर जी के सर्वोच्च बलिदान को भावपूर्ण ढंग से स्मरण किया गया। श्रद्धालुओं ने बताया कि गुरु तेगबहादुर जी का जीवन त्याग, साहस और धर्म की रक्षा का प्रेरणास्रोत है।

## देश का असली निर्माता मजदूर है : दल सिंगार

**बांदा।** असंगठित मजदूर मोर्चा की प्रदेश स्तरीय जन संगोष्ठी शहर के महोखर बाईपास स्थित जमुनी पुरवा में एक मैरिज लॉन में संपन्न हुई। कार्यक्रम में सैकड़ों असंगठित मजदूर जुटे। जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर प्रसाद की अध्यक्षता एवं अरविजय प्रसाद के संचालन में चले इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष दल सिंगार ने कहा, मजदूरों की असली गुलामी वहीं से शुरू होती है, जहां से वह अपने हक और अधिकार के लिए सवाल-जवाब बंद कर देता है। उन्होंने बताया कि देश में करीब 65 करोड़ असंगठित मजदूर हैं और 93 प्रतिशत आबादी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से असंगठित क्षेत्र से होने वाली आय पर निर्भर है। मानव तस्करी और बंधुआ मजदूरी के 90 प्रतिशत शिकार दलित-आदिवासी समुदाय के लोग हैं। दल सिंगार ने कहा, देश का असली निर्माता मजदूर है। हमें एकजुट होकर वंचितों के सर्वांगीण विकास में अपनी भूमिका निभानी होगी राष्ट्रीय महामंत्री वर्षा भारती ने खासकर असंगठित क्षेत्र की महिलाओं से गुलामी छोड़कर अपने हक-अधिकारों के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया।

# कंक्रीट एफसी व बड़बानी एफसी ने दर्ज की जीत

**विधायक अमन गिरि की उपस्थिति में अतिथियों का स्वागत कर हुआ माल्यार्पण**



गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर समृद्धि न्यूज।

स्वर्गीय श्री राजेंद्र गिरि स्मारक स्टेडियम में स्वर्गीय अरविंद गिरि की स्मृति में आयोजित आल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दिन भी रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों को बांधे रखा। खेल कौशल, टीम स्पिरिट और उत्साह से भरे मुकाबलों ने पूरे दिन वातावरण को जीवंत बनाए रखा। दिन के पहले मुकाबले में कंक्रीट एफसी कुशीनगर पडरौना और न्यू स्टार एफसी दिल्ली आमने-सामने उतरीं। शुरुआत से ही कुशीनगर की टीम ने शानदार तालमेल दिखाया और लगातार आक्रामक खेल पेश किया। नतीजतन कंक्रीट एफसी ने यह मैच 03-00 के अंतर से अपने नाम कर लिया।

इस मौके पर डॉक्टर्स एसोसिएशन से डॉ. अभिषेक मेहरोत्रा, डॉ. ध्रुव नारायण पुरवार, डॉ. देवराज वर्मा, डॉ. जे.पी. जायसवाल, डॉ. वैभव जायसवाल, डॉ. मधुकर गिरी, डॉ. योगराज वर्मा, डॉ. रामनरेश वर्मा, डॉ. आलोक वर्मा, डॉ. सूर्यप्रकाश वर्मा, डॉ. रवि वर्मा और डॉ. अनुपम कुमार बाला बतौर अतिथि मौजूद रहे। टूर्नामेंट कमेटी के संरक्षक विधायक अमन गिरि की उपस्थिति में अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण कर किया गया।

दूसरा मैच बड़बानी एफसी (मध्यप्रदेश) और रेडिकल एफसी अमृतसर (पंजाब) के बीच खेला गया। खेल की शुरुआत से ही मध्यप्रदेश की बड़बानी टीम ने मैदान पर पकड़ बनाए रखी और शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबला 03-00 से जीत लिया। इस मैच में रोटरी क्लब सेंट्रल से प्रमोद वर्मा, सचिव दिनेश गुप्ता (दिन्नू), पूर्व अध्यक्ष राजीव राजपूत, उमेश जायसवाल, खालिद रियाज और कोषाध्यक्ष विवेक गुप्ता अतिथि के रूप में शामिल हुए।

# किसानों का गन्ना लौटाना बर्दाश्त नहीं: अंजनी दीक्षित

**चीनी मिल प्रबंधन पर भड़के किसान, आंदोलन की दी चेतावनी**

गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर समृद्धि न्यूज।



राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष अंजनी कुमार दीक्षित ने बजाज चीनी मिल गोला गोकर्णनाथ द्वारा किसानों का गन्ना वापस किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए चीनी मिल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की ट्राली या बैलगाड़ी को वापस करना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि मिल प्रबंधन ने अपनी मनमानी नहीं रोकी तो किसान आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।अंजनी दीक्षित ने कहा कि प्रत्येक वर्ष गन्ना विकास समिति और चीनी मिल सर्वे कराकर किसानों के खेतों में उपलब्ध गन्ना प्रजाति के आधार पर सट्टे जारी करती है और उसी के अनुसार पर्चियां दी जाती हैं। ऐसे में गन्ना लौटाने का प्रश्न ही नहीं उठता। यदि किसी किसान के पास अस्वीकृत प्रजाति है तो उसकी तौल अस्वीकृत श्रेणी में की जानी चाहिए, न कि गन्ना वापस करने की कार्रवाई। उन्होंने कहा कि एक ट्राली गन्ना सप्लाई में किसान को करीब 8,000 रुपये तक का खर्च आता है, कई किसान तो कर्ज लेकर किसी तरह मिल तक गन्ना पहुंचाते हैं। ऐसे समय में गेहूं व सरसों की बुवाई के लिए खेत खाली करने की मजबूरी में किसान पहले से ही परेशान हैं। ऐसे में मिल द्वारा गन्ना लौटाना किसानों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है।

अंजनी दीक्षित ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसान पौधा गन्ना लाते हैं तो मिल उन्हें नोटिस देकर स्पष्ट सूचना जारी करे, प्रचार-प्रसार करे। लेकिन ट्राली या बैलगाड़ी वापस करना किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि यही स्थिति रही तो आने वाले समय में किसान गन्ना देना बंद कर देंगे और जनवरी में मिल के यार्ड में धूल उड़ती नजर आएगी।

जिला अध्यक्ष ने यह भी कहा कि मिल प्रबंधन को किसानों को बेचे गए गन्ने का भुगतान समय से सुनिश्चित करना चाहिए। यदि किसानों का शोषण हुआ तो इसका खामियाजा मिल प्रबंधन और गन्ना विकास विभाग को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि शासन को पूरे मामले की शिकायत ट्विटर के माध्यम से भेजी गई है। यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन बड़ा आंदोलन करेगा, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह गन्ना विभाग और चीनी मिल प्रबंधन की होगी।

# बेल के वृक्ष पर खिले 'बौर' जैसे फूल, लोग बोले, यह दिव्य संकेत

गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर समृद्धि न्यूज।



गोला गोकर्णनाथ में एक ऐसा अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जिसने लोगों में आश्चर्य और आस्था दोनों ही भाव जगा दिए। नगर निवासी होतीलाल रस्तोगी (पत्रकार) के मकान के सामने स्थित बेल (बिल्व) वृक्ष पर अचानक आम के बौर की तरह दिखने वाले फूलों का आगमन हुआ। सामान्य तौर पर बेल के पेड़ पर इस स्वरूप के फूल नहीं आते, ऐसे में इस अनोखे प्राकृतिक दृश्य को देखने के लिए राहगीरों और पड़ोसियों की भीड़ जुट गई। लोगों का मानना है कि यह दृश्य किसी चमत्कार से कम नहीं। कई लोगों ने इसे शुभ संकेत बताते हुए वृक्ष के नीचे श्रद्धापूर्वक मत्था टेका और जल अर्पित किया। हिन्दू धर्म में बेल वृक्ष का विशेष स्थान माना गया है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार बेलपत्र भगवान शिव को अत्यंत प्रिय होता है। स्कंद पुराण और शिव पुराण में इसका विस्तृत वर्णन मिलता है कि बेल वृक्ष घर के पास होना शुभता, समृद्धि और शांति का सूचक माना जाता है। धार्मिक ग्रंथों में यह भी उल्लेख है कि यदि बेल वृक्ष पर असामान्य रूप से फूल आएं या उसमें कोई चमत्कारिक परिवर्तन दिखे, तो इसे दैवी कृपा का संकेत माना जाता है।स्थानीय लोगों ने कहा कि उन्होंने आज तक बेल के पेड़ पर इस प्रकार के फूल नहीं देखे। आम के बौर जैसे गुच्छेदार पुष्प देखकर कई लोगों ने इसे प्राकृतिक चमत्कार बताया। वृक्ष के आसपास दिनभर लोगों का आना-जाना लगा रहा। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह दृश्य अत्यंत दुर्लभ है। कुछ बुजुर्गों ने बताया कि पुरानी मान्यताओं के अनुसार ऐसे संकेत घर-परिवार में शुभ कार्यों के आगमन, सकारात्मक ऊर्जा और शांति का प्रतीक होते हैं। बेल के वृक्ष पर आए इन अनोखे 'बौरनुमा' पुष्पों ने पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना दिया है। लोग इसे प्रकृति का अनूठा चमत्कार मानते हुए इसकी तस्वीरें भी खींच रहे हैं।

# पुलिस ने की गुंडा एक्ट में कार्रवाई छह माह के लिए किया जिला बदर



ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।

जिला अधिकारी न्यायालय के आदेश पर खमरिया पुलिस ने मंगलवार को भट्ठीपुरवा निवासी महेंद्र दीक्षित को छह माह के लिए जिला बदर कर दिया। पुलिस टीम ने खमरिया के मुख्य चौराहे पर ढोल-नगाड़े के साथ मुनादी कराते हुए आरोपी को नोटिस की प्रति थमाई और जिले की सीमा से बाहर भेजा। जानकारी के अनुसार, जिला अधिकारी न्यायालय में वाद सरकार बनाम महेंद्र दीक्षित के तहत उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 में आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की गई। आदेश में महेंद्र दीक्षित पुत्र श्यामानंद दीक्षित, निवासी भट्ठीपुरवा मजरा बसढिया को छह माह की अवधि के लिए जिला बदर करने का निर्देश दिया गया था। खमरिया पुलिस ने आदेश का अनुपालन करते हुए मुनादी की कार्रवाई की और आरोपी को कड़ी चेतावनी दी।

# ओवरलोड ट्रक से हाईटेंशन पोल ढहा

सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।

तहसील निघासन के थाना सिंगाही क्षेत्र स्थित बस अड्डे पर मंगलवार को बड़ा हादसा होने से टल गया। बेलरायां की ओर जा रहे गन्ना लदे ओवरलोड व ओवरहाइट ट्रक की चपेट में आकर हाईटेंशन लाइन का बिजली पोल अचानक सड़क पर गिर पड़ा, जिससे एक पल के लिए पूरे बस अड्डे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

गनीमत यह रही कि हादसे के दौरान हाईटेंशन लाइन में करंट प्रवाहित नहीं था, अन्यथा बड़ा और जानलेवा हादसा हो सकता था।

बताया गया कि ट्रक में गन्ना जरूरत से ज्यादा ऊंचाई तक लदा था और बस अड्डे के पास ट्रक के मुड़ते समय ऊंचा लदान हाईटेंशन तारों में फंस गया। तेज गति के दबाव से विद्युत पोल उखड़कर धड़ाम से सड़क पर गिर पड़ा, जिसके कारण मार्ग कुछ देर के लिए बाधित हो गया और यात्रियों में दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस मार्ग से हर दिन ऐसे ऊंचे और ओवरलोड ट्रक गुजरते हैं, और परिवहन विभाग की लापरवाही के कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। हादसे की सूचना



पर सिंगाही पुलिस और बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तुरंत कार्रवाई करते हुए बाधित मार्ग को साफ कर यातायात को सुचारु कराया। क्षेत्रवासियों ने संबंधित अधिकारियों से मांग की कि ओवरलोड और ओवरहाइट ट्रकों पर सख्त प्रतिबंध लगाया जाए तथा नियमित निरीक्षण अभियान चलाया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# नारी शक्ति समाज की दिशा तय करने वाली चेतनाशक्ति: निधि द्विवेदी

बांदा, समृद्धि न्यूज।



सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कालेज शास्त्री नगर में आज सप्त शक्ति संगम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मातृशक्ति में निहित सात मूल शक्तियों कीर्ति, वाक्य, स्मृति, मेधा, धृति, क्षमा और श्री को जागृत कर समाज और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सप्तशक्ति क्षेत्र संयोजिका निधि द्विवेदी ने कहा कि मातृ शक्ति परिवार की आधारशिला के साथ ही संस्कार, शिक्षा और सामाजिक दिशा प्रदान करने वाली चेतना शक्ति है।

उन्होंने कहा कि सप्त शक्ति का उद्देश्य महिलाओं के भीतर आत्मगौरव और कर्तव्य बोध को जागरूक कर पंच परिवर्तन जिसमें स्व-बोध, पारिवारिक प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्य जैसे मूल बिंदु शामिल हैं, उसके विचारों को परिवार से समाज तक ले जाना है। उन्होंने कहा कि जब परिवार संस्कारवान और जागरूक होता है, तब समाज के प्रत्येक स्तर पर समरसता और सकारात्मक परिवर्तन संभव होता है। श्रीमती निधि द्विवेदी ने यह भी कहा कि डिजिटल युग की चुनौतियों में माताओं की भूमिका और महत्वपूर्ण हो गई है। बच्चों में मूल्य आधारित शिक्षा, सामाजिक दिशा, पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और नागरिक कर्तव्य के संस्कार मातृ शक्ति ही प्रदान कर सकती है। यही पंच परिवर्तन की मूल भावना भी है। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंगलाचरण और दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति दी, जिसमें भारतीय संस्कृति में मातृ शक्ति के महत्व को प्रदर्शित किया गया। इसके बाद संगोष्ठी सत्र में मातृ शक्ति की भूमिका पर विचार प्रस्तुत किए गए, जिनमें प्रमुख विषय रहे। पारिवारिक मूल्य और संस्कार, स्वदेशी और भारतीय सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, और नागरिक कर्तव्य। सप्तशक्ति प्रान्त संयोजिका डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की, सनातन संस्कृति प्रश्नोत्तरी के माध्यम से बहनों से रुचिकर चर्चा की। साथ ही प्रान्त में आगामी समय में होने वाली मातृ गोष्ठियों और गतिविधियों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की। डॉक्टर अर्चना भारती जी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, विशिष्ट अतिथि अमिता द्वारा समाज सेवा और शिक्षा क्षेत्र में सक्रिय मातृशक्तियों को सम्मानित किया गया।

# बाल भिक्षावृत्ति के विरुद्ध चलाया विशेष अभियान

बांदा, समृद्धि न्यूज।



पुलिस अधीक्षक जनपद बांदा पलाश बंसल निर्देशन आज थाना मानव तस्करी निरोधी इकाई चाइल्ड हेल्पलाइन, साथी संस्था, ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान आदि की संयुक्त टीम द्वारा शहर क्षेत्र में बाल श्रम व बाल भिक्षावृत्ति के विरुद्ध सघन चेकिंग एवं जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान शहर क्षेत्र के कालूकुआं, बाबूलाल चौराहा, अतर्रा चुंगी, मेडिकल रोड इत्यादि भीड़-भाड़, दुकानों, होटलों, रेस्टोरेंट व सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग की गई । अभियान के दौरान लोगों को बाल भिक्षावृत्ति, बाल श्रम आदि न कराने हेतु जागरुक किया गया। दुकानों, होटलों आदि पर मौजूद यात्रियों को मानव तस्करी, बाल श्रम/बाल भिक्षावृत्ति, बच्चा चोरी, जहर खुरानी आदि की सूचना विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों- चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098, डायल यूपी-112, या मानव तस्करी निरोधी इकाई के सीयूजी नम्बर-7839862477 पर दें । साथ ही बताया गया कि बाल विवाह न करने एवं गांव/मोहल्ले में यदि कोई बाल विवाह हो रहा हो तो इसकी सूचना सरकारी हेल्पलाइन नंबर अथवा नजदीकी पुलिस स्टेशन पर सूचित करने की सलाह दी गई। अभियान के दौरान 05 नाबालिक बच्चे गैर-खतरनाक श्रेणी में बाल श्रम करते हुए पाये गये। सम्बन्धित दुकान/ होटल मालिको को श्रम विभाग द्वारा नोटिस/चालान किया गया साथ ही बताया गया कि भविष्य में कोई दुकानदार/होटल मालिक यदि बच्चों से बाल श्रम कराते हुए पाया गया तो उपरोक्त के विरुध्द नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। अभियान के दौरान एएचटीयू उनि अनिल कुमार उपाध्याय, श्रम अधिकारी बांदा दुष्यंत कुमार, आरक्षी प्रशांत यादव एवं ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान बांदा से शिवम यादव आदि मौजूद रहे।

## पन्ना टाइगर रिजर्व से फिर आई खुशख़बरी

**नरैनी/बांदा।** पन्ना टाइगर रिजर्व बाघों से गुलजार है जहाँ पर्यटकों को बाघ के आसानी से दीदार हो जाते है। बतादें कि वर्ष 2008-09 में बाघ विहीन हो चुके पन्ना टाइगर रिजर्व में अब एक सैकड़ा के क़रीब बाघ हो चुके है। वहीं आज सोमवार 8 दिसंबर को पहली बार बाघिन पी-142 को अपने तीन शावकों के साथ विचरण करते देखा गया है। जिसका वीडियो नागपुर से आए पर्यटकों ने बनाया और गाइड अरुण यादव ने सोशल मीडिया में साँझा किया। उल्लेखनीय है की मडला के साथ साथ हिनौता गेट से भी पर्यटकों को खूब बाघों के दीदार हो रहे है आज रोमांचित वीडियो बाघिन के साथ शावकों को देखा गया जो पन्ना टाइगर रिजर्व प्रबंधन के साथ वन्य जीव प्रेमियों व पन्ना जिलेवाशियों के लिए अत्यंत ख़ुसी की बात है पन्ना टाइगर रिजर्व में बढ़ती बाघों की संख्या से बाघों की साइटिंग से पन्ना का पर्यटन और बढ़ेगा।

# स्टपनी चोरी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



बांदा, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा चोरी, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना नरैनी पुलिस द्वारा 06 घण्टें के भीतर आटो रिक्शा की स्टपनी मय टायर चोरी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि थाना नरैनी क्षेत्र के ग्राम भवई के रहने वाले संजय द्वारा 9 दिसंबर 25 को नरैनी पर सूचना दी कि बीती रात्रि को घर के सामने से रामहित नाम के व्यक्ति द्वारा आटो की स्टपनी मय टायर चोरी कर लिया गया था । काफी खोजबीन करने के पश्चात चोरी का सामान न मिलने पर आज लिखित सूचना देने आया हूं । सूचना पर थाना नरैनी में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। इसी क्रम में आज थाना नरैनी पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को भवई मोड़ से गिरफ्तार किया गया, मौके से आटो रिक्शा की स्टपनी मय टायर बरामद हुआ। पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम रामहित पुत्र चतुरेश निवासी भवई थाना नरैनी जनपद बांदा है।

## क्लर्क की नौकरी दिलाने के नाम पर दो बेरोजगार युवकों से 15 लाख की ठगी

**बांदा।** नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगार युवकों से 15 लाख रुपये की ठगी का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। पीड़ितों की तहरीर पर थाना मटौंध पुलिस ने आरोपी विनोद कुमार पुत्र बाबू यादव, निवासी ग्राम अछरौंड, के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जितेंद्र कुमार पुत्र रमेश, निवासी जवाहर नगर (कोतवाली नगर) व उसके साथी हीरू पुत्र राकेश कुमार ने आरोप लगाया कि फरवरी 2025 में उनकी मुलाकात विनोद कुमार से हुई थी। विनोद ने स्वयं को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से जुड़ा प्रभावशाली व्यक्ति बताते हुए बांदा व चित्रकूट के इंटर कॉलेजों में बाबू के दो पद खाली होने की बात कही। इसी विश्वास पर दोनों ने 15 लाख रुपये की बड़ी रकम उसके बताए खातों में ट्रांसफर कर दी। पीड़ितों के अनुसार, विनोद कुमार ने सितम्बर माह में दोनों को नियुक्ति पत्र भी सौंपे और कहा कि वे राजकीय इंटर कॉलेज बांदा व राजकीय इंटर कॉलेज चित्रकूट में जाकर जॉइन कर लें। लेकिन जब दोनों कॉलेजों में पता किया गया तो यह खुलासा हुआ कि ऐसी कोई नियुक्ति निकली ही नहीं थी और न ही कोई पद खाली था। नियुक्ति पत्र पूरी तरह फर्जी पाए गए। पैसे वापस मांगने पर विनोद कुमार कथित रूप से गाली-गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकियां देने लगा। ठगी की गई रकम विभिन्न खातों में जमा कराई गईकृजिसमें आरोपी का खुद का खाता 11 लाख, उसके पिता के खाते में 1.50 लाख, सूरज भान यादव को 1 लाख, विक्रम कश्यप को 1 लाख और मोहम्मद अख्तर के खाते में 50 हजार रुपये भेजे गए। थाना मटौंध प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ितों की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी, धमकी एवं संगठित ठगी से संबंधित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है और संबंधित खातों की लेन-देन की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# अवैध गांजे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अभियुक्त के कब्जे से 1600 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद**

बांदा, समृद्धि न्यूज।



पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कमासिन पुलिस द्वारा अवैध सूखे गांजे के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना कमासिन पुलिस को रात्रि गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा बताया गया कि एक व्यक्ति सूखा गांजा मोटरसाइकिल से इटर्रा बार्डर होते हुए कमासिन व आस-पास जगहो में ले जा कर विक्रय करता है।

सूचना पर पुलिस द्वारा इटर्रा बार्डर में चेंकिग लगाकर एक संदिग्ध व्यक्ति को इटर्रा पुल के पास रोक लिया गया। व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ करते हुए तलाशी ली गई तो मोटरसाइकिल की डिग्गी से अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ। पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए थाना कमासिन में अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम सुनील पुत्र मूलचन्द्र निवासी ओझानगर लोहरा थाना कमासिन जनपद बांदा है।